सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 12 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 12, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**जल्द चार लाख डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारत**

भारत की ऊर्जा सुरक्षा वर्ष 2027 के अनुमानित लक्ष्य से काफी पहले ही चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के राष्ट्रीय प्रयासों को गति देगी। } 14

**विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में शामिल होंगे प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेंगे और पूरा दिन इसमें शामिल प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित किया जा रहा है। } 16

संक्षेप

### दिल्ली चुनाव : भाजपा ने जारी की दूसरी सूची

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात को 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना, मादीपुर (अजा) से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जमीन हड़पने के मामले में पुलिस निरीक्षक बर्खास्त

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय साहनी ने एक खनन माफिया की जमीन कथित तौर पर जबरन अपनी पत्नी के नाम कराने वाले एक पुलिस निरीक्षक नरेश कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पुलिस ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार आरोपी पुलिस निरीक्षक ने सहारनपुर जिले के पूर्व विधान परिषद सदस्य (पूर्व एमएलसी) व खनन माफिया हाजी इकबाल की 91.40 लाख रुपये कीमत की लगभग 49.06 बीघा जमीन अपनी पत्नी के नाम करा ली। निरीक्षक नरेश कुमार पर आरोप है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए यह जमीन अपनी पत्नी के नाम बैनामा कराया।

### चीनी मांझे से सिपाही की गर्दन कटी, मौत

शाहजहांपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह मोटरसाइकिल से जा रहे एक सिपाही की गर्दन चीनी मांझे से कट गई जिससे उसकी मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार सागर ने बताया कि थाना कोतवाली अजीजगंज में सड़क पर मोटरसाइकिल से जा रहे सिपाही शाहरुख खान (28) की गर्दन में चीनी मांझा उलझ गया और जिसके चलते उसकी गर्दन कट गयी। गंभीर हालत में पुलिस ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही शाहरुख खान पुलिस लाइन में तैनात था और अमरोहा के बल्दाना हीरा सिंह गांव का रहने वाला था।

# पूरे देश को जोड़ रही नयी अयोध्या : योगी

## श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की पूजा-अर्चना

### राम और राष्ट्र एक दूसरे के पूरक : सीएम

करुणाकर दुबे

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम राष्ट्र के प्रतीक हैं। राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं। दोनों को अलग करके नहीं देखा जा सकता, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक इन्हीं आराध्य देवों के कारण आज भारत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को आगे बढ़ाया जा रहा है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि उस अभियान का हिस्सा बनें।

श्रीराम लला के श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में राम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता व संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान व उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण- प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के उपरांत अपनी बातें रखीं। अंगद टीले में हुए कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर





अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### रामलला के श्रीचरणों में योगी ने झुकाया शीश

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। सीएम ने जन्मभूमि पथ पर खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी ने साधु-संतों के साथ भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने रामकथा पार्क पर मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

## साथ रहने के आदेश का पालन न करने पर भी पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि एक महिला को अपने पति के साथ रहने के आदेश का पालन नहीं करने के बाद भी उस स्थिति में पति से भरण-पोषण का अधिकार दिया जा सकता है जब उसके पास साथ रहने से इनकार करने का वैध और पर्याप्त कारण हो।



प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस सवाल पर कानूनी विवाद का निपटारा कर दिया कि क्या वैवाहिक अधिकारों की बहाली का आदेश रखने वाला पति महिला द्वारा साथ रहने के आदेश का पालन न किए जाने की स्थिति में कानून के आधार पर अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने से मुक्त है। पीठ ने कहा कि इस संबंध में कोई सख्त नियम नहीं हो सकता और यह हमेशा मामले की परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए। इसने कहा कि यह व्यक्तिगत मामले के तथ्यों पर निर्भर करेगा और उपलब्ध सामग्री तथा सबूतों के आधार पर यह तय करना होगा कि क्या साथ रहने के आदेश के बावजूद पत्नी के पास पति के साथ रहने से इनकार करने का वैध और पर्याप्त

## डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी, ड्रोन देश के लिए बड़ी चुनौती : शाह

### सरकार ने मादक पदार्थों के कई नेटवर्कों का किया खत्मा, उनसे जुड़े आतंकवाद पर भी लगायी लगाम

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और ड्रोन देश के लिए चुनौती बने हुए हैं और इनको लेकर सख्त कदम उठाने होंगे। शाह ने मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर यहां एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि राष्ट्र मादक पदार्थ की बिल्कुल भी तस्करी देश के अंदर या बाहर नहीं होने देगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने न केवल मादक पदार्थों के कई नेटवर्क को खत्म करने में सफलता पायी है, बल्कि उनसे जुड़े आतंकवाद को भी नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश में नार्को-आतंकवाद के कई मामलों का



भंडाफोड़ किया गया है और ये बड़ी उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, ड्रोन का इस्तेमाल आज भी हमारे लिए चुनौती बना हुआ है। शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा और विकास के लिए राज्यों और केंद्र सरकार तथा टेक्नोक्रेट के संयुक्त प्रयासों से इन समस्याओं का तकनीकी समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई को नयी ताकत मिली है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में मादक पदार्थ की जब्ती में सात गुना वृद्धि हुई है जो एक बड़ी उपलब्धि है। मोदी सरकार ने सख्त कार्वाई के जरिये मादक पदार्थ के पूरे तंत्र को नष्ट करने का कड़ा संदेश दिया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि 2024 में 16,914 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त करके देशभर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ सबसे बड़ी कार्वाई की, जो नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा नशे की लत से ग्रस्त युवा पीढ़ी के साथ कोई भी देश विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर इस चुनौती से लड़ें और इस लड़ाई को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करें। शाह ने कहा कि 2004-2014 के दौरान कुल 3.63 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए, जबकि 2014-2024 के दौरान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युवाओं को अब विदेश जाने की जरूरत नहीं

### स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर लगातार आगे बढ़ रहा देश

जिला संवाददाता

मेरठ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि आज युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं है। सिंह ने आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कोई भी काम छोटे मन से न करें, बल्कि मन बड़ा रखें क्योंकि मन बड़ा होगा तो सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। सिंह ने कहा आज अगर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है।



हमारे देश के हीरो हमारे युवा हैं। कोरोना महामारी में हमने चुनौतियों को एक अवसर के रूप में देखा जिससे भारत स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर लगातार आगे बढ़ रहा है। दीक्षांत समारोह में राजनाथ सिंह का स्वागत आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता, प्रति कुलाधिपति डॉ. मयंक अग्रवाल ने किया। राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए तीन पी यानि पेशेंस, पर्सिस्टेंस औ2353ी प्रीजर्वेंस का मंत्र दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही अगर आप में प्रतिभा है, दृढ़ इच्छाशक्ति है, स्पष्ट दृष्टि और कठिन परिश्रम करने की क्षमता है तो कोई भी आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अच्छे विचार के साथ आने वाले विद्यार्थियों के लिए संसाधनों और अवसरों की कमी नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा आज सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर भारत के लोगों और वैज्ञानिको द्वारा बनाए जा रहे हैं। हम उनका केवल उपयोग ही नहीं कर रहे हैं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी निर्यात करने का कार्य कर रहे हैं। एक लाख 30 हजार स्टार्टअप ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तीन आतंकवादी गिरफ्तार एके-47, हथियार बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किए हैं। पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी तीन आतंकवादी हाल ही में एक सेना के शिविर पर हमले में शामिल थे। इस हमले के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक आतंकवादी पहले भी गिरफ्तार हो चुका था और हाल ही में रिहा हुआ था। पुलिस ने बताया कि इन आतंकवादियों के पास से एक अङ-47 राइफल, एक मैगजीन, 13 राउंड, एक पिस्टल, पिस्टल के राउंड, पिस्टल का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 2047 तक नशामुक्त होगा भारत

### नशे के सौदागरों पर कार्यवाही के लिए सख्त कानूनों का प्रावधान : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में वर्चुअल प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में मादक पदार्थों की रोकथाम के संबंध में की गयी प्रवर्तन कार्वाई, विशेष अभियानों और लक्ष्यों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के अपने संकल्प पर हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और वर्ष 2047 तक विकसित भारत और नशामुक्त भारत बनाने में सहयोग करने के लिए राज्य में अनेक स्तर पर विविध प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि




मादक तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों विषय आपस में जुड़े हुए हैं। युवा का नशे की ओर जाना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा बल्कि सामाजिक विघटन का भी कारण बन सकता है। इसी को देखते हुए राज्य में संस्थागत, प्रवर्तन और जागरूकता तीनों स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। मादक पदार्थों की तस्करी और इसके अवैध व्यापार में लगे हुए पेशेवर अपराधियों पर शक्ति से नकेल कसी जा रही है। एंटी नार्कोटिंग टास्क फोर्स के माध्यम ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- शिकायतों के निस्तारण में बहराइच अव्वल (पृष्ठ-02)
- प्रदर्शनी प्रतियोगिता का पंजीकरण 15 से (पृष्ठ-02)
- भाजपा बिधूड़ी को सीएम पद का बनायेगी उम्मीदवार (पृष्ठ-14)
- अर्थव्यवस्था थोड़ा कमजोर रहने की आशंका (पृष्ठ-14)
- आप विधायक की गोली लगने से मौत (पृष्ठ-14)


विशेष खबर **नई दिल्ली में बारिश से गिरा तापमान, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में ठंडक बढ़ने की संभावना**

## पहाड़ों पर जारी बर्फबारी व बारिश से मैदानों में बढ़ेगी सर्दी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को कई इलाकों में सुबह से ही गुनगुनी धूप हुई और सर्द रात के बाद दिन में लोगों को राहत मिली। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई से मौसम फिर करवट लेगा और तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी से भी मौसम करवट लेगा और ठंड बढ़ने की संभावना है। इस बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम को हल्की बारिश हुई और शहर का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह शहर में कोहरे की मोटी परत छाने के कारण दृश्यता कम हो गई और रेल परिचालन प्रभावित हुआ है जिससे 45 रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा जो



मौसम के औसत से तीन डिग्री कम है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई के असर से मौसम का मिजाज बदलेगा और उत्तर प्रदेश में दो दिन पूरब से पश्चिमी तक बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार के लिए उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। राजधानी लखनऊ में हल्की धूप खिली और गलन से राहत मिली। यहां भी पुरवाई चलने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से पुरवाई चलेगी और दो दिन विभिन्न जगहों पर हल्की से मध्यम बूंदाबांदी के संकेत हैं। इसके बाद तापमान में फिर से उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुरव आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## कन्नौज रेलवे स्टेशन पर गिरा लिंटर, 40 घायल

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिये जांच के आदेश



जिला संवाददाता

कन्नौज, 11 जनवरी (भाषा) उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन दो मंजिला एक इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में 40 से अधिक मजदूर दब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मलबे में कई ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पारदर्शिता के साथ हो रहा नये लाभार्थियों का चयन

## पीएम आवास के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालें निभा रहीं अहम भूमिका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन और आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा पारदर्शी और जनहितैषी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए, आवास प्लस के नए मानकों के अनुसार लाभार्थियों का चयन तेज गति से किया जा रहा है। इस पहल में ग्राम चौपालें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है।

- गरीबों को आवास देने के लिए तेजी से हो रहा सर्वेक्षण
- प्रत्येक शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर रही योगी सरकार

**ग्राम चौपालों के माध्यम से हो रही है पारदर्शी चयन प्रक्रिया :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में हर शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन शुरू किया है। इन चौपालों में ह्लगांव की समस्या-गांव में समाधानह्व के सिद्धांत पर कार्य करते हुए, ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामवासियों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी सुनिश्चित कर रही है।

चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन तेजी से हो रहा है। इसके लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण शुरू किया गया है, जिसमें आवास प्लस एप का उपयोग किया जा रहा है। यह एप न केवल चयन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी सुगम बना रहा है।



**आवेदन प्रक्रिया में सरलीकरण और तकनीकी सुधार पर सरकार का जोर :** पहले लाभार्थियों को योजना का लाभ पाने के लिए कार्यालयों में जाकर ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। अब सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। इच्छुक आवेदक पीएमएवाई मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में जमा करने होंगे, जहां उनका सत्यापन किया जाएगा।

ग्राम चौपालों के जरिए इस प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां योजना की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं।

**ग्राम चौपालों के माध्यम से व्यक्तिगत, सार्वजनिक समस्याओं का हो रहा समाधान :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सरकार गांवों की जमीनी समस्याओं को हल करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम कर रही है। ग्राम चौपालों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। चौपालों के जरिए योजना से जुड़ी सभी जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तहसील और थाना दिवसों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों और लाभों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, जिलों में लाभार्थी चयन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, जिससे सभी पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जा सके।

**सभी के लिए आवास का सपना हो रहा साकार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए आवास के दृष्टिकोण को साकार करने में योगी सरकार का यह प्रयास एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि हर गरीब को उनके जीवन का एक स्थायी ठिकाना मिले। इस योजना के तहत न केवल उन्हें छत प्रदान की जा रही है, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य का विश्वास भी दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का यह पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की सबका साथ, सबका विकास की सोच को मजबूत कर रहा है। ग्राम चौपालों के जरिए जनजागरूकता और पारदर्शिता की यह पहल न केवल ग्रामीण विकास को गति दे रही है, बल्कि गरीबों के लिए सभी के लिए आवास के सपने को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।

# स्नान पर्वों के साथ सामान्य दिनों के लिए भी सभी जिलों से हो बसों की सुविधा : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

- महाकुम्भ के लिए 7000 अतिरिक्त बसें चलाने की यूपी रोडवेज ने की है तैयारी, मेला तक ले जाने के लिए शटल बसें भी चलेंगी
- मुख्यमंत्री ने की यूपी रोडवेज की तैयारियों की समीक्षा
- कहा-नहीं होनी चाहिए ओवरलोडिंग, किराया वही लें जो तय है

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे महाकुंभ अवधि हेतु सभी जनपदों से प्रयागराज हेतु बसों का संचालन किया जाए, साथ ही बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों के अतिरिक्त भी पूरी महाकुंभ अवधि में सभी जनपदों से बसों का संचालन प्रयागराज के लिये होना चाहिए। श्रद्धालुओं को यात्रा में कोई समस्या ना हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों का सेवन किसी भी बस चालक/परिचालक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही, प्राइवेट बसों के लिए यह सुनिश्चित किया जाये कि ना तो निश्चित किराया से ज्यादा किराया लिया जाये ना ही निश्चित क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग हो।

बता दें कि महाकुम्भ में सभी श्रद्धालुओं के सुगम-सनज संगम स्नान के लिए यूपी रोडवेज द्वारा 7000 बसें चलाई जाने की तैयारी है, वहीं मेला क्षेत्र के लिए 550 शटल बसें भी चलाई जा रही हैं। बैठक में परिवहन मंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडी परिवहन की उपस्थिति रही।



प्रयागराज महाकुंभ में उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा स्थापित कैंप का उद्घाटन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

# सर्विस डिलीवरी और लोक शिकायतों के निस्तारण में बहराइच अव्वल

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर देश में 19 से 24 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाता है सुशासन सप्ताह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेशवासियों की लोक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण एवं समय से सर्विस डिलीवरी देने को लेकर काफी गंभीर रहती है। इसको लेकर सीएम समय-समय पर बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहते हैं। इसी के तहत सुशासन सप्ताह-24 के अवसर पर पूरे देश में बहराइच ने ढाई लाख से अधिक लोक शिकायतों का निस्तारण और 11 लाख से अधिक सर्विस डिलीवरी देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लोक शिकायतों के निस्तारण में मेरठ दूसरे तो तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर रहा है। वहीं सर्विस डिलीवरी देने में सिद्धार्थनगर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर रहा है।

- योगी सरकार के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर लोक शिकायतों को किया जा रहा है निपटारा
- बहराइच ने एक हफ्ते में 66 हजार से अधिक लोक शिकायतों के मामलों का किया निस्तारण
- लोक शिकायतों के निस्तारण में मेरठ दूसरे तो सिद्धार्थनगर रहा तीसरे स्थान पर




**प्रदेश में सर्विस डिलीवरी के निपटाये गये 11,04,722 मामले :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश में 19 से 24 दिसंबर के बीच सुशासन सप्ताह बनाया जाता है। सुशासन सप्ताह की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सुशासन सप्ताह के अवसर पर प्रदेश ने कुल 11,04,722 आवेदन सर्विस डिलीवरी के निपटाए जबकि 2,89,174 लोक शिकायतों का समाधान राज्य शिकायत पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इनमें पूरे प्रदेश में सर्विस डिलीवरी के सबसे अधिक बहराइच ने 3,05,499 आवेदनों का निस्तारण कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सिद्धार्थनगर ने 2,55,425 मामलों का निपटारा कर दूसरा और बरेली ने 52,701 आवेदन निपटारा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा मेरठ ने 47,654, सीतापुर ने 41,272 और इटावा ने 34,370 मामलों को निपटारा कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

**बहराइच ने 66,283 लोक शिकायतों का किया गया निस्तारण :** सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर लोक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में बहराइच ने 66,283 शिकायतों का समाधान कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं मेरठ ने 50,106 मामलों का निस्तारण कर दूसरा और सिद्धार्थनगर ने 35,904 शिकायतों का निवारण कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा इटावा ने 35,379, फतेहपुर ने 13,817 और सुल्तानपुर ने 9,311 शिकायतों का समाधान कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

# प्रदर्शनी प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का पंजीकरण 15 से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 08, 09 व 10 फरवरी को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में किया जायेगा। प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं तथा पब्लिक पार्क आदि के उद्यान एवं प्राचीन व ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का ऑनलाइन/ऑफलाइन पंजीकरण 15 से 30 जनवरी तक किया जायेगा।

- प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 8 से 10 फरवरी में राजभवन प्रांगण में होगी आयोजित
- विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता की जजिंग 01 व 02 फरवरी को होगी

निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ. वीबी द्विवेदी ने अपेक्षा की है कि इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमी/समस्त प्रतिभागी अपने-अपने उद्यानों व गृहवाटिकाओं को भली-भांति तैयार कर लें। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 जनवरी को शाम 5:00 बजे तक पंजीकरण http://upflowershowlko.com पर ऑनलाइन तथा कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में ऑफलाइन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत उद्यानों तथा गृहवाटिकाओं के विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता की जजिंग का कार्य 01 व 02 फरवरी को निर्णायक टोलियों द्वारा किया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ से (फोन नं. - 0522-2975506) पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# 2027 में हम यूपी की सत्ता में होंगे: अविनाश पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर पांचवे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ब्रज जोन के शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, फरूखाबाद, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, अलीगढ़, कासगंज, मथुरा, हाथरस जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने ली। बैठक में ब्रज जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, वरिष्ठ नेता व सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और पूर्व विधायक संजय कपूर, विवेक बंसल भी मुख्य रूप से शामिल रहे।

- अजय राय ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, हमें संघर्ष से 2027 में सड़क से सदन तक का सफर तय कर लेना है
- ब्रज जोन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



बैठक में आये हुए इन जिलों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गयी, जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये। उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह एक जिलाध्यक्ष/शहर अध्यक्ष पद के लिए इतनी भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस बैठक में भाग ले रहे हैं वह बता रहा है कि 35 सालों से भी सरकार में नहीं रहने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आई है। एक-एक जिले से 80 से 100 तक भी साथियों ने इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश किया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के इस जोश से उम्मीद जाग गयी है कि 2027 में हम फिर से अपने मुकाम पर होंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने याद दिलाया कि 1977 में जब विभिन्न ताकतों ने कांग्रेस के विरूद्ध बहुत ही खराब माहौल बना दिया था और हम हारे थे। उसके बावजूद विधानसभा चुनाव में आगरा सहित कई जिलों ने कई-कई विधायकों को जिताकर कांग्रेस की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया था। मैं चाहता हूं आज एक बार फिर उसी जोश के साथ आरएसएस और भाजपा की जनविरोधी और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए हमें सड़क से सदन तक सफर हर हालत में तय कर लेना है।

# भाजपा सरकार में किसानों की हो रही उपेक्षा : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों और उपेक्षात्मक रवैये से किसानों की फसल और जमीन लुट रही है। यह सरकार किसानों की जमीन और फसलों की कौड़ियों के भाव छीन कर अपने मित्र उद्योगपतियों के हवाले कर रही है। बड़े व्यवसायी और उद्योगपति किसानों की फसलों और जमीन को सस्ते में खरीद कर जबरदस्त मुनाफा कमा करके मालामाल हो रहे है। वहीं किसान बर्बाद होता जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को उनकी फसलों के पैदावार के लिए न खाद, बीज दे पा रही और न बिजली-पानी की व्यवस्था कर पा रही है। सरकार जनता का पैसा और समय नष्ट कर रही है। विभिन्न योजनाओं के कार्यो के बजट बढ़ाकर लूट का गोरखधंध चलाया जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन इस सरकार के पास किसानों के लिए कुछ नहीं है। आखिरकार सरकार कहां सोयी हुई है और किसानों के लिए इतनी संवेदनहीन क्यों है? अभी पिछले महीने गेहूं, चना, सरसों, आलू की बुआई के लिए यह सरकार डीएपी खाद की व्यवस्था नहीं कर पायी। अब इन्हीं फसलों के लिए यूरिया तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। प्रदेश में कई जगह सहकारी समितियों पर यूरिया नहीं है। भाजपा सरकार की नीति और नीयत किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य भी नहीं दे रही है। किसान अपनी फसलों को औने-पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है। गन्ना पेराई सत्र आधा से ज्यादा बीत चुका हैं लेकिन इस सरकार ने गन्ना मूल्य अभी तक घोषित नहीं किया है। आखिर चीनी मिलें किस कीमत पर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही है। सरकार गन्ना किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। महंगाई बढ़ने से गन्ने की खेती का लागत मूल्य काफी बढ़ गया है।

# पशुपालन से जुड़ी महिलाओं पर बरसेगी बाबा गोरखनाथ की कृपा

## गोरखपुर मंडल की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए हुआ है श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का गठन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की एक खास पहल ने गोरखपुर मंडल में नारी स्वावलंबन का नया दौर शुरू किया है। इस पहल का संवाहक बनी है महिलाओं की ओर से, महिलाओं के लिए ही बनी श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी।

- आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं, सालभर में 431 बन गई लखपति दीदी

इस कंपनी का गठन दूध उत्पादन, संकलन के क्षेत्र में नजीर बनी बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की तर्ज पर किया गया है। दो साल पहले गठित और सालभर से क्रियाशील श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी में मंडल के 400 गांवों की 14000 से अधिक पशुपालक महिलाएं सदस्य (शेयरहोल्डर) बन चुकी हैं। इन महिला सदस्यों के जरिये प्रतिदिन 48000 लीटर दूध का संग्रह कर आत्मनिर्भरता की कहानी रची जा रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बन रही कार्ययोजना से अगले दो साल में महिलाओं की यह मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी प्रतिदिन 300000 लीटर दूध का संग्रह करने में सक्षम हो जाएगी। यूपी में महिलाओं की ओर से संचालित मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी का उत्कृष्ट मॉडल बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी है।

2019 में सिर्फ पांच महिलाओं की ओर से शुरू किए गए इस कंपनी में वर्तमान में 71000 महिलाएं शेयरहोल्डर हैं। बलिनी के जरिये प्रतिदिन 250000 लीटर दूध का संग्रहण होता है। इस कंपनी ने 1225 करोड़ रुपये का टर्नओवर करके 24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। बलिनी में महिलाओं की सफल भागीदारी देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला समर्थ योजना के अंतर्गत प्रदेश में पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी बनाने के निर्देश दिए थे। इनमें से एक कंपनी श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी का गठन 2022 में गोरखपुर में किया गया है। इस कंपनी का कार्यक्षेत्र मंडल के चार जिलों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया और कुशीनगर है। इस मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी ने विगत एक साल से कार्य करना शुरू किया है और इस कम अवधि में ही चारों जिलों में 400 गांवों की 14000 से अधिक महिलाएं शेयरहोल्डर बनकर प्रतिदिन 48000 लीटर दूध का संग्रह कर रही हैं।



इस कंपनी ने गोरखपुर के कैम्पियरगंज, खजनी, बड़हलगंज, देवरिया के रुद्रपुर, पथरदेवा, भाटपार और कुशीनगर के कसया में दूध अवशीतन केंद्रों (मिल्क चिलिंग सेंटर्स) भी खोल दिया है जहां गांवों में सदस्य महिलाओं द्वारा संग्रहित दूध को प्रोसेस किया जा रहा है। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी और इसके सात मिल्क चिलिंग सेंटर्स का औपचारिक लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों गोरखपुर में ग्रामीण आजीविका मिशन के एक खास समारोह में किया था। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि अभी कंपनी की शेयरहोल्डर महिलाओं की ओर से संग्रहित दूध की आपूर्ति मदर डेयरी की इटावा और मोतिहारी प्लांट को किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर दूध की आपूर्ति के लिए गोरखपुर के गीडा में स्थापित पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज और ज्ञान डेयरी से भी बातचीत चल रही है। सीईओ के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिक से अधिक पशुपालक महिलाओं को शेयरहोल्डर बनाने और दूध संग्रह बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों की मदद ली जा रही है। पूरी उम्मीद है कि मार्च 2025 तक शेयरहोल्डर की संख्या मंडल के पांच सौ गांवों में कम से कम 20000 तथा प्रतिदिन दूध संग्रह 70000 लीटर हो जाएगी। कंपनी ऐसी कार्ययोजना पर काम कर रही है जिससे अगले दो साल में दूध संग्रह प्रतिदिन 300000 लीटर हो जाए। कंपनी को अपना काम आगे बढ़ाने में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड का भी सहयोग मिल रहा है। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की शेयरहोल्डर बनकर पशुपालक ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ चुकी हैं। दूध उत्पादन और संग्रह के कार्य से जुड़कर वे आय अर्जित कर पारिवारिक आमदनी में इजाफा करने में सक्षम हो रही हैं। इस कंपनी के सीईओ धनराज साहनी बताते हैं कि सालभर में ही कंपनी की 431 शेयरहोल्डर महिलाएं लखपति दीदी बना चुकी हैं। इन सभी ने एक लाख से अधिक का आय अर्जित किया है। दो महिलाएं तो ऐसी भी हैं जिन्होंने सालभर में 12 लाख की आय अर्जित की है।

# प्रमुख सचिव ने महाकुंभ और यूपी दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से महाकुंभ और यूपी दिवस पर की जा रही तैयारियों की शनिवार को प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने समीक्षा की। उन्होंने महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को यहां के धार्मिक आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, प्रसिद्ध व्यंजन, शिल्प आदि से परिचित कराने का निर्देश दिया। ताकि आगंतुक यूपी की विशिष्टता का अनुभव ले सकें। इसके साथ ही 24 जनवरी से 26 जनवरी तक ड्रोन शो कराने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धर्म, अध्यात्म, प्राकृतिक सौंदर्यता, खान-पान, हस्तशिल्प के लिए उत्तर प्रदेश विश्व में प्रसिद्ध है। महाकुंभ को हमें अवसर के रूप में लेना चाहिए। देश दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को राज्य की विशेषताओं का अनुभव कराना चाहिए। इसके लिए बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार आवश्यक।

संक्षेप

## अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र इंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके सबमर्सिबल के कमरे का ताला तोडकर चोरी की घटना अंजाम दी। चोरों ने कमरे से झटका मशीन, चार्जर, बैट्री आदि पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया हैं। इधर थाना क्षेत्र के कोल मुस्तफाबाद निवासी महेन्द्र सिंह ने भी शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर सबमर्सिबल मशीन की चोरी की बात कही है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी बतायी जाती है।

## आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

**प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भदारी कला सरदार का पुरवा निवासी रामसजीवन की पत्नी कुसुम देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जनवरी को सुबह सात बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री मीना वर्मा शौच को गयी थी। काफी देर बाद वह घर वापस नही लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। पीड़िता ने आशंका जतायी है कि उसकी पुत्री का अज्ञात ने अपहरण कर लिया है। तहरीर के आधार पर शनिवार को पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आरोपियों के खिलाफ जालसाजी का केस

**प्रतापगढ़।** वृद्ध के साथ धोखाधड़ी को लेकर पुलिस ने शनिवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी विंध्यवासिनी तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को लालगंज की बैंक आफ इण्डिया शाखा मे तीन आरोपियो ने उसके साथ जालसाजी की। बैंक से निकाले उसके पचास हजार रुपए हनुमान मंदिर के पास झांसा देकर ले लिया। बदले में आरोपियो ने डेढ़ लाख रुपए बताकर उसे कपड़े में लिपटा कागज की गडडी पकड़ा दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि पुलिस द्वारा बैंक के सीसी फुटेज भी खंगाले गये। अभी तक पुलिस आरोपियो की पहचान नही कर सकी है।

## वृद्धा की इलाज के दौरान मौत, पीएम को गया शव

**प्रतापगढ़।** घर में अकेली वृद्धा के चोट लगने से मौत को लेकर शनिवार को इलाके में हडकंप का माहौल दिखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए देर शाम भेजवाया। लालगंज कोतवाली के मादामई के दुबान का पुरवा निवासी गंगा प्रसाद की पत्नी जगरहिन 70 गांव में अकेली रहती थी। शुक्रवार की शाम चार बजे वह घर से बाजार जा रही थी। रास्ते में उसे लोगों ने चुटहिल दशा मे देखा। सूचना पर उसके पुत्र अशोक ने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। शनिवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कराया। देर शाम पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इधर चुटहिल महिला की मौत की जानकारी पर इलाके मे हडकंप का माहौल दिखा।

# विधायक ने सौंपी पेयजल के लिए करोड़ों की सौगात

## विधायक के प्रयास से तीन वार्डो में मुहैया होगा शुद्ध पेयजल, खुशी



**प्रतापगढ़।** टाउन एरिया में पेयजल की सुदृढ़ व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने करोड़ो की सौगात सौंपी है। इससे नगर पंचायत तीन वार्डो के लोगों को अब शुद्ध पीने का पानी मुहैया हो सकेगा। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रस्ताव पर शासन ने लालगंज नगर पंचायत में पेयजल के बेहतर प्रबंधन हेतु एक करोड़ ग्यारह लाख चौतीस हजार रुपए की मंजूरी प्रदान की है। शासन के संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी के द्वारा दस जनवरी को निर्गत शासनादेश में नगर पंचायत के तीन वार्डो में शुद्ध पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके तहत नगर पंचायत के सलेम भदारी तथा खानापटटी एवं शीतलमऊ वार्डो में पेयजल हेतु सबमर्सिबल पम्प, बोरिंग तथा पाइप लाइन सप्लाई के मद में निर्माण के लिए धनराशि आवंटित हुई है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पेयजल योजना से जुडी इस सौगात के लिए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के विशेष सहयोग का आभार जताया है। विधायक मोना ने कहा कि यह परियोजना मंजूर होने से नगर के घर घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के उनके मिशन को मजबूती मिल सकेगी। वहीं सौगात को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद शबनम, सभासद ममता सिंह, सभासद मो. मोकीम, उद्योग व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे ने भी विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सफल प्रयासों को सराहा है। विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृति करायी गयी पेयजल परियोजना की वित्तीय मंजूरी की जानकारी शनिवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी के मुकदमें मे वांछित आरोपी को शनिवार को धर दबोचा। थाने के दरोगा सचिन कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सप्ताह भर पूर्व कुम्भीआइमा गांव में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया था। गांव में मुकदमें का आरोपी सियाराम का पुत्र सुशील कुमार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# तीन गौतस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

- दो गोवंशीय पशु बरामद

जिला संवाददाता (vol)

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी शंकरपुर कलां जाने वाले रास्ते मोड़ के पास से किये जाने की फिराक में है इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अभियुक्त मोहम्मद समशाद पुत्र अकबर अली निवासीग्राम शिवपुर भगवानपुर थाना पचपेड़वा बालजी पुत्र अटल यादव निवासी ग्राम लौकहवा थाना पचपेड़वा रुपचन्द पुत्र पुजारी यादव



तुलसीपुर श बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र बहादुर सिंह थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व में थाना पचपेड़वा पुलिस को क्षेत्रभ्रमण के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंशीय पुश की तस्करी शंकरपुर खुर्द से निवासी ग्राम लौकहवा थाना पचपेड़वा को गिरफ्तार किया गया इनके कब्जे से 02 बैल बरामद कर थाना पचपेड़वा पर गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

# फार्मर रजिस्ट्री की एसडीएम ने खंगाली हकीकत



**प्रतापगढ़।** तहसील में किसान सम्मान निधि को लेकर फार्मर रजिस्ट्री अभियान का शनिवार को एसडीएम ने औचक निरीक्षण कर हकीकत खंगाली। एसडीएम के औचक निरीक्षण में चार जनसेवा केन्द्र बंद मिले। बंद मिले जनसेवा केन्द्रों के संचालको से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। एसडीएम नैंनसी सिंह ने शनिवार को फार्मर रजिस्ट्री को लेकर तहसील के डेढ दर्जन से अधिक जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई जनसेवा केन्द्रों पर प्रगति संतोषजनक न मिलने पर उन्होनें केन्द्र संचालकों को कडी फटकार लगायी। वही एसडीएम के निरीक्षण में भटनी के श्याम मौर्य जनसेवा केन्द्र तथा रामपुर बावली के नितिन कुमार व कालिका तथा काजल जनसेवा केन्द्र बंद मिले। नाराज एसडीएम ने तहसीलदार को बंद जनसेवा केन्द्रों के संचालकों से स्पष्टीकरण तलब किये जाने के कडे निर्देश दिये हैं। वहीं एसडीएम ने मेढ़ावां, अर्जुनपुर, समेत दर्जनों जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होनें केन्द्र संचालको को फार्मर रजिस्ट्री में पारदर्शिता बरते जाने के कडे निर्देश दिये। जनसेवा केन्द्रों पर निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां मौजूद किसानों से भी बातचीत कर प्रगति की जानकारी ली। इधर प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने सांगीपुर क्षेत्र के कई जनसेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

- चार बंद केन्द्रों से स्पष्टीकरण तलब

## मंदिर स्थापना महोत्सव में भजन संकीर्तन में मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, भण्डारे मे चखा प्रसाद

**प्रतापगढ़।** नगर के दीवानी वार्ड में बाबा बैद्यनाथ धाम परिसर में शनिवार को प्रथम स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वही मंदिर की आकर्षक फूलों की सजावट देख वह मंत्रमुग्ध भी दिखे। श्रद्धालुओ ने धाम में सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ कर लोकमंगल की प्रार्थना की। भगवान महादेव की विशेष आरती में भी श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। स्थापना को लेकर हुए भण्डारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रभाकर ओझा ने श्रद्धालुओं का रोली टीका किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना से हमें कर्म की सुचिता की प्रेरणा मिला करती है। सभासद संध्या शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद आचार्यो तथा संत महात्माओं को सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन सोनू शुक्ला ने किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अंजनी अमोघ, अभिषेक पाण्डेय, मंजय सिंह, लालजी गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, रामअवध त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, राजीव रंजन त्रिपाठी आदि रहे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी, आरोपी गया जेल

**प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने मे तैनात दरोगा अमरेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के तेजगढ़ निवासी रज्जाब अली के पुत्र आमिर हासमी ने इंस्टाग्राम पर सिंगर आमिर हासमी प्रोफेशनल नाम पर आईडी बनायी। आरोपी ने इस आईडी से विशेष समुदाय के विरूद्ध धार्मिक उन्माद पैदा करने का प्रयास करते हुए वर्ग विशेष की भावनाओ को वीडियो के जरिए आहत करने का प्रयास किया। दरोगा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी आमिर हासमी को धर दबोचा। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। हालांकि समाचार पत्र इस प्रकार की किसी वीडियो की पुष्टि नही करता है।

## एसडीएम मांगे राम चौहान को मिला पर्यावरण योद्धा का सम्मान

**मेरठ।** रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन जो एक गैर-लाभकारी संगठन है , के द्वारा एस डी एम नगीना मांगे राम चौहान को पर्यावरण पर निरंतर कार्य करने के लिए रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन हमीरपुर द्वारा पर्यावरण योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया गया। मांगे राम को उनके पर्यावरण संरक्षण के विचार पर देश और विदेश में कई सम्मान मिल चुके है।ये संगठन पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, मृदा संरक्षण, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और दुनिया में कुपोषण से निपटने के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए खाद्य अपव्यय को रोकने के लिए काम कर रहा है। संगठन वर्तमान में सरकारों, व्यवसायों और अन्य गैर-लाभकारी संगठनों और नागरिकों के साथ मिलकर काम करता है



ताकि पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान विकसित किया जा सके। संगठन हितधारकों के बीच संबंध भी बनाता है और दुनिया भर में विकास को लागू करने और बढ़ावा देने में भी मदद करता है,इसके फाउंडर और सीईओ डॉ रघुराज प्रताप सिंह है।ये फाउंडेशन अधिक से अधिक पेड़ लगाने,पर जोर देता है। रोजगारपरक शिक्षा ,और समाजिक जागरूकता भी इस संगठन के दूसरे कार्य है। इनके कार्यों के लिए विभिन्न मंचों पर संगठन सम्मानित भी हो चुका है।

# विरोध के बाद सड़क से हटाया गया पोल

**भरथना, इटावा।** सड़क चैडीकरण के बाद सडक के बीच में लगे विद्युत पोल को हटाने की प्रमुखता से खबर प्रकाशन के कुछ दिनों बाद विभागीय अधिकारियों ने सुध ली। उक्त पोल को शनिवार की सांय हटवाया गया। दुर्घटना को दावत देने वाले उक्त पोल को हटाये जाने के सम्बन्ध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। खबर का संज्ञान नगर के कुछ समाजसेवियों ने भी लिया, जिसके चलते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बैनरतले जिलाध्यक्ष निशान्त पोरवाल एड. के नेतृत्व में अन्य समाजसेवियों ने भी बिजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। वहीं सर्वप्रथम पूर्व सभासद निहालुद्दीन द्वारा भी विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को उक्त पोल हटवाये जाने के लिए उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया था। इतने दिनों बाद विभागीय अधिकारियों ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए शनिवार को उक्त पोल हटवाया गया। जबकि नगर में अभी और भी ऐसे पोल हैं, जो या तो अत्यन्त जर्जर हैं या फिर मार्ग चैडीकरण के चलते सडक मार्ग पर आ चुके हैं।

एनएच पर कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड पर एसएवी इंटर कालेज के सामने एक लोहे का विद्युत पोल सडक किनारे पूर्व से गढा था। वर्तमान में मार्ग चैडीकरण के चलते उक्त पोल सडक के बीच में आ गया था। बीते कई महीनों से चल रहे सडक निर्माण के चलते उक्त पोल के स्थान को छोडकर उसके आगे-पीछे दोनों ओर डांमरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका था, किन्तु उक्त पोल को वहाँ से हटाया नहीं गया। जबकि उसके ही समान्तर पर चैडीकरण सडक सीमा छोडकर एक नया पोल कुछ माह पहले ही गाढ दिया गया। बाबजूद केविलों व तारों का जमावडा होने के कारण सडक के बीच में गढे उक्त पोल को न हटाये जाने से किसी भी बडी मार्ग दुर्घटना की प्रबल सम्भावना बनी रहती थी। सडक पर डांमरीकरण होने के कारण वाहनस्वामी अपनी रफ्तार से चलते हैं। अचानक सडक के बीच में पोल खडा देखकर वह अनियंत्रित होकर अपना सन्तुलन खो देते थे।

# समाधान दिवस में अचानक पहुंचे डीएम और एसपी समाधान के दिये कड़े निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लीलापुर थाने में डीएम व एसपी के अचानक आ धमकने से हडकंप मच गया। डीएम संजीव रंजन और एसपी डॉ. अनिल कुमार ने यहां मौजूद फरियादियों की शिकायतों की संयुक्त रूप से सुनवाई की। डीएम तथा एसपी ने राजस्व एवं पुलिसकर्मियों को समस्याओं के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरते जाने की चेतावनी दी। वही एसपी ने थाने के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। समाधान दिवस में आयी चार शिकायतो पर डीएम व एसपी के निर्देश पर राजस्व टीम का निस्तारण के लिए गठन कराया गया। एसडीएम नैंनसी सिंह ने जिलाधिकारी को तहसील क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति से अवगत कराया। समाधान दिवस में मौजूद सीओ रामसूरत सोनकर को एसपी ने पुलिस से जुडी शिकायतों के निस्तारण का स्वयं पर्यवेक्षण करने के भी निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह ने पुलिस अधीक्षक को थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण अभियान की प्रगति से अवगत कराया। वही डीएम व एसपी के अचानक थाना समाधान दिवस में पहुंचने से हडकंप का माहौल दिखा। वहीं सांगीपुर थाने में नौ शिकायतो मे निस्तारण के बाबत राजस्व एवं पुलिस टीम रवाना हुई।

थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। लालगंज कोतवाली में दस शिकायतो मे अफसरों ने तीन का निस्तारण कराया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने शिकायतो पर फरियादियों को निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिलाया। उदयपुर थाने मे चार शिकायतें आयी। थानाध्यक्ष राधेबाबू ने निस्तारण के बाबत राजस्व एवं पुलिस टीम को रवाना कराया।

# एसएसबी के साथ जनपद में शांति सुरक्षा बनाये रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर पर किया गया पैदल गस्त



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्द कुमार व चौकी प्रभारी द्वारा ऑपरेशन कवच* के दृष्टिगत पुलिस चौकी बघेलखण्ड थाना जरवा के इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए गांव के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में अन्तर्गत सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, संम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके । तत्पश्चात पुलिस व ररइ के जवानो के साथ संयुक्त रुप से गुरुंग नाका बॉर्डर व बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

# दोदुआ गोपालपुर मुख्य मार्ग पर जल भराव, लोग परेशान

**जसवंतनगर, इटावा।** विकास के दावों के बीच सैकड़ों परिवार जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान है। क्षेत्र के गाँव दोदुआ गोपालपुर में जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी दुरुस्त न होने पर मुख्य रास्ते पर जलभराव और कीचड़ हो जाने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही बीमारी फैलने का डर भी सता रहा है। इसको लेकर कई बार ग्रामीण प्रधान व सम्बंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके है। लेकिन, संबंधित विभागों की लापरवाही और अनदेखी के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव दोदुआ गोपालपुर के मुख्य रास्ते पर जलभराव के साथ ही कीचड़ होने से कि सडक पर पैदल चलना भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि दिन की सुबह होते ही आवागमन करने के दौरान महिला और स्कूली बच्चों समेत कई ग्रामीण जलभराव में गिरने से घायल तक हो चुके हैं। स्कूली बच्चों को भी प्रतिदिन इसी रास्ते से होकर आना जाना पड़ता है। लेकिन, ब्लॉक के साथ ही तहसील प्रशासन भी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। जिसके कारण आमजन व स्कूली छात्र छात्राओं को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। गांव के मुख्य मार्ग पर जल जमाव और कीचड़ की वजह से लोगों को कई तरह की परेशानियां होती हैं। आवागमन में दिक्कत होती है, बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, लोग फिसलकर गिर जाते हैं, बच्चों को निकालने में दिक्कत होती है, घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के नाम जिन्होंने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया, उनमें सुनीता देवी, भगवती देवी, फूलन देवी, सत्यव्रत देवी, सुमन सरला देवी, सूरजमुखी, मलोला देवी, किरण देवी, रामेश्वर दास, राजकुमार, विनोद कुमार, रामसेवक, शिवकुमार, रामधनी और अन्य शामिल हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि जल निकासी की व्यवस्था कराई जानी चाहिए, ताकि गांव की प्रमुख समस्या से निपटा जा सके।

# जनसरोकार में पत्रकारिता की भूमिका अहमः डीएम

- प्रतापगढ़ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक हुआ शपथ ग्रहण



**प्रतापगढ़।** नगर के लीला पैलेस में शनिवार को प्रतापगढ़ प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डीएम संजीव रंजन ने समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम संजीव रंजन तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डीएम संजीव रंजन ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन सिंह, महामंत्री आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुनीत द्विवेदी, उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय, संगठन मंत्री अरूण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रताप विक्रम, प्रकाशन मंत्री केशव पाण्डेय को पद की शपथ दिलायी। प्रारम्भ में निवर्तमान अध्यक्ष आदित्य मिश्र ने अतिथियो का स्वागत करते हुए जिले मुख्यालय पर प्रेस क्लब भवन के निर्माण की मांग उठायी। बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि जन सरोकार में पत्रकारिता की सदैव अहम भूमिका रही है। उन्होने कहा कि प्रशासन एवं मीडिया का संयुक्त मिशन जनता की समस्याओं के निदान कराने के साथ विकास व सौहार्द का वातावरण मजबूत बनाना है। बतौर विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि आजादी के आंदोलन में देश को एकजुट करने में मीडिया की भूमिका निर्णायक रही है। विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल ने सामाजिक सौहार्द के क्षेत्र में मीडिया के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पत्रकारिता के मिशन की सार्थकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी ने भी पत्रकारिता को जनापेक्षी भूमिका के प्रति प्रेरित किया। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, जूनियर बार एसोशिएसन के महामंत्री विवेक त्रिपाठी, जनसत्ता दल महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष वंदना उपाध्याय, पूर्व मंत्री मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय, वरिष्ठ साहित्यकार राज नारायण शुक्ल राजन, रामकृष्ण मिश्र ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं सौपते हुए मीडिया की निष्पक्ष भूमिका को सराहा।

# पत्रकारों की सुरक्षा के सार्थक प्रयास करे सरकार : अनिल पाठक

**बलरामपुर।** बड़े घोटाला कुलसी को लेकर छत्तीसगढ़ प्रांत के बीजापुर निवासी खबर नवी सुरेश चंद्राकर के निशान हत्या के विरोध में पत्रकार सुरक्षा परिषद के सदस्यों जिला अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक के अगुवाई में नारों के साथ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। संगठन की जिला अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक के नेतृत्व में पत्रकारों का हजूम कलेक्ट पहुंचा। चंद्राकर के लम हर्षद नेशनल साहित्य से आहत पत्रकारों ने चौथे स्तंभ की रक्षा सुरक्षा के मुहैया कराने के साथ पीड़ित पत्रकार के परिजन को 5 करोड की सहायता तथा उसके एक परिवार को सेवायोजन की मांग की। जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि भारत की आजादी में कालांतर के पत्रकारों की एक बहुत बड़ी भूमिका थी लाला लाजपत राय की बलराम को बुलाया नहीं जा सकता आजादी के दीवाने पत्रकार लाला लाजपत राय को साइमन कमीशन को लेकर 1924 को अंग्रेज के एसपी ने लाठियां से पीट कर हत्या कर दी। पत्रकारिता जगत के पितामह मदन मोहन मालवीय पं. मोतीलाल नेहरू महात्मा गांधी रविंद्र नाथ टैगोर सुभाष चंद्र बोस सिस्टर निवेदिता रामानंद चटर्जी प्रेमचंद सी. एफ. एड्रुजआदि संपादकों ने अपनी लेखनीको धार दिया। लेखनी के साथ स्वतंत्रता यज्ञ में सशरीर सहभाग दिया, कठोर यातनाएं झेली। इन पत्रकारों ने ऐतिहासिक अवदान तथा समर्पण ने स्वतंत्रता की यज्ञ में अपनी आहुति देकर स्वाधीनता आंदोलन को सफल बनाया।

अंग्रेजों की कठोर यात्राएं सही जय यात्राओं को आत्मसात किया देश के कोने-कोने में पत्रकारों ने स्वाधीनता के अलग जगाने की जुर्म में कैद खानों में कैद रहे। तब जाकर पत्रकारिता राष्ट्र के चौथे स्तंभ में सुधार हुआ। श्री पाठक ने आगे कहा कि क्या हमारे बलिदानी संपादक पत्रकार जो हंसते-हंसते अंग्रेजों की कठोर यातनाएं सहकर भी अपनी लेखनी को मंद गति तथा विराम नहीं लेने दिया क्या इन्हें इसका अंदाजा रहा होगा की मुट्ठी भर आताताई, गुंडे, माफिया, अपराधी, स्वतंत्र भारत में सच लिखने के एवज में अमानवीय नृशश हत्या को अंजाम देंगेऔर हमारी व्यवस्था लचर सी



दिखेगी। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार पाठक ने सरकार से मांग किया कि चंद्राकर हत्याकांड में नियमित सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय का गठन करें जैसा कि कई मामलों में ऐसा हो चुका है.जैसे उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह और जगदंबिका पाल मुख्यमंत्री शपथ को लेकर रात्रि में हाईकोर्ट की बेंच ने सुनवाई कर कल्याण सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया था। ठीक इसी तरह पत्रकार चंद्राकर मामले में ऐसे ही कार्रवाई होने से निर्भीक अपराधियों के हौसले प्रस्थ होंगे और पीड़ित को शीघ्र न्याय के आस के दरवाजे खुल जाएंगे। श्री पाठक ने मांग किया कि चंद्राकर के हत्या में षड्यंत्र कारियो के विरुद्ध मुकदमा चला कर फांसी की सजा दी जाए जैसा कि संविधान में हत्या को फांसी की सजा का प्रावधान है। श्री पाठक ने कहा कि पत्रकारों के कलम को कुंठित किया जा रहा है।एक अदना सा लफंगा जो पत्रकार को सरे राह अपमानित किया कर रहा है। पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। पत्रकारों में आक्रोश है भय का माहौल है। चिंता का विषय है कि कहीं पत्रकार अपनी सुरक्षा के लिए खुद कलम के साथ-साथ शस्त्र न उठा ले। पत्रकार सुरक्षा परिषद बैनर तले एकत्रित पत्रकारों ने मुकेश चंद्राकर के लोम हर्षक हत्या की घोर निंदा की।

संक्षेप

## गैस सिलेंडर से लोड ट्रक खाई में पलटा

**इकदिल, इटावा।** इटावा-कन्नौज हाइवे मार्ग पर तथागत महाविद्यालय के पास घने कोहरे के चलते गैस सिलेंडर से लोड ट्रक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई में पलट जाने से हड़कंप मच गया। शहर में पक्का बाग का रहने वाला ट्रक चालक लाखन सिंह और क्लीननर जगदीश शुक्रवार देर शाम को चितभवन रिफिलिंग सेंटर से ट्रक में 342 गैस सिलेंडर लोड कर इटावा के तरफ जा रहे थे तभी उपरोक्त स्थान पर घने कोहरे के चलते रास्ता साफ नहीं दिखाई देने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बने एक खड्डे में पलट गया और गैस सिलेंडर बिखर गए गलिमत रही कि कोई भी गैस सिलेंडर लिकीज नहीं हुआ। राहगीरों की सूचना पर एसआई राजवीर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और ट्रक में फसे चालक और क्लीननर को सुरक्षित बाहर निकलवाया और पलटे ट्रक को क्रेन के मदद से उठवाकर दूसरे ट्रक में गैस सिलेंडर लोड करके भिजवाए गए।

## रंजिश में महिला को घायल किया

**जसवंतनगर, इटावा।** ग्राम हरकूपुर निवासी उषा देवी पत्नी नेपाल सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पुत्री और पड़ोसी महिला के बीच झगड़ा हुआ था। लेकिन बाद में मामला सुलझ गया था। लेकिन शनिवार दोपहर को फिर से उक्त पड़ोसी महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर उषा देवी पर हमला कर दिया। पीड़ित उषा देवी ने बताया कि हमले में उनके हाथ में चोट आ गई। पुलिस ने घायल महिला उषा देवी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा है और घायल महिला के बताए अनुसार एक पुरूष व दो महिलाओं समेत 3 आरोपियों के खिलाफ तहरीर लेकर मामला की जांच पड़ताल शुरू कर आरोपियों की ।

## हर्षोल्लास से मनाया गया राम मंदिर का स्थापना दिवस

चौरीचौरा, गोरखपुर। अयोध्या में स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापना दिवस क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरैया हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सायं काल मंदिर परिसर में बड़ी संख्या दीप जलाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रमानिवास पांडेय, रमेश प्रसाद दीक्षित, चंद्रदेव उपाध्याय, पवन सिंह, भगवान दास विश्वकर्मा, दयानंद पांडेय, अनूप चौरसिया, किशन निगम, अनिल चंद्र पांडेय, विवेक दूबे, रामश्रय प्रजापति, श्रवण ओझा, कृष्ण गोपाल ओझा, गिरिजा शंकर दूबे, राजेश जयसवाल, कमल वर्मा, राम मनोहर सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सरैया उपाध्याय छावनी टोला निवासी अनिल उपाध्याय ने भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस पर पूजन अर्चन व भंडारा का आयोजन किया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र व प्रमाणपत्र अनुक्रमांक नं. 0965805 वर्ष 1999 एवं इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाणपत्र अनुक्रमांक नं. 0499681 वर्ष 2001 कहीं खो गया है। **नीलम देवी पुत्री हरिहर प्रसाद तिवारी नि.- तरानपुर सडवा चन्दिका जिला प्रतापगढ़।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं बृजेश कुमार पुत्र रामकुमार नि. ग्राम रोहसी बुजुर्ग थाना व तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरा पुत्र धीरज गलत संगत की वजह से नशा करके आये दिन मारपीट करता है इसके इस कृत्य से मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनके किसी भी कार्य का मैं व मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं **दया राम मिश्रा पुत्र श्रीनाथ मिश्रा, निवासी –गेडौरा थाना गोसाईगंज तहसील जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर** का निवासी है हमारा पुत्र पवन कुमार मिश्रा, पुत्रवधू रेनू मिश्रा, नाती अमन कुमार मिश्रा व आलोक कुमार मिश्रा हम लोंगों से आये दिन लड़ाई झगडा व मारपीट करते है तथा हमारी सम्पत्ति एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को बर्बाद कर दे रहे है तथा मेरे पुत्र व उसके परिवार का चाल चलन अच्छा नहीं है। उनकी इन हरकतों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त पैतृक एवं स्वयं की बनायी गयी चल–अचल सम्पत्ति से उसके परिवारवालों को बेदखल करता हूँ। यदि उसके द्वारा हमारे व हमारे परिवार के खिलाफ जाकर कोई कार्यवाही की जाती है व किसी प्रकार का कोई आपराधिक कृत्य व लेन–देन किया जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व हमारे पुत्र व उसके परिवार का होगा हमारी चल– अचल सम्पत्ति का कोई रिश्ता, लेना–देना व वास्ता सरोकार नहीं होगा।

# मनरेगा धांधली : प्रधान ने भतीजे को बनाया मनरेगा का मजदूर

## शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं करते कार्यवाही

**उमाशंकर शुक्ल/ चौरीचौरा, गोरखपुर।** विकास खंड ब्रम्हपुर में इस समय मनरेगा ग्राम प्रधानों के लिए कुबेर का खजाना बना हुआ है।जब चाहे तब प्रधान पुराना फोटो मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भारी भरकम धन कमा लेते हैं।इसका मुख्य कारण जिम्मेदारों की लापरवाही कहा जाए या उनकी मिली भगत। इसका जीता जागता उदाहरण ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा जमरु में देखने को मिल सकता है। जहां ग्राम प्रधान ने स्वयं अपने भतीजे अभिषेक को मनरेगा का मजदूर बना दिया है।

बताते चलें कि ग्राम सभा जमरु में प्रेमनारायण के खेत से टप्पू राय के खेत तक मिट्टी कार्य कराने का फोटो मस्टरोल संख्या 5177/5178/5179 द्वारा 28 मजदूरों की हाजिरी 9 जनवरी 2025 को अपलोड की गई है।अखबार के प्रतिनिधि द्वारा 6 जनवरी को स्थलीय निरीक्षण किया गया।जो कार्य दस्तावेजों में होना दिखाया जा रहा था,वह धरातल पर शून्य था। ग्रामीणों का कहना था कि इन सड़कों पर कार्य इस महीने में नहीं हुआ है। सड़क पर कार्य बहुत पहले कराया गया है। मिट्टी कार्य की जगह मौके पर घांसे उगी हुई हैं।जो ग्राम प्रधानों के कार्य की असलियत बताने के लिए काफी है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही से मनरेगा वास्तव में प्रधानों के लिए आय का मात्र श्रोत बनकर रह गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान द्वारा अपने भतीजे अभिषेक को मनरेगा का मजदूर बना कर लाभ पहुंचा रहे हैं।जो ग्राम पंचायत नियमावली के विपरीत है। क्योंकि प्रधान के परिवार, सदस्य,रिस्तेदार, तथा सगे संबंधियों को प्रधान द्वारा किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल सकता है। जबकि प्रधान का कहना है कि भतीजे को कार्य कराने के लिए मेठ बना कर रखा गया है।जो बिना मजदूरी कर नहीं सकता है।

उक्त के संबंध में डी डी ओ गोरखपुर/डी सी मनरेगा राजमणि वर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है ।जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, सात घायल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खैराबाद टोला बाल खुर्द में एक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।एक पक्ष से दुल्ली चंद 45 वर्ष, मंजू देवी40 वर्ष, सूरज18 वर्ष, दीप नारायण39 वर्ष, देवेंद्र 33 वर्ष दूसरे पक्ष से रमेश चंद्र यादव52 वर्ष कालिंदी देवी46 वर्ष घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरी चौरा भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर अभी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमिका की तय शादी से नाराज युवक को टावर पर चढ़ा, मचा हड़कंप

- काफी मनुहार के बाद युवक उतरा नीचे,पुलिस ले गयी थाने

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक अपने मौसी के घर रह कर पढ़ाई करता था। इसी बीच युवक का अपनी मौसी की बेटी से प्रेम हो गया। लड़की के परिजनों ने लड़की की शादी कही अन्य जगह तय कर दिया। इससे नाराज युवक ने अपनी प्रेमिका को पाने की नीयत से इलाके के देवकहिया स्थित टाटा नमक फैक्ट्री के पास स्थित टावर पर चढ़ कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। इतने में स्थानीय लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना पर स्थानीय पुलिस भी वहां पहुंच गई। काफी समझाने बुझाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरा। टावर से नीचे उतरते ही पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। और थाने लेकर चली गई।सूचना मिलने पर मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय पुलिस और प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई।

## तेंदुए ने एक बकरी मारी, दूसरी घायल की

**चकरनगर, इटावा।** तहसील क्षेत्र चकरनगर के अंतर्गत दो गांवों में शुक्रवार रात्रि समय पशुबाडों में घुसकर तेंदुए ने एक जमुनापारी बकरी को घायल कर दिया, जबकि दूसरी को मार गिराया। घटना की जानकारी होने से पशुपालकों सहित ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पशुपालक ने बकरी का पोस्टमार्टम कराते हुए सामाजिक वानिकी से मुआवजे की मांग की है। तेंदुओं के द्वारा लगातार दो दिन से तीन पशुबाडों में घुसकर बकरी मारने और घायल करने की घटना से क्षेत्र की जनता में दहशत का माहौल बन गया है। सामाजिक वानिकी क्षेत्र के अंतर्गत थाना चकरनगर के गांव नगला कढोरी निवासी करू पुत्र गोविंद सिंह के पशुबाड़े में घुसकर शुक्रवार रात्रि समय तेंदुए ने एक जमुनापारी बकरी को मार गिराया। जानकारी सुबह होने पर पशुपालक दंग रह गया। सूचना पर पहुंची सामाजिक वानिकी की टीम ने मौके का जायजा लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। पशुपालक ने बकरी का पोस्टमार्टम करते हुए सामाजिक वानिकी से मुआवजे की मांग की। इधर सैंकुअरी क्षेत्र के अंतर्गत उक्त थाना के गांव रुझिया निवासी जसवंत सिंह पुत्र छोटेलाल के पशुबाड़े में घुसकर रात्रि समय 12 बजे तेंदुए ने जमुनापारी बकरी पर हमला कर दिया। इस दौरान पशुबाड़े में लेटे पशुपालक की किसी तरह आंख खुल गई और पशुपालक ने चीख पुकार मचा दी।

## केन्द्रीय मंत्री ने सफारी पार्क का भ्रमण किया



**इटावा।** केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा सफारी पार्क में इको रेस्टोरेशन एवं इसके लैंडस्केप की सराहना की गयी। साथ ही बब्बर शेरों को देखकर उनके द्वारा काफी प्रसन्नता जाहिर की गई। उन्होंने सफारी पार्क को इटावा जनपद के लिए अद्वितीय उपलब्धि बताया। सफारी पार्क के और अधिक विस्तार तथा अन्य प्रजातियों को भी सम्मिलित करने हेतु विचार प्रकट किया गया। मंत्री द्वारा सफारी पार्क के भ्रमण पर आये पर्यटकों से भी वार्ता की गयी प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इस मौके पर सफारी पार्क के उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जला मिला इंजीनियर का शव

- कमरा बंद था, बॉडी के साथ पूरा पलंग जला
- रिश्तेदार महिला पर लगाया हत्या का आरोप

**इटावा।** इंजीनियर की घर में जिंदा जलने से मौत हो गई। राघवेंद्र यादव का शव उनके घर में जला हुआ मिला। बॉडी के साथ पूरा पलंग जल चुका था। पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलते देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वृन्दावन कॉलोनी की है। पुलिस ने पत्नी और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राघवेन्द्र यादव जिंदल लिमिटेड कंपनी नई दिल्ली में इंजीनियर थे। उनकी पोस्टिंग दिल्ली में थी वह 12 साल से पत्नी के साथ दिल्ली के रह रहे थे। उनका एक इकलौता बेटा है। करीब दोपहर 12 बजे पड़ोस के रहने वाली अनुष्का तिवारी ने राघवेन्द्र के घर से धुआं निकलते देखा इसके बाद वह मौके पर पहुंची राघवेन्द्र का घर का गेट खोलकर अंदर गई तो एक कमरे में पत्नी किरन यादव मिलीं। उन्होंने किरन से घर से धुआं निकलने की बात कही। जब चेक किया गया तो धुआं राघवेन्द्र के कमरे में आ रहा था। कमरा बाहर से बंद था। कुंडी खोलकर अंदर गए तो इंजीनियर का जला हुआ शव मिला। बाडी समेत पूरा पलंग जल चुका था इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पत्नी ने बताया कि मंगलवार को छुट्टी लेकर राघवेन्द्र ममेरे साथ दिल्ली से घर आ गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी यशवंत सिंह, सीओ सिटी रागोपाल शर्मा, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी के साथ फारेंसिक टीम और क्राइम ब्रांच की सवेर्लेंस टीम मौके पर पहुंची पड़ोसियों व पत्नी से मामले की जानकारी ली। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि डायल 112 पर वृन्दावन कालोनी से फोन आया था फोन पर एक महिला ने जानकारी दी कि पड़ोस में रहने वाले इंजीनियर ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर हमारी टीम पहुंची जांच की जा रही है।

## सफारी पार्क के विशेषज्ञों ने प्रोटोकॉल विकसित की

**इटावा।** एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने सफारी पार्क के बब्बर शेरों-शेरनियों में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) से लड़ने के लिए सफारी पार्क के विशेषज्ञों द्वारा प्रोटोकॉल विकसित किया गया है। सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि 6 शेरनियों और 3 शेरों के नमूनों की रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि कई प्रचलित एंटीबायटिक दवाओं के प्रति इनके शरीर में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) है, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ एंटी बायटिक दवाएं अब भी काम कर रही हैं। अब इस पर प्रोटोकॉल विकसित किया गया है, जिससे इन दवाओं के विवेकपूर्ण इस्तेमाल से शेरों में रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता आ जाए। हाल ही में तमिलनाडु वेटरिनरी एंड एनिमल साइंस यूनीवर्सिटी के मद्रास वेटरिनरी कॉलेज, चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विशेषकर बब्बर शेरों में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रोगाणुरोधी प्रतिरोध) पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

# गोला युवा महोत्सव का शानदार आगाज



**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला के सुअरज स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय परिवार व दिव्य जागरण युवा मंच के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार से दो दिवसीय गोला युवा महोत्सव-2025 का भव्य आगाज हुआ। महोत्सव के पहले दिन खेल व कला-विज्ञान प्रदर्शनी के साथ पुस्तक मेला का उद्घाटन भी हुआ। तो वहीं बच्चों के एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से महोत्सव का मंच पूरे दिन गुलजार रहा।

युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गोला युवा महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन का आगाज शनिवार की सुबह 10 बजे से हुआ। बतौर मुख्य अतिथि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बड़हलगंज-दोहरीघाट अध्यक्ष डा अनिल तिवारी व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी हरगोविंद प्रवाह, सभासद दिनेश सिंह व सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव, प्राचार्य डा फूलचंद तिवारी, एडवोकेट वीर बहादुर चंद तथा कार्यक्रम आयोजक विद्यालय प्रबंधक प्रदीप सिंह व निदेशिका रत्ना सिंह ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। युवाओं का मार्ग दर्शन व उत्साहवर्धन करते हुए कहे कि विश्व का सबसे नौजवान देश भारत है,जिसमें युवाओं के रूप में असीम ऊर्जा है। तथा ऐसे कार्यक्रम से युवाओ में आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। युवाओं में स्वामी जी के विचारधारा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना कार्यक्रम आयोजक व विद्यालय प्रबंधक प्रदीप सिंह व शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद की विचारधारा एवं राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को जागृत किया जाएगा। यह अभियान वर्ष 2013 से चल रहा है। स्वामी जी के विचारो को युवाओं तक पहुंचाना है । सांस्कृतिक समारोह में युवाओं की एक से बढकर एक प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा पुस्तक मेला में लोगों ने रूचि से पुस्तको खरीददारी की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एस के मिश्रा, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव, दीपक शाही, असरार जैदी, डा मदन चौरसिया, राकेश कुमार यादव, अतुल सिंह, वेद प्रकाश यादव, गोपाल प्रजापति, एडवोकेट वेद प्रकाश, श्रवण यादव, रेनू सिंह, छोटू राय सहित तमाम अभिभावक,छात्र- छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।

**छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शको को किया मंत्रमुग्ध**

युवा महोत्सव-2025 के सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। तदुपरांत छात्राओं के मधुर व मनमोहक सरस्वती बंदना व स्वागत गीत से महोत्सव के सांसारिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना हर दिल ऐसे जिओ,स्कूल की यात्रा नाटक,वर्ल्ड आफ घोस्ट डांस,धड़क धड़क,रिम्सी त्रिपाठी ने महिला शशक्तिकरण,रक्त चरित्र नाटक,दादी- नानी डांस, घूमर ,रेट्रो थीम,पंचायत नाटक,धीमें धीमे, पुष्पा राज,बैंग-बैंग,लुक छुप,तेरी मिट्टी में मिल जावां,यूपी वाला ठुमके पर डांस किया तो पूरा पांडाल झूमने लगा, एजुकेशनल थीम,घर मोरे परदेशिया, भारत का बच्चा बच्चा,बालीवुड सांग, छोटे छोटे सपने, केशरिया,डेडिकेटेड टू फादर आदि डांस की प्रस्तुति ने दर्शको को खूब हंसाया।

## वैश्विक पहचान का पर्व है विश्व हिंदी दिवस

**इटावा।** हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना, और विश्व में इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। यह दिन भारतीय संस्कृति, साहित्य और भाषा के प्रति हमारे गर्व को अभिव्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह बात संस्कृत प्रवक्ता डॉ ज्योति वर्मा ने विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कही। बताया विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। कहा कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2006 में यह निर्णय लिया कि 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिवस हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने और इसे संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में शामिल करने के प्रयासों को भी प्रोत्साहित करता है। यह दिन न केवल भाषा का उत्सव है, बल्कि भारतीय संस्कृति और साहित्य के प्रति सम्मान और गर्व को भी अभिव्यक्त करता है। भारत के अलावा हिंदी बोलने वालों की बड़ी संख्या नेपाल, फिजी, गुयाना, सूरीनाम, मॉरीशस, त्रिनिदाद और टोबैगो, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और यूके जैसे देशों में है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की पहचान है। डिजिटल क्रांति के युग में हिंदी ने एक नई पहचान बनाई।

# समाधान दिवस में आयीं शिकायतों का निस्तारण



**बकेवर, इटावा।** शनिवार को समाधान दिवस में नायब तहसीलदार भरथना विपिन मिश्र व प्रभारी निरीक्षक अपराध प्रेमचंद्र ने शिकायतो को सुना थाने में 5 शिकायते आई एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को बकेवर थाने में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम टडवास्माइलपुर के जगमोहन सिंह ने दिये शिकायत में बताया है कि गांव के ही विपक्षीगणो तालाब पर मिट्टी डाल कर कब्जा कर लिया है। ग्राम बरैला के ब्रह्मानंद ने दिये शिकायत में बताया है कि ग्राम पंचायत मित्र ने खेतो को गया चकरोड पर बीचोंबीच नाली खुदवा दी जिसके कारण आने जाने में परेशानी हो रही है।गाँव राम नगर के निर्भय चंद्र ने दिये शिकायत में बताया है कि राम नगर रोड के किनारे बने खाद के गड्ढो पर गाँव के ही लोगो ने कब्जा कर लिया है नामजद लोगो से खाद के गड्ढे कब्जा मुक्त कराये जाये।कस्वा बकेवर के गांधी नगर मुहाल के ज्ञान प्रकाश ने दिये शिकायत में बताया है कि विपक्षीगणो ने उनकी पुस्तैनी जमीन पर कब्जा कर लिया है जब वह नामजद लोगो से खेत को कब्जा हटाने को कहते है तो विपक्षीगण गाली-गलौज करते है।थाना क्षेत्र के ग्राम हनुमंतपुरा की रहने वाली प्रभा देवी ने दिये शिकायत में बताया है की शनिवार की सुबह वह घर के सामने आग ताप रही थी कि तभी पडोस के ही नामजद दम्पति बिना बजह गाली-गलौज करने लगे जब महिला ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित दम्पति ने महिला को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया पत्नी को पिटता देख पति अजय कुमार बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस समाधान दिवस पर बकेवर चैकी इंचार्ज हाकिम, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक आरके निषाद, दीवान उपनिरीक्षक मान सिंह, महेवा चैकी इंचार्ज केपी सिंह, अशोक कुमार के अलावा राजस्व विभाग से लेखपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव, सुधीर चतुर्वेदी, प्रवीन कठेरिया, किशन कुमार, राहुल गोयल, अजीत कुमार, प्रवीण सिंह, विकास कुमार, मोहम्मद शाहिद आदि राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में तहसीलदार और सीओ मौजूद रहे

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार दिलीप कुमार और सीओ नागेंद्र चैबे ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण कराया। इस दौरान कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



तहसीलदार दिलीप कुमार ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करें। सीओ नागेंद्र चैबे ने निर्देश दिए कि गांव में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर शांतिभंग में पाबंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार नेहा सचान, थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह मिश्रा, उपनिरीक्षक सहित लेखपाल आदि मौजूद रहे। शेष तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ व उत्तर प्रदेश के 75 जिलों की प्रस्तुतीकरण से सजी विज्ञान प्रदर्शनी



**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव 2025 में चल रही विज्ञान प्रदर्शनी में योगी के प्रयागराज कुंभ अस्थाई सिटी मॉडल,स्वच्छ भारत,फीटल डवलपमेंट,मून वाकर व धोस्त रूम मॉडल बेहद आकर्षण केंद्र रहा । इन मॉडलो को आगंतुकों से काफी सराहना भी मिली । युवा महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम पॉली में विज्ञान प्रदर्शनी का अनावरण किया गया । जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं अलग-अलग ग्रुपों में अपनी परियोजनाओं के मॉडल को प्रस्तुत किया। जिसमें डीएनए की संरचना,न्यूरॉन,सीवेज उपचार,सीपीआर सिस्टम,इलेक्ट्रिक हैंड सेनेटाईजर,कलरफुल कमेस्ट्री,यूपी स्पेशल थीम,एटॉमिक माडल,कार्बन प्यूरिफिकेशन,स्मोक सेंसर,एमसीए माडल,सोलर सिस्टम,चरक आपके द्वार,रोजगार पाओ,रेन डिटेक्टर,रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली,सरकुलेट्री सिस्टम,हीरोशिमा की घटना,डायजेस्टिव सिस्टम,फुड चेन,प्रकाश संश्लेषण,खाद्य श्रृंखला,जीवन चक्र, चंद्रयान थ्री,ज्वालामुखी जैसे सौ से अधिक मॉडल आकर्षण का केंद्र रही और बच्चों के इन मॉडलों को लोगों ने खूब सराहा ।

## बड़गो गोलीकांड में एक अभियुक्त गिरफ्तार, 6 नामजद व 5 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मझगांवा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के बड़गो चौराहे पर शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे फार्च्यूनर सवार युवकों ने गोला थाना क्षेत्र के कोडरी निवासी अभिषेक पाठक उर्फ अप्पू पाठक को पहले कार से बाहर खींचने का प्रयास किया गया असफल होने पर कार के फाटक का शीशा तोड़कर गोलियां दागी गयी घायल को शुभचिंतकों ने गोरखपुर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है।घायल युवक आशुतोष पाठक की तहरीर पर सुरज पाण्डेय , राहुल पाण्डेय, चन्दन पाण्डेय, प्रशान्त पाण्डेय, पंकज पांडेय व रिंकू मिश्रा सहित 6 नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ धारा 191(2) 191(3)109,352 भादवि के तहत मुकदमा मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दविश डाल रही है पुलिस ने एक अभियुक्त सुरज पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय निवासी सिधुआपार थाना बड़हलगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दविश दे रही है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त सुरज पाण्डेय के पास से एक अवैध पिस्टल एक जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद किया है उक्त मुकदमें में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ा दी गई है।




## छात्राओं ने बनाया हेलमेट, चाइनीज मांझे से बचायेगा

**गीडा,गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी मिश्रा और शीतल गुप्ता ने ऐसा उपकरण तैयार किया हैं जो चाइनीज माँझे से हो रही दुर्घटनाओं से बचाएगा। इस डिवाइज को हेलमेट के निचे लगाया जा सकता हैं। इसे स्टील के चैन सें तैयार किया गया हैं । ये डिवाइज हेलमेट के सामने नीचे की तरफ लगाया जाता हैं। जो दो पहिया वाहन चलाने वालो को सड़कों पर चाइनीज मांझे सें बचाने में मदद कर सकता हैं ।



खुशी मिश्रा नें बताया मकर संक्रान्ति,त्यौहार नजदीक है ऐसे में समय में चाइनीज मांझे सें ज्यदा दुर्घटनाएं होती हैं। छात्रा ने बताया इसे किसी भीं हेलमेट में लगाया जासकता हैं और इस ऐटी चाइनीज मांझा डिवाइस को 20 सें 25, रुपए में बनाया जा सकता हैं। इसके साथ हीं इस प्रोजेक्ट को बनाने में हमने ठंड सें बचाव का भीं एक विकल्प निकला हैं। छात्रा शीतल गुप्ता नें बताया इसमें हमने इमरजेंसी बटन भीं लगाया हैं जो दुर्घटना की स्थिति में तत्काल अपनों को और नजदीकी डॉक्टर को कॉल करने में मदद मिलेगी। खुशी मिश्रा नें बताया कि इस हेलमेट में नैनो हिटर प्लेट लगे हैं जो ज्यादा ठंड लगने पर हेलमेट में सर को गर्म भीं रखता है ।इसे बनाने में 5 दिनों को समय लगा है और हेलमेट के साथ प्रोजेक्ट को बनाने में 1250 रुपए का खर्च आया हैं ।इसे बनाने में, हेलमेट, स्टिल चैन, ब्लूटूथ मॉड्यूल, 3.7 वोल्ट बैटरी, इत्यादि उपकरणों का इस्तेमाल किया गया है ।संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह नें कहा कि संस्थान के छात्र नवाचार कर रहे हैं इसी क्रम मे इस बार संस्थान कि दो छात्राओं ने लगातार चाइनीज मांझे सें हो रही दुर्घटनाओं से बचाने के लिए एक उपकरण बनाया हैं ' ऐसे में छात्रों का प्रयास सराहनीय हैं ' इनके आईडिया सें चाइनीज मांझे सें होने वाली जानलेवा दुर्घटना को रोकने में मदद मिलेगी' इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

## भासपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने रविंद्र

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विधानसभा चौरी चौरा के ग्राम सभा चौरी के टोला सतहवा निवासी रविंद्र यादव को भारतीय सर्व जन पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उक्त आशय की जानकारी भासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक निषाद ने दी है। उन्होंने बताया कि इनके पार्टी में आने से पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। उनके मनोनयन पर अभिषेक निषाद, श्रवण कुमार निषाद एडवोकेट, हरिशंकर निषाद,ई रंजीत कुमार निषाद, श्रेया निषाद, प्रभु दयाल निषाद, मिथिलेश निषाद, ओमप्रकाश यादव, शंकर यादव, राजभजन मौर्य, अंबेलाल प्रजापति, नन्दू गुप्ता, सुमित निषाद, रामवृक्ष राव , डाक्टर रामप्रसाद निषाद संजय श्रीवास्तव सहित तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाइयां दी हैं।



संक्षेप

## पशु क्रूरता में एक अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अधि0 के अंतर्गत। वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 325 बीएनएस व 11 पशु क्रूरता अधि0 में वांछित अभियुक्त आशिक अली पुत्र मोहम्मद नबी को ग्राम लखहा अलीगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सोबरन सिंह, हे0का0 पन्नेलाल 3.हे0का0 राजकुमार शामिल रहे।

## सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रामरतन पुत्र प्रेमसागर निवासी ग्राम बेलहरा राजापुर बेनी थाना मोहम्मदी द्वारा सूचना दी गई कि बिचपरी मोड़ थाना मोहम्मदी खीरी के पास किसी अज्ञात मोटरसाइकिल ने प्रेमसागर पुत्र टोकाराम उम्र 56 वर्ष निवासी उपरोक्त जो साइकिल से बाजार मोहम्मदी से घरकी तरफ जा रहे थे, को पीछे से टक्कर मार दी है जिससे गंभीर चोट आई है। एम्बुलेंस कि सहायता से चोटिल प्रेमसागर को इलाज हेतुँ मोहम्मदी लाया गया जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक उपरोक्त का पंचायतनामा भरवाकर वास्ते कराने पी एम सादर मोर्चरी लखीमपुर भेजा जा रहा है।

## जेब कतरे ने उड़ाये 67 हजार

कलान-शाहजहांपुर /परौर थाना क्षेत्र के गांव गोलागंज निवासी मोहम्मद हसन एवं कुन्डरिया निवासी नंदलाल अमिदापुर मे स्थित शनिवार अपराहन 3 बजे पशु नखासे मे अपनी भैंस 67 हजार रुपए में बेचकर घर जाने के लिए परौर चौराहे पर ई रिक्शा पर बैठे थे। वहीं ई-रिक्शा पर एक अनजान व्यक्ति भी बैठ गया।बताते हैं कि ई-रिक्शा जब परौर रोड से सथरी मोड़ के आगे पहुंचा ही था कि मौका पाते ही अनजान व्यक्ति ने मोहम्मद हसन की जेब काट ली और उसमें रखें 67 हजार रुपए लेकर भाग खड़ा हुआ।बताया जाता है कि उसके आगे एक बाइक पर सवार व्यक्ति ने उसे बैठा लिया और भाग गया।सूचना मिलते तत्काल प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद ने चारो तरफ पुलिस फोर्स लगा दी।लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लग सका।उधर जेबकतरों की तलाश में पुलिस ने परौर रोड पर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला और उनकी निगरानी शुरू कर दी है।जिससे शातिर किस्म के जेब कतरे का सुराग लगाया जा सके।

## कल होगी नैतिक खेल और शारीरिक परीक्षा

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) कृषक समाज इंटर कालेज में कक्षा 10 बोर्ड की नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय की वार्षिक परीक्षा कल कराई जाएगी। प्रधानाचार्य एपी सरोज ने कक्षा 10 बोर्ड की नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा 13 जनवरी दिन सोमवार को प्रथम पाली में सुबह 9: 45 से 12: 15 तक विद्यालय में होगी और कक्षा 12 बोर्ड की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की वार्षिक लिखित परीक्षा भी 13 जनवरी को ही विद्यालय में द्वितीय पाली में दोपहर 12: 45 से 3:15 बजे तक सम्पन्न कराई जायेंगी। जिसमें सभी छात्र/छात्राओं को सम्मिलित होना अनिवार्य है।

# कुम्भ स्पेशल ट्रेनें गोला व लखीमपुर में रुकें



- पूर्व सांसद ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और डीआरएम को भेजा पत्र

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन कासगंज से झूसी (प्रयागराज) तक किया जा रहा है लेकिन जिला मुख्यालय और छोटी काशी में ठहराव न होने से लोगों में नाराजगी है। जिसको लेकर पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व डीआरएम को पत्र भेजकर दोनों स्थानों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग की है।

पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार व डीआरएम लखनऊ को भेजे पत्र में कहा है कि महाकुंभ को लेकर ट्रेन नं0 05314 कासगंज से झूसी (प्रयागराज) तक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है जो कि कासगंज से बदायूं, बरेली, पीलीभीत, पुरनपुर, मैलानी और सीधे सीतापुर में ठहराव किया गया है। वहीं दूसरी ट्रेन नं0 05312 काठगोदाम से झूसी (प्रयागराज) तक चलाई जा रही है। उक्त दोनों ट्रेनों का ठहराव लखीमपुर जिला मुख्यालय, छोटी काशी के गोला गोकर्णनाथ स्टेशन पर ठहराव नहीं किया गया है। जबकि सावन माह में लगभग 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के छोटी काशी पहुंचकर पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक किया था। श्री वर्मा ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व डीआरएम से दोनों ट्रेनों का ठहराव गोला गोकर्णनाथ तथा लखीमपुर खीरी स्टेशन पर कराने की मांग की है। जिससे यहाँ के वाशिंदों को भी कुम्भ स्पेशल ट्रेनों लाभ मिल सके।

## जिला खीरी के मेधावियों को मिला सम्मान




मोहम्मदी खीरी। नगर के अस्तल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में लाला उमाशंकर रस्तोगी स्मृति न्यास द्वारा आयोजित मेधावी अलंकरण समारोह में जिला के हाइस्कूल और इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक गुलशन कुमार भसीन और संचालन प्रवक्ता विनोद श्रीवास्तव ने किया।

आयोजन में हाइस्कूल के तेजस्वी नारायण शर्मा, नैंसी वर्मा, सौरभ वर्मा, आयुष, रामराज्य सिंह, अर्थव पाण्डेय, मोंटी सिंह, आयुष, शिवा, मान्यता शुक्ला, उज्ज्वल शर्मा आदि के अलावा इंटर की स्मृति सिंह, अक्षत पांचाल, अभय प्रताप सिंह, वैष्णवी गुप्ता, अस्मिता पाण्डेय, अनामिका, अंशिका मिश्रा, शिवांगी सिंह सहित तमाम विद्यार्थी सम्मानित किए गए। वही पीडी इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर समां बांध दी है। कार्यक्रम में लखीमपुर के दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालेज के प्रिंसिपल वाई के सिंह, गोला के महेंद्र त्रिपाठी, नपाध्यक्ष अध्यक्ष चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा ,डॉ कमलेश कुमार दीक्षित, मनोज खरे, मनोज वर्मा, श्याम नारायण वर्मा, सुनीता वर्मा, पवन कुमार वर्मा, वी पी सिंह एड सहित तमाम छात्र और अभिभावक मौजूद रहे।

## कृष्ण स्वरूप मिश्रा मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा मंडल महामंत्री बने



कलान-शाहजहांपुर /ब्राम्हण समाज समिति उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न शनिवार को मोहन आदर्श इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि/संरक्षक केशव चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुयी।बैठक में सर्वसम्मति से मोहन आदर्श इंटर कॉलेज के संरक्षक कृष्ण स्वरूप मिश्रा को संगठन की मेन बॉडी का मंडल अध्यक्ष, अखिलेश मिश्रा को मंडल महामंत्री, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा और युवा मोर्चा महामंत्री दुर्गेश तिवारी को मनोनीत किया गया। इस दौरान बैठक में डॉ के के शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष, राकेश कुमार पाण्डेय पूर्व जिला महामंत्री, ज्ञानेश बाजपेयी पूर्व प्रधानाचार्य, अशोक मिश्र जिला उपाध्यक्ष, आरेंद्र मिश्र महानगर अध्यक्ष, रवि मिश्र समाज सेवी वरिष्ठ अधिवक्ता, दिनेश पाण्डेय, विजय मोहन मिश्रा, डा०मोहित मिश्रा, सचिन मिश्रा, ब्रह्मदेव शुक्ला, देवेश मिश्रा, बृजनन्दन शुक्ला, राघवेन्द्र मिश्रा, अभिनव दीक्षित, राकेश मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, ललित मोहन मिश्रा, विपिन तिवारी समेत ब्राह्मण समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

## खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने की मासिक बैठक




लखीमपुर खीरी ' समाजवादी पार्टी 27 जनवरी से ज़िले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पी डी ए पंचायतों का आयोजन करेगी ' । खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोहिया भवन में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में दी।

उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों की उपेक्षा कर रही है, उनका अकारण उत्पीडन किया जा रहा है, उन्हें संविधान से प्रदत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है ' अगामी 27 जनवरी से ज़िले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में पी डी ए की आयोजित की जाने वाली पंचायतों में समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही बी जे पी सरकारों द्वारा पी डी ए के लोगों पर किए जाने वाले अत्याचारों का भंडाफोड़ किया जाएगा। उन्होने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए आज से ही काम शुरू कर दे ' बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पी डी ए की पंचायतों में दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक को एकजुट करें, सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करें और पंचायतों में उनके अधिकारों की रक्षा करने की बाबत चर्चा करें ' बैठक का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।

बैठक को पूर्व एम एल सी शशांक यादव, पूर्व सांसद दाऊद अहमद, पूर्व विधायकों में विनय तिवारी, रामशरण , सुनील लाला, डॉ आर ए उस्मानी, प्रीतेंद्र सिंह कक्कू, पूर्व जिला अध्यक्ष मो कयूम खान, अनुराग पटेल, गुरुप्रीत सिंह जार्जी , हिमांशु पटेल, आर पी चौधरी, नरेश यादव ने भी बैठक को सम्बोधित किया।

# मेड़ तोड़ने वालों के विरुद्ध दर्ज करें एफआइआर: डीएम



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को थाना सिंधौली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जन शिकायते सुनी। डीएम ने प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील होकर निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को परेशान न होना पड़े।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई के दौरान सभी क्षेत्रीय संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पैमाईश मेड़बंदी की शिकायत किसी भी दशा में मुख्यालय जिलाधिकारी कार्यालय तक नहीं आनी चाहिए। पैमाईश मेड़बंदी की शिकायतों का गंभीरता से समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए है कि मेड़बंदी के बाद यदि कोई मेड़ तोड़ता है तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कुर्रा दाखिल, पैमाईश, मेड़बंदी आदि प्रकरणों में किसी कर्मचारी द्वारा पैसा लेने की शिकायत आती है तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्रीकरण को लेकर जिला अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में एक सीएससी को अटैच किया जाए और पंचायत सहायक तथा ग्राम प्रधान लोगों को इकट्ठा कर अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्रीकरण कराएं। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवादों की शिकायतों को पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। पुलिस अधिक्षक ने गत थाना समाधान दिवस की निस्तारित शिकायतों की भी समीक्षा की एवं शिकायत रजिस्टर भी देखा। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर 4-नंबर, मलखाना रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, एनसीआर, आइजीआरएस एवं त्योहार रजिस्टर को देखा। उन्होने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंदर मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनार्वृत्ति न होने पाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदीगृह, मलखान, कार्यालय सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण भी किया।

## रोटरेक्ट क्लब ने वाहनों पर लगायी रेडियम पट्टी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ द्वारा चीनी मिल में ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम स्टीकर लगाए गए।

सड़क सुरक्षा माह 11जनवरी से 17 जनवरी के मध्य मनाया जाना तय हुआ है। सड़क सुरक्षा माह के तहत रोटरेक्ट क्लब के सदस्यों द्वारा चीनी मिल में आने जाने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रेडियम स्टीकर लगाए गए और किसानों को सड़क सुरक्षा माह की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों के पालन कराने की अपील की गई। क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र अनुराग, सचिव फरीद अहमद, पूर्व डीआरआर कर्म सिंह, पूर्व डीआरआर रिशु महेश्वरी, रोट. आनंद सिंह, आदेश वर्मा, पंकज जायसवाल, पटेल सुशील वर्मा, अभिषेक वर्मा, दिलीप कुमार, आनन्द अर्कवंशी, ठाकुर गौरीश सिंह, हर्षित गुप्ता विकास गुप्ता द्वारा अभियान चलाते हुए चैराहों से निकलने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोककर उनमें रेडियम स्टीकर लगाए और किसानों से सड़क सुरक्षा माह को लेकर संवाद किया गया। रेडियम स्टीकर के बारे में जानकारी देते हुए ह्लरोटरेक्ट सचिव ने किसानों से कहा कि इस रेडियम स्टीकर से कोहरा में ट्रैक्टर ट्रॉली दिख जाती है। जिससे हादसे कम होने की संभावना रहती है। साथ ही उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने को कहा है।

## अवैध निर्माण को पुलिस ने रोका

लखीमपुर खीरी। शांति धर्मदा कमेटी कामनाथ अस्पताल में नजूल की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम ने पहुंचकर रुकवा दिया। शांति धर्मदा कमेटी में कामनाथ अस्पताल में आना पैथोलॉजी लैब के संचालक द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दो मंजिला अवैध निर्माण किया गया। अवैध निर्माण की जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ राय, नगर पालिका लखीमपुर के लिपिक अमित सोनी, जेल चौकी इंचार्ज श्री राठी ने मौके पर पहुंचकर अन्ना पैथोलॉजी पर चल रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया। एक अन्य दुकान पर आवेश निर्माण चल रहा था जिसका नाम पता नहीं चल सका फिलहाल दोनों अवैध निर्माण को एसडीएम के निर्देश पर रुकवा दिया गया है।

## थाना समाधान दिवस में आयीं पांच शिकायतें, एक का भी मौके पर नहीं हो सका निस्तारण



कलान-शाहजहांपुर /शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी कलान चित्रा निर्वाल एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अमित चौरसिया की अध्यक्षता में किया गयाथाने पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम चित्रा निर्वाल एवं सीओ अमित चौरसिया ने थाने पर आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और तत्काल संबंधित विभाग को निस्तारण करने के निर्देश दिये।इसी बीच जिला मुख्यालय से एसडीएम को सूचना मिलने पर वह आवश्यक कार्य हेतु जिला मुख्यालय को रवाना हो गयीं।बाद में सीओ अमित चौरसिया ने शिकायतें सुनीं।थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें आयी।प्राप्त सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी।मौके पर किसी एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।शिकायत करने वालों में धर्मराज कश्यप निवासी ग्राम कबरा सलेमपुर तथा राममूर्ति कश्यप निवासी ग्राम भर्रामई आज लोग शामिल रहे।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद, वरिष्ठ उप अनवार अहमद, अन्य उपनिरीक्षक गण, राजस्व निरीक्षक रामकुमार, लेखपाल शशिकांत मनोज कुमार आदि अन्य राजस्व कर्मी एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से कट कर युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मैलानी क्षेत्र में रेल के इंजन की चपेट में आने से एक अधेड़ कट कर मौत हो गयी। वह रेलवे लाइन पार कर रहा था। घटना की सूचना लोकोपायलट द्वारा बांकेगंज में स्टेशन मास्टर को दी गयी। स्टेशन मास्टर ने पुलिस चैकी और गोला जीआरपी को सूचना दी है। जीआरपी दरोगा विनोद कुमार और चौकी इंचार्ज बांकेगंज संतोष तिवारी ने मौके पर पहुंचे और शव की पहचान करवायी। मृतक की पहचान बांकेगंज क्षेत्र के गांव प्रतापपुर निवासी 45 वर्षीय राजाराम उर्फ मलखे पुत्र विन्द्रा के रूप में हुई है। घटना बांकेगंज रेलवे स्टेशन से करीब 3 किमी दूर पोल संख्या 176/10 के निकट की है। जब शनिवार दोपहर एक इंजन गोला से चलकर बांकेगंज की ओर जा रहा था। उसी समय राजाराम रेलवे लाइन पार कर रहा था और इंजन की चपेट में आ गया। ग्रामीण बताते हैं कि यह युवक शराब पीने का आदी था। आये दिन के झगड़े से परेशान होकर करीब 6 माह पहले उसकी पत्नी उसको छोड़कर चली गयी थी। मृतक अपने पीछे 4 बेटियों को छोड़ गया है । जिसमें 2 बच्चे पत्नी लेकर चली गयी थी।

## तौलेपुर में फंदे पर झूल गया युवक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मैलानी थाना क्षेत्र के तौलेपुर गांव में एक युवक ने पेड़ से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।थाना क्षेत्र के ग्राम तौलेपुर निवासी 40 वर्षीय जोगेंद्र शुक्रवार की शाम अपने ही घर के आंगन में खडे पेड़ से फंदे पर झूल गया।उस समय उसके घर में कोई नहीं था। पत्नी बसंती खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गई थी। बेटी करिश्मा भी कोचिंग को गई थी। मृतक के दोनों बेटे रोहित और दीपक बाहर मजदूरी करते हैं। सूचना पर उप निरीक्षक प्रेम चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका।

## दो युवकों का का प्रेम बना चर्चा का विषय

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के एक गांव के युवक की केराकत क्षेत्र के एक युवक की इंस्टाग्राम की प्रेम कहानी ने अजीब रूप ले लिया। केराकत के युवक ने अपने घर वालों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र दिया था।जिस पर पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने बुलाया। क्षेत्र के निवासी 18 वर्षीय युवक अपने माँ बाप के साथ मुंबई के नालासोपारा में रहता था। उसका सात माह पूर्व जफराबाद क्षेत्र के युवक से सम्बन्ध बन गया। यह सम्बन्ध प्रेम का रूप धर लिया। दोनो एक दूसरे को चाहने लगे। एक दूसरे से शादी की बात तय करके सात दिसम्बर को मुंबई वाला युवक अपने प्रेमी के घर आ गया। इसकी जानकारी होने पर उसके परिवार के लोग मुम्बई से आ गए। उन लोगों ने अपने बेटे को 25 दिन बाद वापस अपने घर लिवा गए। उसके दो चार दिन बाद युवक फिर भागकर अपने प्रेमी के घर चला गया।वहाँ पहुंचकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया कि उसके परिजन उसके साथ जबरदस्ती कर रहे है। साथ ही मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलवाया। जहां युवक एक दूसरे के साथ रहने की जिद पर अड़े है।

## लक्ष्य को जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में ब्लॉक मुंगराबादशाहपुर में शासन की प्राथमिकताओं में शामिल फार्मर रजिस्ट्री के कार्य, फैमिली आईडी, जीरो पॉवर्टी सर्वे, आदि के कार्य में लगाए गए ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, सहित अन्य कार्मिकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कार्यों की समीक्षा की साथ ही उन्हें लक्ष्य प्राप्ति हेतु जागरूक और प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी आदि के साथ संवाद करते हुए जीरो पॉवर्टी सर्वे, फैमिली आईडी, आवास पर लोगो लगाए जाने, फार्मर रजिस्ट्री आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए कार्य की प्रगति को बढ़ाने तथा लक्ष्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि रात में भी कैंप लगाकर कार्य किए जाए। ग्राम प्रधान के समन्वय से सीएससी सेंटर पर भी कार्य करते हुए प्रत्येक ग्राम में समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री किए जाए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डल्लू राम धर्मशाला का भी ध्वस्तीकरण शुरू



- जल्द बनाई जायेगी कॉरिडोर की बाउंड्री वाल

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण को लेकर शनिवार को मजदूरों ने डल्लूराम धर्मशाला का ध्वस्तीकरण हथौड़े से शुरू कर दिया है। इससे पूर्व ध्वस्त किए गए श्री हंस राम मूलचंद अग्निहोत्री धर्मशाला, जिला पंचायत की भूमि पर निर्मित दुकान, भवन और गोकर्ण तीर्थ से मलबा हटाने का काम जेसीबी और पोकलेन के द्वारा किया गया।

कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जेई विवेक वाजपेयी और लेखपाल जयप्रकाश वर्मा के साथ परिक्षेत्र और फरूखाबाद धर्मशाला में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किया। गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण को लेकर सबसे पहले जिला पंचायत द्वारा निर्मित 13 और सात दुकान और एक भवन ध्वस्त किया गया। उसके बाद नगर पालिका द्वारा निर्मित सात दुकान और शौचालय ध्वस्त हुआ। फिर अंगद धर्मशाला, बद्री प्रसाद बरेली धर्मशाला, महादेवा धर्मशाला, गोस्वामी धर्मशाला, रामपुर धर्मशाला सहित लगभग 20 भवन और मकान ध्वस्त किए जा चुके हैं। इसी के साथ आठ मीटर चैड़े वीआईपी मार्ग निर्माण को लेकर विधायक अमन गिरि के पुश्तैनी मकान सहित सात मकान आंशिक रूप से ध्वस्त किए जा रहे हैं। डल्लू राम धर्मशाला को हथौड़े से ध्वस्त किया जाना शुरू हो गया है। गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों का काम शुक्रवार से तेजी के साथ शुरू हो गया है। एक-दो दिन में गोकर्ण कारिडोर को लेकर बाउंड्री वाल बनाए जाने का काम शुरू होने का अनुमान है। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को डल्लूराम धर्मशाला को हथौड़े से ध्वस्त किया जाना शुरू हो गया है। रविवार को तेजी दिखाई देगी। इसके साथ डल्लूराम मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर नया लुक दिया जायेगा।

## यज्ञ की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने कमाया पुण्य लाभ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शिवसाधना गुरुकुल गोमती मठ के तत्वावधान में श्री विद्यार्चन अहोरात्र्यात्म पंच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कालेज के कनिष्ठ विभाग में सात जनवरी से 13 जनवरी तक होने वाली महालक्ष्मी यज्ञ के पांचवें दिन नगर के सुनील अग्निहोत्री, रमेशचंद्र दीक्षित, आदेश कुमार, राहुल, विनय उमेश तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, नीलम कश्यप, प्रियंका दीक्षित, पूनम, रीना रानी सहित ग्रामीण क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। अखंड होमाहुति में मुख्य यजमान विजय शुक्ल रिंकू, आनंद त्रिवेदी, उमेश मिश्र, विजय माहेश्वरी, सुशील पांडे, शरद गुप्ता, विजय बाजपेयी आदि ने यज्ञ में आहुतियां डालकर विद्यार्चन किया। आचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन ने वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञ में आहुतियां डलवाईं।

# नशा छोड़ खेल से जुड़ें युवा : रवि प्रकाश



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) नेहरू युवा केंद्र द्वारा फिट इंडिया फिटनेस क्लबों की स्थापना को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विकास खण्ड स्तर खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कृषक समाज इंटर कॉलेज में दो दिवसीय क्लस्टर लेवल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। जिसमें विकास खंड कुम्भी गोला के साथ बांकेगंज और रमियाबेहड़ के 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रधानाचार्य एपी सरोज एवं पटेल सुशील वर्मा रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि उन्हें खुशी हो रही है कि नेहरू युवा केंद्र समय-समय पर युवाओं को जागरुक कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है और उन युवाओं से आग्रह है जो युवा किन्हीं कारणों की वजह से नशे में सम्लिप्त हो रहे हैं। वह सभी युवा नशे को छोड़कर खेल से जुड़े जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा और वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। वही कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग कबड्डी में सुआबोझ मैलानी विजेता और गोला देहात उपविजेता रही। 500 मी स्लो साइकिल रेस में शीतल प्रथम, रागनी द्वितीय अस्मिता राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अयान प्रथम, जुगनेश द्वितीय और प्रिंस गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में दिव्यांशु विजेता कुणाल उपविजेता रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल और आशीष पांडे द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को खेल किट और सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मूवमेंट देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका सरोज कुमार वर्मा, मकसूद अली, कपिल वर्मा और सीटू ने निभाई।

इस अवसर पर युवा मंडल के सदस्य और विद्यालय के अध्यापकगढ़ और तमाम खेलप्रेमी मौजूद थे।

संक्षेप

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

आजमगढ़। शहर से नरौली चैराहा पर उप संभागीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के माह के तहत यातायात सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान अधिकारियों को गुलाब फूल देकर वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने आदि के बारे में जानकारी दी गई। एआरटीओ प्रशासन वीडी मिश्रा एवं आरटीओ आरआई पवन सोनकर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से करना बेहद जरूरी है। वाहन चलाते से हेलमेट, सीट वेल्ट जरूर लगाकर चलाये। इस अवसर पर टीआई धनंजय शर्मा, अवधेश, रानी दूबे समेत स्काउट गाइड के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक एवं बच्चे शामिल रहे।

## चौकी का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

आजजमगढ़। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने शुक्रवार की शाम जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र की दो पुलिस चौकी का निरीक्षण किए। उन्होंने पुलिस चौकी अजमतगढ़ और पुलिस चौकी इमलिया की व्यवस्था को परखा। निरीक्षण में चैकी में रखे अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चौकी परिसर के भोजनालय, शौचालय का निरीक्षण कर वयवस्था देखी जनसुनवाई रजिस्टर और आरक्षियों का बीट बुक भी चेक किये। तत्पश्चात पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उनकी समस्याओं को सुना। समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये।

## विवाह विच्छेद के बहाने बुलाकर पीट

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरौनी पश्चिमपट्टी निवासी कृष्ण यादव ने आरोप लगाते हुए बताया की छितौना ग्राम निवासी रमेश यादव ने मेरे भाई मुरारी यादव पर अपने सहयोगियों संघ मिलकर चाकू व पंजे से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। कृष्णा यादव ने बताया कि रमेश यादव की शादी छितौना ग्राम में हुआ था ।विवाद होने के बाद विवाह विच्छेद की बात चल रही थी की रमेश यादव ने बातचीत के लिए बुलाया और सहयोगियों संघ मिलकर मुरारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।जिसकी जानकारी पाते ही कृष्णा यादव ने पहुँच मुरारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया ।जहाँ गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जौनपुर रेफर कर दिया। कृष्ण यादव ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की माँग की है।

## चाइनीज मांझा के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर। शहर कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मंझा के साथ एक अभियुक्त रोहित पाल उर्फ लाला निवासी मोहल्ला नईपुरा थाना जफराबाद हाल पता मोहल्ला नईगंज थाना कोतवाली को 08 अंटा चाइनीज मंझा के साथ पकडा ।मंझा बरामदगी के आधार पर धारा 223(2)/293/125 पर्यावरण संरक्षण अधि0 के तहत मुकदमा के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## थाने से प्राप्त लावारिस शव हुआ दफन

जौनपुर। लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी ने जिले के रामपुर थाने से मिला एक शव दफन करवाया। शव के बारे में पुलिस ने बताया की उक्त शव थाना क्षेत्र के डीह स्थान के पास मृत हालत में मिला था जिसको 72 घंटे रखने के बाद पोस्टमार्टम होने पर पता चला की मुस्लिम समुदाय का है तो कमेटी को सौंप दिया गया। शव को बाद नमाज जनाजा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ दफनवाया गया ।जनाजे की नमाज हाफिज अजहर रसीदाबाद ने पढ़ाई,कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद ने बताया की यह कमेटी द्वारा 149 वी मिट्टी दफन करवाई गई है ।अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में कमेटी पिछले लॉक डाउन से यह कार्य कर रही है। उक्त मिट्टी में विशेष सहयोग समाजसेवी शकील ड्रग्स, फिरदौस बानो, शहजादे, अब्दुल समद, अबुसाद, हाफिज जावेद मारूफपुरी, डॉ अकील,शाह फहद, हफीज शाह, वारिश अली परवाना का रहा वही मिट्टी में आतीक, शहजादे, अकरम मंसूरी, नूरुद्दीन मंसूरी सहित पुलिस प्रशासन की तरफ से गौरव मिश्र कॉन्स्टेबल विनोद यादव मौजूद रहे।

# व्यवस्थित होना चाहिए कुंभ मेला के लिए यातायात

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। भव्य महाकुंभ की आवश्यक तैयारियां के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ की उपस्थिति में समीक्षा बैठक कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सड़कों के मरम्मत, साइनेज बोर्ड, डिवाइडर पेंटिंग, सड़कों के ब्लैक टॉप कराए जाने आदि के संबंध में जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कुंभ मेला के दृष्टिगत सड़कों की पैचिंग सहित अन्य आवश्यक तैयारियां कर दी गई है। उन्होंने बसों के डाइवर्जन के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी के द्वारा यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कुंभ मेला के दौरान यातायात प्रबंधन व्यवस्था सुव्यवस्थित होना चाहिए जिससे मेला के दौरान जाम न लगने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टोल प्लाजा पर अलाव, रिफ्लेक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों से कहा कि आस्था के इस महापर्व में सुदूर क्षेत्र से आए श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु इस पावन पर्व में हिस्सा लेते हैं ,अतः हम सब का दायित्व बनता है कि उन्हें उत्तम व्यवस्था के साथ तीर्थ नगरी प्रयागराज में पहुंचाएं ,फिर पुनः वापस होते समय यातायात की सुगमता और अन्य व्यवस्थाएं जो हो सके प्रदान करते हुए उन्हें उनके गंतव्य स्थल की ओर रवाना करें , श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके पूर्व मे अधिकारियों के द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई ,साइनेज सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रकार की आवश्यकता तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर कपिल मुनि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार,अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबिष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें



जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना लाइन बाजार में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस का उददेश्य है कि जो भी समस्याए प्राथमिकता पर समाधान के योग्य है उनपर त्वरित रूप से कार्य करते हुए निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने अपराधियों के खिलाफ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के दौरान समस्याओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। प्रेस क्लब के तत्वावधान में स्मृति शेष अध्यक्ष कपिल देव मौर्य की याद में सैकड़ों गरीबों को कंबल वितरण का आयोजन अध्यक्ष शम्भू सिंह सोलंकी व अजय प्रताप पाल , महामंत्री आशीष पांडेय के देख रेख में हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि जलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद सिंह व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष स्व0 कपिल देव मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों को बुके , माल्यार्पण, अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह दे कर स्वागत किया गया। तदुपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने को कंबल प्रदान किया,जिससे उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान भारी संख्या में जरूरतमंद कम्बल लेने वाले मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक पुनीत काम है । यह सबसे उचित निर्णय है ,समाज में इस तरह के काम होते रहने चाहिए जिससे जरूरतमन्द को राहत मिल सके , पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है जो भी संभव मदद होगी इस संस्था को मैं भी करूंगा। क प्रदेश सरकार मे दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रही संगीता यादव व हिन्दू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डा0अंजना सिंह कम्बल वितरण कार्यक्रम मे अपनी सहभागिता निभाई। वरिष्ठ पत्रकार लोलारक दुबे और स्व0 कपिल देव मौर्य की पत्नी को अधिकारी द्वय ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कपिल देव मौर्य को श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि ऐसे लोगों की याद में इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। संचालन संपादक रामजी जायसवाल ने किया और महामंत्री आशीष पाण्डेय स्वागत भाषण किया। ,वीरेन्द्र सिंह, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव कुंवर दीपक सिंह ,अजय सिंह, शशि मौर्य, सौरभ श्रीवास्तव ,सरस सिंह,श्रमित उपाध्याय सहित तहसील अध्यक्ष बदलापुर हुबलाल यादव, मडियांहू तहसील अध्यक्ष जगदीश सिंह , केराकत तहसील महामंत्री अमित सिंह अपनी पुरी टीम के साथ मौजूद रहे। संजय उपाध्याय, दीनानाथ सिंह, देवमणी यादव, रमेश शुक्ला,रमेश चन्द्र पाल,कमलेश राय,संतोष उपाध्याय,डा0 चेतन पान्डेय, डा0जे पी0सिह, सिनटू, रविंद्र मिश्रा, प्रिन्सिपल श्वेता राय व तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## स्वेटर पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिले



जौनपुर। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में दिव्यांग बच्चों के बीच तृप्ति जलपान गृह के प्रो. विमल गुप्ता व उनकी पत्नी अंजना गुप्ता ने सभी बच्चों को स्वेटर व मिष्ठान वितरित किया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विमल गुप्ता ने कहा मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं , ऐसे बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहें हैं जो समाज से कटे है ।मै हर सम्भव इन बच्चों की मदद के लिए तत्पर रहूंगा संस्था संचालक डॉ0 प्रमोद कुमार सैनी ने बताया कि यह संस्थान दिव्यांग बच्चों को निः शुल्क शिक्षण प्रशिक्षण भोजन कपड़ा स्वास्थ परिक्षण दिव्यांग प्रणाम पत्र उपकरण आदि सुविधा उपलब्ध कराता है और आगे भी कराता रहेगा मिशन मानव सेवा सच्ची सेवा यह दिव्यांग संस्थान परिवार आप सभी का सदैव आभारी रहेगा मिशन मानव सेवा सच्ची सेवा अपनी खुशी के लिए दुनियां जी रही है कभी इन बच्चों को खुश करके देखिए स्वर्ग धरा पर ही नजर आएगा। मनोज माली, सोनम यादव, मंजू प्रजापति, काजल प्रजापति, शिवम् सैनी सत्या लकी यादव, मनोज गुप्ता राजेश कुमार,सुमन आदि दिव्यांग बच्चे उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने 24 अभियुक्तों को 6 माह के लिए किया प्रतिबंधित

मीरजापुर। जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने अपने न्यायालय में विभिन्न अपराधो में संलिप्त अभियुक्तो को दोषी ठहराते हुये 24 अभियुक्तो के विरूद्ध आदेश पारित करते हुये 06 माह के लिये प्रतिबन्धित करने का आदेश दिया। जिनको प्रतिबंधित किए गए लोगों में, पवन कुमार उर्फ बरसाती पुत्र शिवनाथ थाना अहरौरा, बेलाल अली पुत्र मरहम थाना कोतवाली कटरा, रामलखन उर्फ नकहू पुत्र शिवनाथ थाना अहरौरा, आलोक सिंह पुत्र सुन्दर थाना चुनार, अरविन्द उर्फ पचई पुत्र मनका थाना चील्ह, शिव कुमार पुत्र मंगरू थाना चील्ह, समऊ बिन्द पुत्र मेवालाल थाना कोतवाली कटरा, चन्दन पुत्र कन्हैया लाल थाना कोतवाली, लव कुमार बिन्द पुत्र झन्ना लाल थाना कोतवाली कटरा, कुश कुमार पुत्र झन्ना लाल थाना कोतवाली कटरा, गुलाबधर पुत्र सुकई थाना चील्ह, सुरेश पुत्र कन्हैया थाना चील्ह, सुभाष पुत्र सुकई थाना चील्ह, छोटू उर्फ राजा पुत्र स्व0 शीतला थाना कोतवाली शहर, गोलू उर्फ कलीम पुत्र जहांगीर थाना अहरौरा, कल्लू शर्मा उर्फ चंचल पुत्र दीनानाथ थाना अदलहाट, अशीष जायसवाल पुत्र राजकुमार थाना कोतवाली देहात, पवन कुमार पुत्र दया सोनकर थाना पड़री, पंकज जायसवाल पुत्र गोपाल थाना जिगना, बंटी पुत्र अनवर थाना कोतवाली कटरा, तौफीक अहमद पुत्र सलीम अहमद थाना कोतवाली कटरा, मंजीत यादव पुत्र फूलचन्द थाना चील्ह, इरसाद खां पुत्र अलाउद्दीन थाना कोतवाली देहात एवं मनेन्द्र यादव पुत्र जीवन थाना चील्ह शामिल हैं।

## जनपद के सीमावर्ती थानों जिगना व चिल्ह में स्थित बार्डर बैरियर व मोर्चाबंदी का निरीक्षण



मीरजापुर। प्रयागराज महाकुम्भ- 2025 के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन वर्मा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ आपरेशन चक्रव्यूह के तहत मीरजापुर-प्रयागराज-भदोही के सीमाओं, पाली बार्डर जिगना, चिल्ह-औराई बार्डर व चेतगंज-गोपीगंज पर जिग-जैक बैरियर एवं मोचार्बंदी का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रयागराज की तरफ जाने वाले प्रत्येक वाहनों,व्यक्तियों व वस्तुओं की सघन चेकिंग करायी जा रही है तथा साथ ही साथ सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी करायी जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद में बने डायवर्जन प्लान को लागू कर दिया गया है तथा पुलिस कर्मियो द्वारा आम जनमानस व प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले श्रद्धालुजन की सहायता हेतु पुलिस सहायता केन्द्र भी बनाए गए है, जिनके द्वारा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुजन को प्रयागराज महाकुम्भ जाने हेतु मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो के बारे में जानकारी दी जायेगी। मीरजापुर जनपद प्रयागराज का सीमावर्ती जिला होने के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जनपद से होगा तथा अधिक संख्या में श्रद्धालुगण जाते अथवा आते समय विन्ध्याचल स्थित मां विन्ध्यवासिनी देवी का भी दर्शन पूजन करने जा सकते है। जिसके मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी के सुगम दर्शन-पूजन हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक बंदोबस्त किया गया हैं।

# मकर संक्रान्ति पर सजीं गुड़ उत्पादों की दुकानें

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। मकर संक्रान्ति निकट आने के साथ ही नगर में गुड़ से बनी पारंपरिक चीजों की खूब बिक्री हो रही है। प्रमुख बाजारों में पतंग, लाई चूड़ा, गुड़, तिलकुट व दान-पुण्य की चीजों की खरीदारी जोरों पर है।

शहर से लेकर ग्रामीण बाजारों में तिलकुट और गुड़ से बनी पारंपरिक चीजों को सौंधी खुशबू तैर रही जिससे बाजारों की रौनक बढ़ गयी है. सुबह आठ बजे से ही लोग संक्रांति के लिए गुड़ और चूड़ा खरीद रहे हैं। अधिकतर दुकान के सामने आजकल सिर्फ चूड़ा और गुड़ की ही बिक्री हो रही है. काला और सफेद तिल व तिलकुट की बिक्री में भी काफी तेजी आयी है-तिलकुट निर्माण में दिन-रात जुटे हैं कारीगर. जिलेभर में विभिन्न ब्रांड के तिलकुट से भरा डब्बा लोगों को मिल रही है. साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए शूगर फ्री तिलकुट भी बाजार में उपलब्ध है.ओलन्दगंज, चहरसू कासेतवाली चैराहा, सहित विभिन्न मार्ग के किनारे व मोहल्ला स्थित दुकान में आये दिन इस प्रकार की दर्जनों दुकान सजी हुई है. इसके अलावे कुछ दुकान पर दिन-रात कारीगर के द्वारा तिलकुट को तैयार कर पैकिंग किया जा रहा है. । पहले तिलकुट के लिए ।

मकर संक्रांति के दिन दान-पुण्य का है विशेष महत्व। मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति का त्यौहार हिंदू धर्म में एक प्रमुख पर्व है, जो हर वर्ष जनवरी में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव की उपासना और फसल कटाई के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है।. मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन तिल-गुड़ का सेवन व दान पुण्य करना बहुत शुभ माना जाता है. जो आपसी प्रेम और सौहार्द को भी बढ़ावा देता है. साथ ही इस दिन तिल, चूड़ा, उड़द दाल, चावल, कंबल एवं धन का दान करना बहुत शुभ माना जाता है. यदि आप इन चीजों का दान करते हैं तो घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता बनी रहती है. उधर मकर संक्रांति के दिन से ही बसंत ऋतु का आगाज हो जाता है. जिसकी वजह से इस पर्व का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है. मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त.

## मकर संक्रांति मनाने का अलग महत्व

जौनपुर। मकर संक्रांति का त्योहार जब सूर्य मकर राशि में गोचर करते है उस दिन मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है।

यह त्योहार सूर्य के गोचर के अनुसार मनाया जाता है, । मकर संक्रांति का अलग महत्व है. इस त्योहार को अलग अलग नाम से जाना जाता है इन्हें पोंगल, खिचड़ी, मकर संक्रांति, लोहड़ी, उतरायण के नाम से जाना जाता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार सूर्य पुरे साल में 12 बार अपना राशि का परिवर्तन करते है सूर्य जिस राशि में गोचर करते है उस राशि के नाम से संक्रांति जाना जाता है इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है जिसे मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है. इस दिन दान पुन्य करने का बहुत ही ज्यादा महत्व होता है। कृषि प्रधान देश है यह त्योहार माघ के महीने में मनाया जाता है क्योंकि इस समय किसान खेत से धान का फसल कटाई करके तेलहन और दलहन की फसल की कटाई का दौर आरंभ होता है शरद ऋतू का अंत तथा बसंत ऋतू का आरंभ होता है. इसलिए किसान मकर संक्रांति को बहुत धूम -धाम से मनाते है। खगोलशास्त्र के अनुसार सूर्य का दो अयन है जिसे हम उतरायण तथा दक्षिणायन कहते है. एक वर्ष में 12 महीने होता है और सूर्य के दो अयन होने के कारण एक अयन की अवधि 6 महीने का होता है. मकर संक्रांति के दिन से सूर्य उतरायण में होते है और आगे 06 महिना तक सूर्य उतरायण ही रहेंगे.मान्यता यह है जब सूर्य उतरायण होते है इस दिन से राक्षस का रात्रि आरंभ होता है और देवताओं का दिन की शुरूआत माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन स्नान करने से ग्रह दोष दूर होते है इस दिन कम्बल, तिल ,काला उरद ,गुड का दान करने से मोक्ष की प्राप्ति होता है।

प्रातः 09:03 बजे से शाम 05:42 तक है. जिसमें संक्रांति अवधि 08 घंटे 39 मिनट है. साथ ही मकर संक्रांति ब्रह्म मुहूर्त में 14 जनवरी को प्रातः 05:27 बजे से प्रातः 06: 21 बजे तक है. मकर संक्रांति अमृत काल 14 जनवरी को प्रातः 07: 55 बजे से 09:29 बजे तक है।

# अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया। जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। इसी के साथ ही महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एंबुलेंस सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन- शक्ति- अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।

## पुलिया का निर्माण न होने से राहगीर परेशान

आजमगढ़। लालगंज से लहुआ मार्ग पर बैरीडीह गांव के पास पुलिया टूट गई है। इससे ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। सर्विस लेन का निर्माण न किए जाने पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। नूर बाबा के पोखरे पर पुलिया टूटने के बाद से इस रास्ते को मिट्टी पाटकर बंद कर दिया गया है। राहगीरों को आने-जाने के लिए बगल से कोई भी सर्विस लेन नहीं बनाई गई है। इसकी वजह से राहगीरों को लगभग एक किलोमीटर घूम कर बैरीडीह गांव से बड़े व छोटे वाहन ले जाने पड़ रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारी वाहन जाने वाले बैरीडीह गांव के रास्ते की भी पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है। शुक्रवार को ग्रामीण सड़क पर उतर गए। ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। बैरिडीह निवासी ताहिर शेख ने बताया कि रास्ता बंद हुए दो हफ्ते हो गए, लेकिन पुलिया निर्माण का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि यह मार्ग लालगंज से बैरीडीह, कोटा, लहुआ कला, दौना समेत दर्जभर गांवों को जोड़ता है। पुलिया का निर्माण न होने से राहगीर परेशान हैं। मास्टर सुशील मिश्रा ने बताया कि सर्विस लेन न बनने से रात में घूमकर जाना होता है।

## जन्म पर चौथी पुत्री का नाच और सोहर से स्वागत

जौनपुर। मुंगराबादषाहपुर कस्बे के एक शिक्षक ने अपनी चैथी बेटी के जन्म पर जश्न मनाकर मिसाल पेश की। जैसे दुल्हन को विदा कराकर घर लाया जाता है, उसी तरह वह बेटी को अस्पताल से घर लेकर आए। उनके इस अंदाज की सराहना हो रही है। मुंगराबादशाहपुर के शिक्षक आशुतोष त्रिपाठी को तीन पुत्रियां प्रतिष्ठा (16), संस्कृति (14), समृद्धि (10) हैं। बुधवार को एक निजी अस्पताल में चौथी पुत्री पैदा हुई तो परिजनों में मायूसी छा गई लेकिन आशुतोष त्रिपाठी अस्पताल में ही खुशियां मनाने लगे। अस्पतालकर्मियों और परिजनों में मिष्ठान बांटा। बुधवार को जब बिटिया को घर लाने का वक्त आया तो उन्होंने अपनी कार और घर को दुल्हन की तरह सजाया। अस्पताल परिसर को भी सजाया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ शाही अंदाज में अस्पताल से बेटी को घर लाए। घर की चौखट पर पहुंचते ही तीनों बहनें प्रतिष्ठा, संस्कृति और समृद्धि ने चौथी बहन सौभाग्या का नाच गाने और सोहर गीतों से स्वागत किया। चौथी पुत्री का स्वागत शायद ही कभी ऐसे हुआ हो। त्रिपाठी ने कहा कि समाज में संदेश देना चाहता हूं कि लड़का-लड़की में फर्क नहीं है।

## नवागत मंडल आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने किया पदभार ग्रहण



मीरजापुर । निवर्तमान मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 का स्थानान्तरण के पश्चात आयुक्त कार्यालय सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भव्य भाव भीनी विदाई दी गयी। इस इवसर पर निवर्तमान मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि मण्डल व जनपद में अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा प्रत्येक वर्ग से हमे जो सम्मान मिला हैं उसे हम जीवन पर्यन्त भूल नही पायेंगे। उन्होने कहा कि मैं सभी का ह्दय की गहराईयो से आभार व्यक्त करता हूॅ। उन्होने कहा कि यह प्रेम व सम्मान केवल मेरे कार्य करने से नही अपितु सभी अधिकारी कर्मचारी जो जिस पद पर भी है सभी ने पूरे मेहनत, ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य किया हैं, इस प्रेम व सम्मान में सभी की मेहनत शामिल हैं। जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी भदोही विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी भदोही डॉ शिवाकान्त द्विवेदी, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी भदोही द्वारा समारोह को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर निदेशक स्वास्थ्य, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित मण्डलीय अधिकारी व आयुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें। वहीं नवागत मंडलायुक्त विंध्याचल बालकृष्ण त्रिपाठी ने मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन कर कार्यभार ग्रहण किया।

## यूपी-112 के अधिकारियो और कर्मचारियों की साथ की गयी गोष्ठी

मीरजापुर। पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मीरजापुर द्वारा यूपी-112 पीआरवी में कार्यरत कमाण्डर व सबकमाण्डर की गोष्ठी की गयी। उक्त गोष्ठी में समस्त कर्मियों को अपराध के रोकथाम, यातायात को सुगम बनाये जाने एवं आम जन को सुरक्षा का एहसास कराये जाने के तरीकों से अवगत कराया गया। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के आवागमन के सभी मार्गों पर पीआरवी का व्यवस्थापन किया गया तथा समस्त कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## पुण्य तिथि पर फल वितरण किया

जौनपुर। होली चाइल्ड एकेडमी द्वारा कम्बल एवं फल का मरीजो में वितरण जरूरतमंदो को जिला महिला अस्पताल में किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक आशोक सिंह रघुवंशी ने बताया कि माता स्व० श्रीमती मनराजी देवी रघुवंशी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी जरूरतमंदो में एवं जिला अस्पताल में मरीजों को फल एवं कंबल का वितरण किया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम सिंह रघुवंशी ने जरूरतमंदों में कंबल एवं फल का वितरण किया कहा कि उनके बताए गए पद-चिन्हों पर चलने का प्रयास करते रहे है और उनको श्रद्धासुमन अर्पित करते है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के छात्रों एवं अध्यापको ने मरीजों में कंबल एवं फल का विरतरण किया। विद्यालय के शिक्षक भूपेन्द्र सिंह, प्रवेश सिंह, वी.एस. यादव सौरभ सिंह, अमित मिश्रा समेत अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संक्षेप

## कवि पाषाण को काव्य पुष्पांजलि

**देवरिया** । नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया की द्वितीय शनिवारीय कवि गोष्ठी देश के कवियों के अग्रिम पंक्ति में स्थान रखने वाले प्रगतिशील चेतना के जनवादी कवि ध्रुवदेव मिश्र पाषाण की स्मृति में आयोजित की गई । कवि पाषाण का 11 जनवरी को निधन हो गया था । काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध गीतकार दयाशंकर कुशवाहा ने की।रमेश सिंह दीपक की वाणी वंदना ₹कर जोर कर मागंता हूं प्यार मैया से₹ कवि गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। उसके बाद श्रृंगार, हास्य व्यंग और वीर रस की एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कर उपस्थित कवि गण ने अद्भुत शमा बांध दिया। फिर दयाशंकर कुशवाहा के गीत ये उलझन ये आंखो के आंसू के भाव सागर में श्रोता गण गोते लगाते रहे ।युवा कवि विकास तिवारी विक्की ने आत्मा की आह को भी न दबा सकता, दर्द चाहे जितना हो बता नहीं सकता कविता से नारी की विवशता को रेखांकित करने का प्रयास किया।कवि गोष्ठी में विनय कुमार पाठक, कौशल किशोर मणि आदि उपस्थित रहे।

# डीएम और पुलिस अधीक्षक ने थाना सुरौली में सुनी समस्याएं



**देवरिया** ।जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी

- प्राप्त 140 आवेदनों में 52 का हुआ निस्तारण

मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा थाना सुरौली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना सुरौली पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। । इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 52 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

### 11 शिकायतें मिली, 3 निपटी

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने कप्तानगंज थाना परिसर मे आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनी तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी के समक्ष बिन्द्राज पुत्र रामवध सिसवा शुक्ल चकमार्ग को लेकर कब्जा दिलाने, राकेश त्रिपाठी पुत्र राधव त्रिपाठी जमीन बटवारा,रामपरीखन मलकुही जमीन मामला,श्रवण यादव पैमाइश उपरांत मेड बधवाने, सुनीता देवी जमीन का कब्जा दिलाने, सहित कुल 11 मामले आये जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि समाधान दिवस में जो भी मामले आए हैं अधिकारी कर्मचारी टीम गठित कर मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण करें लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान उपजिलाधिकारी विकास चंद, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ,एसएचओ धनवीर सिंह लेखपाल अजय राव विचित्र मणि लेखपाल मार्कंडेय गुप्ता ओम प्रकाश पांडेय आशुतोष कुमार आरक्षी चंचल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## 22 जनवरी को लखनऊ में होगी जिला पंचायत संगठन की बैठक

**देवरिया** । जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक 22 जनवरी दिन बुधवार को लखनऊ के दारुल सफा विधायक निवास कामन हाल ए ब्लॉक में होगी 'उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश पांडेय ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश के जिला पंचायत सदस्य अपने वित्तीय प्रशासनिक हक अधिकार की मांग को लेकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव मंत्री पंचायती राज उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री गण विधानसभा में नेता विरोधी दल विधान परिषद में नेता विरोधी दल तथा प्रदेश के अधिकांश विधान परिषद सदस्य विधायक गण तथा लोकसभा सदस्य गण से अपने सात सूत्रीय मांगों को लेकर बार-बार मिलकर निवेदन किए हैं ,लेकिन अभी तक कोई सार्थक पहल सरकार व शासन के द्वारा नहीं किया गया है ' श्री पांडेय ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य 50 हजार जनता के प्रतिनिधि होते हैं जिन्हें जनता मिनी विधायक के रूप में देखती है लेकिन जिला पंचायत सदस्यों के पास अपना कोई विकास हेतु निधि नहीं होने से जनता की मांग पर खरा नहीं उतर पाते हैं , और जब चुनाव के मैदान में जिला पंचायत सदस्य जाते हैं तो जनता उन्हें यह कह कर नकार देती है कि आप ने हमारे बड़े जनप्रतिनिधि होकर जनता के मांग पर विकास कार्य नहीं करा पाए हैं '

जिला पंचायत सदस्य देवरिया कमलेश पांडेय ने बताया कि पूरे प्रदेश के जिला पंचायत सदस्य 22 जनवरी 2025 को 11 बजे दिन में लखनऊ दारुल सफा कामन हाल ए ब्लॉक में आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करने के लिए एकत्रित होंगे '

## पुलिस ने चलाया यातायात जागरुकता अभियान



**देवरिया** ।जिले के समस्त थानों द्वारा सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से मोटर वाहन अधिनियम (टश अूइ) के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है ।यातायात पुलिस देवरिया द्वारा सुभाष चौक पर अभियान चलाकर विशेष कर गलत दिशा में,तीन सवारी, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में कार्यवाही की गयी एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसीक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में तीमारदारों व अन्य लोगों द्वारा खड़ी दो पहिया वाहनों को चेक किया जिसमें से 09 गाड़ियां बिना लॉक मिली। उनको पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान आमजन को देवरिया पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों को पालन करने हेतु जैसे- नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया व सभी को अवगत कराया गया कि ₹सीटबेल्ट₹ का प्रयोग व दो पहिया वाहन चलाते समय ₹हेलमेट₹ का प्रयोग अवश्य करें ।कुल 642 वाहनों की हुई जांच और 180 वाहनों का चालान किया गया।

# मुठभेड़ में बदमाश सहित दो पशु तस्कर घायल



**कुशीनगर**। जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र लबनिया चौराहे के समीप बसंतपुर झरही मोड़ के पास पुलिस मुठभेड़ में एक इनामिया बदमाश सहित दो पशुतस्कर घायल हो गए।पुलिस ने घायलों को अपने अभिरक्षा में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।पुलिस ने मौके से एक लग्जरी कार, दो अवैध तमाचा व कारतूस बरामद किया है।

पुलिसिया कहानी के अनुसार मुखबीर खास की सूचना प्राप्त हुई कि थाना तमकुहीराज से संबंधित गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित व 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश अपने साथी जो थाना भाटपाररानी जनपद देवरिया तथा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के गौतस्करी के मुकदमें में वांछित है, के साथ एक लग्जरी वाहन में कुछ अवैध असलहों से साथ कसया राष्ट्रीय राज मार्ग-28 के रास्ते गोपालगंज बिहार की तरफ जा रहा है।सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया।

जिसमें पटहेरवा, तमकुही राज व तरयासुजान थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पटहेरवा थाना क्षेत्र के लबनिया चौराहे के समीप बसंतपुर झरही मोड़ के पास घेराबंदी की गयी। पुलिस टीम द्वारा मारुति सुजकी वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया।जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए।

जिनकी परवेज पुत्र वजीर अंसारी निवासी सरया खुर्द थाना तमकुहीराज, आजाद अली पुत्र शहीद निवासी ज्वार थाना पटेहरवा के रुप में हुई। उनके कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस, 04 खोखा कारतूस बोर व नगद 14 सौ रुपये बरामद किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि पुछताछ में बताया कि हमलोग दूर के जनपदो से पशुओ को लादकर बिहार ले जाने वाले गाड़ियों के आगे-आगे लाइनर के रुप में लग्जरी वाहन से चलते है ताकि पुलिस की नजरो से बच सके तथा गाड़ियों को पास करा सकें।गिरफ्तारी करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान राजप्रकाश सिंह व थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक सिह मय टीम सहित शामिल रहे।

# बेकरी कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**कुशीनगर**। जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के मठिया चौराहे के निकट गोदाम व बेकरी कारोबारी रितेश अग्रवाल के घर और अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी लगातार 48 घंटे से जारी है।इस कार्यवाही ने जिले में सनसनी फैला दी है। आयकर विभाग की टीमें कारोबारी के ठिकानों पर जांच-पड़ताल में जुटी हुई हैं, और अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है ।सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की टीमें कारोबारी के वित्तीय रिकॉर्ड, संपत्ति और बैंक लेनदेन की जांच कर रही हैं। छापेमारी के दौरान नकदी, आभूषण, प्रॉपर्टी के दस्तावेज, और डिजिटल डेटा बरामद किए गए हैं।48 घंटे के बाद भी कार्रवाई जारी रहना संकेत देता है कि मामला गंभीर और बड़ा हो सकता है ।सूत्रों का कहना है कि कार्यवाही के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, ज्वेलरी और अघोषित संपत्ति से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। हालांकि, इस संबंध में आयकर विभाग की ओर से कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।बेकरी फैक्ट्री में स्टॉक का भी गहन सत्यापन किया जा रहा है। कच्चे माल और तैयार उत्पादों के आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है। उत्पादन और बिक्री के बीच संभावित विसंगतियों की भी जांच हो रही है। लंबे समय तक जारी इस छापेमारी ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कारोबारी का व्यापार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा था, जिससे यह कार्यवाही अपेक्षित थी। सूत्रों के अनुसार, कारोबारी रितेश




अग्रवाल और उनके परिवार से लगातार पूछताछ की जा रही है।विभाग उनसे वित्तीय लेनदेन और आय के स्त्रोतों के बारे में जानकारी जुटा रहा है। फैक्ट्री के कर्मचारियों से भी बयान लिए गए हैं।इस मामले को लेकर आयकर विभाग ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। विभाग के अधिकारी जांच प्रक्रिया को गोपनीय रख रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कार्यवाही पूरी होने के बाद ही विभाग की ओर से जानकारी साझा की जाएगी।लंबी छापेमारी और दस्तावेजों की गहन जांच को देखते हुए यह मामला जिले के सबसे बड़े कर चोरी मामलों में से एक हो सकता है।आयकर विभाग की इस कार्यवाही के बाद अन्य कारोबारियों में भी खलबली मच गई है।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर निकली शोभायात्रा



**कुशीनगर**। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर फाजिलनगर में शनिवार को विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा और भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु जीता शाही के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर से दिन के एक बजे शुरू हुए इस शोभा यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ने आरती दिखाकर किया। शोभा यात्रा बाबू बाजार, कालेज रोड, ब्लाक रोड, बघौचघाट मोड़ से फोरलेन होकर उपनगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए दुबारा शिव मंदिर परिसर में आकर समाप्त हो गया। श्रद्धालुओं ने उपनगर के विभिन्न स्थानों पर पूजा अर्चना की और महिलाओं ने आरती उतारी। इसमें सभासद कमलेश वर्मा व विवेक कुमार सिंह उर्फ गोलू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, शौर्य सिंह, मनोज श्रीवास्तव, अनूप मणि त्रिपाठी, राहुल श्रीवास्तव, ओंकार राय, पराग वर्मा, नीरज द्विवेदी, आशीष सिंह, अखिलेश शुक्ला, कुंवर सुभाष सिंह, अखिल सिंह, रामनरेश सिंह, सुमित सिंघम, संतोष बर्नवाल आदि मौजूद रहे।

# राम जानकी मठ में मनी भगवान रामलला की स्थापना द्वादशी

**कुशीनगर**। परंपरागत एवं लुफ्त कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था संस्कार संगम के द्वारा आयोजित कार्यक्रम भगवान रामलला एक वर्ष स्थापना दिवस पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना द्वादशी मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रवीण एवं विशिष्ट अतिथि धर्म जागरण प्रमुख तारकेश्वर, त्रिभुवन नारायण त्रिपाठी, भंते महेंद्र थेरो, नरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का प्रारंभ मठ मंदिर में भगवान रामलला की आरती से प्रारंभ किया।

आरती के पश्चात अतिथियों के द्वारा रामलला के चित्र के समक्ष दीप प्रचलन करके पुष्प अर्चन किया गया। सभी ने एकात्म मंत्र एक स्वर में पढा निधि सुनंदा द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। एंजेल गुप्ता और रिद्धि सिद्धि के द्वारा नृत्य . राम रूप में शुभ में नृत्य प्रस्तुत किया प्रस्तुत किया गया। वंदना मद्धेशिया ने बस राम-राम गीत प्रस्तुत किया। किरण जयसवाल जी ने भगवान राम के ऊपर सोहर प्रस्तुत किया, तो दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने राम आएंगे गीत गाकर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम में अयोध्या में गये कार सेवक ओमप्रकाश जायसवाल, किशोर जायसवाल अशोक जायसवाल एवं सुरेश गुप्ता श्यामदेव गोड को अंग वस्त्र देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि भगवान राम हम सभी के अग्रज हैं भगवान राम अयोध्या में विराजमान है आज स्थापना द्वादशी है अयोध्या में तीन दिवसीय मनाया जा रहा है। संगम संस्कार संगम के कलाकारों ने उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किया है, ऐसा लग रहा है कि हम सभी अयोध्या में ही हैं। गोरक्ष प्रांत के धर्म जागरण प्रमुख तारकेश्वर ने धर्म को बढ़ावा देने की बात कही और कहा कि हिंदू हित में संस्कार और संस्कृति बढ़ाने का कार्य कर रही है।

# कुंवारी बनी मां, बच्ची को दिया जन्म

**कुशीनगर**। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी बिन ब्याह माँ बन गयी है। नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता घटना के 9 माह बाद एक मासूम बच्ची को जन्म दी है। किशोरी के साथ मार्च में गांव का एक युवक दुष्कर्म कर दिया था और धमकी दिया

- दुष्कर्म के 09 माह बाद नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म
- पुलिस कप्तान से गुहार के बाद आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

कि अगर किसी से बताई तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार दूंगा। अब उसने बच्ची को जन्म दिया है। पीड़िता ने कहा ₹जब हम पुलिस के पास गए तो उन्होंने भी न्याय देने की जगह तंज कसा कहा- गरीब हो या अमीर पानी मे चीनी पड़ेगा तभी होगा मीठा₹ । मामला मीडिया के गलियारों में आने के बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।जानकारी के मुताबिक मार्च 2024 को रात में शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। उसी दौरान घर के सामने का युवक विजय ने उसे अकेला देख उसे जबरन पकड़ लिया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी से बताया तो तुम्हारे साथ माता-पिता को जान से मार दूंगा। इसके डर से उसने घर वालों को कुछ नहीं बताया। कुछ माह बाद किशोरी का तबीयत खराब हुई तो बीमारी समझकर घर वाले उसका इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए।

तब जाकर आठवें महीने में घर वालों को इसकी जानकारी हुई। 27 दिसंबर को किशोरी ने बच्ची को जन्म दिया। इसकी जानकारी बाहर रहकर काम कर रहे पिता को हुई। वह घर पहुंचे और 31 दिसंबर 2024 को पुलिस को तहरीर दी।पुलिस कार्यवाही



के बजाय सुलह का दबाव बनाने लगी। इस मामले को सुलह के लिए पंचायत भी हुई लेकिन बात नही बनी। मामले में जब पुलिस से न्याय नही मिलता देख पीड़िता के पिता ने 03 जनवरी को एसपी संतोष मिश्रा को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग किया।जिसके बाद पुलिस ने एसपी के निर्देश पर आरोपी युवक विजय के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर विवेचना शूरु कर दिया है। आरोपी के साथ उसके घर वाले घर बंद करके फरार हैं। पीड़िता ने कहा कि आरोपी को पुलिस बचा रही है।उसे जेल भेजवाने के लिए एसपी सर शिकायत की हूं।यदि उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है तो मैं बच्ची के साथ आमरण अनशन पर बैठूगीं।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष नेबुआ नौरंगिया हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत हो चुका है।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई है। नियमानुसार कार्यवाही चल रही है।

## रेल लाइन के किनारे मिला महिला का शव

**कुशीनगर**। जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआ मिश्रौली रेलवे ढाले के पास एक अज्ञात महिला का शव रेल लाइन के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई।जानकारी होते ही मौके पर गांव वालों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सका।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह को गांव वालों ने एक अज्ञात महिला की शव रेल लाइन किनारे देखी। महिला का सिर धड़ से अलग होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस भी शव की शिनाख्त के लिए मौके पर जुटे गांव की महिलाएं और ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन महिला के शव की पहचान नही हो सकी। इसके बाद कोतवाली पडरौना की चौकी सिधुआ बाजार पुलिस ने महिला की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लगजरी बस व कंटेनर की भिंड़त में चालक घायल, यात्रियों को आई हल्की चोटें



**कुशीनगर**। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर नगर पंचायत सुकरौली ओवरब्रिज पर एक कंटेनर ट्रक ने सवारियों से भरी लग्जरी बस को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बस में सवार यात्रियों को हल्की चोटें आई जबकि बस चालक बुरी तरह घायल हो गया ।जानकारी के मुताबिक शनिवार को सवारी से भरी बस राजस्थान से सीतामढ़ी जा रही थी।

बस जैसे ही हाटा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सुकरौली ओवरब्रिज पर पहुंची कि पीछे से आ रही कंटेनर ट्रक टकरा गई। बस की ट्रक से टक्कर होते ही अपनी सीट पर बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। जबकि बस चालक का पैर सीट व स्टीयरिंग के बीच फंस गया।

घटना को देख मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से बस चालक केशव को बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली भेजा। जहां चालक की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। बस में कुल 35 लोग सवार थे।

## सेमीखेड़ा चीनी मिल पहुंचे सांसद

**देवरनिया, बरेली**। लोकसभा बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा पहुंच कर गन्ना किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने चीनी मिल की व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान गन्ना किसानों ने चीनी मिल के बार-बार बंद होने की शिकायत की। वहीं कुछ किसानों ने चीनी मिल द्वारा पेमेंट को लेकर हो रही आनाकानी की भी शिकायत की।

# अंबेडकर की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को आकार दिया था: विजयलक्ष्मी



**देवरिया** । भाजपा मण्डल सलेमपुर द्वारा नगर स्थित गोकुल मैरेज हाल मे संविधान गौरव अभियान के कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला का आयोजन मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव कि अध्यक्षता मे किया गया ।मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर,दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।कार्यशाला मे राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य जनता को बाबा साहब के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और कांग्रेस के द्वारा उनके साथ किए गए छल के बारे में जागरूक करना है ।उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को आकार दिया था ।भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे। जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया।

कार्यक्रम संयोजक शेषनाथ भाई ने कहा कि यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। इसके माध्यम से भाजपा देश के आम नागरिकों को संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर के योगदान से अवगत कराएगी।

जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि संविधान हर भारतीय की समानता और अधिकारों का प्रतीक है, और इसे लेकर जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है ।इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्यकताओं और नागरिकों से संविधान और बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का यह कदम डॉ. अंबेडकर की विचारधारा और उनके द्वारा बनाए गए संविधान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू ने कहा कि देश का संविधान पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचकर भाजपा की नीतियां एवं सरकार की योजनाओं बताएंगे ।मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पुरे मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनावे ।कार्यक्रम को बृजेश उपाध्याय, कन्हैया लाल जायसवाल,ओमप्रकाश यादव,बचनदेव गोंड,अमरदत्त यादव,अशोक तिवारी,धनंजय चतुवेर्दी,अखिलेश कुमार ने भी सम्बोधित किया।

उक्त अवसर पर अमरनाथ सिंह,आशुतोष तिवारी,प्रदीप गोंड,अजय दूबे वत्स,अनूप उपाध्याय,अवधेश यादव,विनोद ठठेरा,प्रकाश पाण्डेय,दीपक श्रीवास्तव, मिश्र,कमलेश यादव,नागेंद्र गुप्ता,लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## संविधान की मूल भावना का सम्मान करती है भाजपा: रतनपाल सिंह

**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित कार्यक्रम संविधान गौरव अभियान कार्यशाला ब्लॉक सभागर रुद्रपुर में आयोजित हुआ।इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डॉ रतन पाल सिंह ने कहा कि देश का संविधान पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। भारतीय संविधान का सम्मान और उसे सुरक्षित करने की जरूरत है। क्योंकि बाबा साहेब डॉ. भीमराव के द्वारा रचित संविधान में बनाए गए कानून पूरे देश में सर्वोपरि है। कार्यकताओं को जानकारी देते हुए बताया कि शीर्षनेतृत्व के निर्देश पर 11 जनवरी से 26 जनवरी तक बूथ स्तर पर संविधान गौरव दिवस के रूप में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा



कि जन-जन को कांग्रेस और सपा, बसपा के द्वारा भाजपा पर 400 पार के नारे पर संविधान को खतरा और समाप्त करने का आरोप लगाते हुए अफवाह फैलायी गई लेकिन समाज के वंचित तबकों को सम्मान दिलाने वाली योजनाओं के कारण लोगों ने मान लिया है कि भाजपा ही संविधान की मूल भावना का सम्मान करती है और कांग्रेस भ्रम फैला रही।

उक्त कार्यशाला में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठे लाल निगम , वरिष्ठ नेता संगमधर द्विवेदी , जिले के मंत्री महेश मणि , क्षेत्रीय संयोजक रमेश सिंह , वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह जी वरिष्ठ नेता कौशल किशोर सिंह वरिष्ठ नेता मोहन उपाध्याय ,मंडल अध्यक्ष गण दिलीप जायसवाल , राम संतोष शुक्ला , वैभव सिंह , ऋषि सिंह ,सुनील गुप्ता , मनीष गुप्ता, भीम सोनकर , शिवम श्रीवास्तव , मुन्ना दुबे , प्रदीप एवं अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ऊषा पासवान जी ने किया।

# भूमि विवादों का करें त्वरित निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

- डीएम एसपी ने कोतवाली तालगांव में सुनी शिकायतें त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कोतवाली तालगांव में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाये। उन्होंने कहा कि यदि कहीं चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हो तो इसकी तत्काल जांच करते हुए कब्जा मुक्त कराया जाय। दो पक्षों में भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनकर न्यायोचित निस्तारण किया जाय तथा यदि आवश्यकता हो निरोधात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

## फरियादियों की समस्या का समय से करें समाधानः विधायक

- फरियादियों की समस्या सुलझाने के लिए राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर गई
- उप जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

महोली/सीतापुर। शनिवार को कोतवाली कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी शशिविंदु द्विवेदी व विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया।

क्षेत्र से आए फरियादियों ने राजस्व पुलिस समेत अन्य समस्याओं के निदान के लिए एसडीएम व विधायक से गुहार लगाई। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा की समाधान दिवस में आए फरियादियों को समय से की समस्याओं का समय से निस्तरण कराया जाए क्षेत्र की जनता को बार-बार थाना कोतवाली के चक्कर न लगाने पड़े वहीं एसडीएम ने कहा कि थाना दिवस में आई सभी शिकायतों का तीन दिन के अंदर मौके पर जाकर संबंधित अधिकारी निस्तारण करें उसके बाद मुझे अवगत कराए। इसमें की गई लापरवाही किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना दिवस में कुल 15 शिकायते आईं। जनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा क्राइम इंस्पेक्टर अमर सिंह समेत राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## कंबल वितरण पुनीत कार्यः शशांक



महोली /सीतापुर। नगर पंचायत ने शनिवार को कस्बे के बाबा बैजनाथ धाम पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में अधिकांश गरीब लोग लोगों के पास ठंड से बचाव के संसाधन नहीं है।चादर के सहारे रात गुजारते हैं। जिन्हें गर्म कपड़े रजाई कंबल की आवश्यकता होती है। कोई भी व्यक्ति ठंढक से परेशान न हो इसके लिए भाजपा सरकार हर वर्ग के निराश्रित गरीब लोगों को कंबल वितरित कर रही है कंबल वितरण कार्यक्रम में तकरीबन 500 निराश्रित गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी शशि विंदु द्विवेदी अधिशासी अधिकारी श्रीष मिश्रा इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद नगर पंचायत सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूजन अर्चन कर हुई स्थापना



सीतापुर। कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेरी में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित मूर्ति को कुछ अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा बीती बुधवार की रात को तोड़कर खंडित कर वहीं पास के कुएं में फेंक दिया गया था जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों द्वारा कुएं से निकाली गई जब देखा गया तो वह खंडित हो गई थी जिसको लेकर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में पंडित ईश्वर दीन शास्त्री द्वारा नई मूर्ति की स्थापना करायी गयी गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी व कोतवाली प्रभारी विनोद मिश्रा को शिवलिंग की स्थापना के लिए आमंत्रित किया गया। शिव भक्त गाजे बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से शिव बारात निकालकर शिवलिंग को पुनः स्थापित किया वही मौके पर शशांक त्रिवेदी व कोतवाली प्रभारी विनोद मिश्रा द्वारा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चन कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महोली ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद, संतोष सिंह, पीयूष मिश्रा, लवकुश शुक्ला, संजीव पांडे, अनूप मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, अशोक सहारा, नीरज मिश्रा, राघवेंद्र गुप्ता, सर्वेश गुप्ता अवधेश सिंह, अवधेश मिश्रा आदि सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दबंगों ने पैतेपुर चेयरमैन के पुत्र से की मारपीट

महमूदाबाद/सीतापुर। पैतेपुर चेयरमैन पुत्र से दबंगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पैतेपुर चेयरमैन जैनबजहाँ के पुत्र आदिल उरूज ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर बताया है कि कस्बे के नई बाजार वार्ड में थे। इस दौरान माहनगर के रियाजू पुत्र मो. यार, फारुख पुत्र महमूद, लोधपुरवा के दानिश पुत्र वहीदुल हसन आदि आ गए और उन्हें तथा उनकी माता को गालियां देते हुए अभद्रता करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर चेयरमैन पुत्र से मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि एक पक्ष अध्यक्ष पुत्र तथा दूसरे पक्ष से सभासद द्वारा दी गई तहरीर मिली है, मामले की जांच कराकर दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया था, दोनों पक्षों में सुलह हो गई है। एहतियात के तौर पर दोनों पक्षों की शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की गई है।

### टप्पेबाजी कर महिला ने उड़ाये वृद्धा के बाले

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली के नूरपूर में निजी मेडिकल स्टोर पर दवा खरीद रही एक वृद्ध महिला के अज्ञात युवती ने टप्पेबाजी कर कान के बाले चोरी कर लिए। वृद्धा के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नूरपुर निवासी अहमदी पत्नी शरफुद्दीन शनिवार की दोपहर करीब दो बजे एक निजी मेडिकल स्टोर पर दवा ले रही थी। इसी दौरान अज्ञात महिला उनके पास आई और उनके कान के बाले ठीक करने लगी। वृद्धा कुछ समझ पाती तब तक महिला कान के बाले निकालकर फरार हो गई। पीड़िता के पुत्र मोहम्मद रफीक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

### घने कोहरे में टकराये तीन वाहन तीन घायल

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को सुबह घने कोहरे के चलते तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा कोहरा घना होने के कारण हुआ है। महोली कोतवाली क्षेत्र मे तहसील के सामने ओवर ब्रिज पर सड़क किनारे कोयला भरी गाड़ी खड़ी थी। इसी वाहन मे छोटा हाथी और एक दूध की गाड़ी टकरा गई। जिससे वाहनों में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में अवधेश पुत्र महेंद्र पाल निवासी ग्राम भीखमपुर थाना कटरा शाहजहांपु, र यूनिस पुत्र नामी अली निवासी भीकमपुर कटरा शाहजहांपुर और कोयला ट्रक के ड्राइवर का नाम पता अज्ञात है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि हादसा घना कोहरा होने के कारण हुआ है।

## समाधान दिवस पर 8 मामलों में दो का निस्तारण



पाटन, उन्नाव। थाना बिहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार अरसला नाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसीलदार ने पिछले समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद फरियादियों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में आए प्रमुख मामलों में ग्राम तौधकपुर के देवी शंकर पुत्र शिव मोहन ने पिलर तोड़कर तार काटने की शिकायत की। गनेशी खेड़ा निवासी गंगा दुलारी पत्नी देवतादीन ने पुराने मकान के पुनर्निर्माण और अवैध कब्जे के मामले में प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम शुक्ला खेड़ा के श्रीधर ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की, जबकि ग्राम भैरमपुर के राम सेवक पुत्र भोला लोध ने जबरन पिलर बनाने की समस्या उठाई।इसके अलावा, ग्राम ढोलबजा के विशंभर पुत्र रजऊ ने भूमि पर कब्जे की शिकायत की। रखमापुर निवासी रूपरानी पत्नी शिव कुमार ने भी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला उठाया। वहीं, भदेवरा की सरला देवी पत्नी राम चंद्र ने जबरदस्ती मकान निर्माण की शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भी पहुंचे। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।समाधान दिवस में थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी, लेखपाल और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी शिकायतों का समय पर निस्तारण करना और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना था।

## डीएम व एसपी ने झील का किया निरीक्षण



- झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के दिए कड़े निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकास खण्ड परसेंडी के तालगांव में कोतवाली तालगांव के निकट स्थित झील का निरीक्षण कर इसके आस-पास के अवैध कब्जों को नियमानुसार तत्काल हटवाते हुए झील की स्वच्छता सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित लेखपाल एवं अन्य अधिकारी नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते रहे जिससे कोई नया अवैध कब्जा न हो। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन कर झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को झील की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने स्थानीय निवासियों से से भी झील के सम्बन्ध में विभिन्न जानकारियां भी ली। इस दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभूति पुरी बने उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

सीतापुर। उप्र उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी०) जनपद में प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा एवं प्रदेश महामंत्री डा. दिलीप सेठ व राजेन्द्र गुप्ता के निर्देश पर जिले में पर्यवेक्षक संजय गुप्ता एवं जिला प्रभारी उमेश शुक्ला की सहमति के आधार पर




उप्र के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन जिसकी स्थापना लाला विशम्भर दयाल अग्रवाल व पंडित श्याम बिहारी मिश्रा ने सन् 1973 में की गई थी। प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा जनपद सीतापुर में पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी को संरक्षक मनोनीत करते हुए त्रैवार्षिक सत्र 2024 से 2027 के लिए जिलाध्यक्ष के पद पर विभूति पुरी एवं जिलामहामंत्री के पद पर गोविन्द सहाय गुप्ता व वागीश दिनकर बाजपेई जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज अग्रवाल एवं नगर अध्यक्ष के पद पर धीरेन्द्र मिश्रा (छोटू) नगर महामंत्री आशीष गुप्ता (अंशू) नगर कोषाध्यक्ष अमित संदीप कश्यप को मनोनीत किया जाता है। साथ ही नवमनोनीत जिला एवं नगर इकाई को निर्देशित किया जाता है कि सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ व्यापारियों से विचारविमर्श करके जनपद, तहसील एवं नगर इकाई व बाजारों की इकाईयों का गठन करके एक माह में प्रदेश नेतृत्व को अवगत करायेंगे। व्यापार मण्डल को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी नवमनोनीत पदाधिकारी व्यापारियों के समस्या के समाधान के लिए कटिबद्ध रहेंगे। जनपद एंव नगर के व्यापारियों के हित में संघर्ष के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हुए सभी को साथ लेकर संगठन हित में अपनी सेवायें देते रहेंगे। आपके कुशल नेतृत्व में व्यापारी समाज की समस्याओं का समाधान होगा।

## गोलमोल रिपोर्ट भेजने पर शिकायकर्ता सीएम से लगायेगा गुहार

पुरवा, उन्नाव। एडीओ पंचायत द्वारा नाली सफाई की रिपोर्ट गोलमाल कर दी गई जिससे शिकायत कर्ता मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही। बिछिया ब्लाक की ग्राम पंचायत ओरहर निवासी शिवाकांत तिवारी ने 27 दिसंबर 2024 को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर बताया था कि गांव में तीन माह से सफाई कर्मचारी द्वारा नालियों की सफाई नही कराई जा रही है। जिसपर पंचायती राज अधिकारी द्वारा एडीओ पंचायत से रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन एडीओ पंचायत उदय सिंह द्वारा उक्त शिकायत पर गोलमोल करते हुए जवाब में ग्राम पंचायत कुइथर में नाली मरम्मत दिखाकर गलत रिपोर्ट भेज दी गई। जिसकी जानकारी होने पर शिकायतकर्ता शिवाकांत तिवारी ने गलत रिपोर्ट देने की मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजय शुक्ल सांसद प्रतिनिधि मनोनीत



सीतापुर। सांसद राकेश राठौर ने अपने आवास पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय शुक्ल को सीतापुर विधान सभा प्रतिनिधि मनोनीत किया और उनसे जनहित के कार्यो में गतिशील रहने की कामना की कामना की। इनके मनोयन पर पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेयी, पं रामगोपाल मिश्रा कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष भार्गव, अनुपम राठौर, श्रवण राठौर प्रधान, अशोक बधेल, संजय राठौर आशीष राठौर, हफीज, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो.रफीक सहित सैकडो लोगो ने बधाई दी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजय शुक्ल ने कहा कि जनहित के कार्यों में जी जान लगाकर पाट्री और सांसद का सहयोग करूगा।

## हिलौली फाइटर्स ने क्वार्टर फाइनल में पक्की की जगह

पुरवा, उन्नाव। बेसिक टीचर्स प्रीमियर लीग के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में हिलौली फाइटर्स ने गंजमुरादाबाद को 43 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। टीम के कप्तान शिवम चौरसिया ने सभी खिलाड़ियों को जीत का श्रेय दिया।



जनपद में पहली बार शिक्षकों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन विभाग द्वारा बेसिक टीचर्स प्रीमियर लीग के रूप में बीते आठ जनवरी को प्रारंभ हुआ। शनिवार को लीग स्टेज के महत्वपूर्ण मुकाबले में गंजमुरादाबाद टीम ने टास जीता और हिलौली टीम के कप्तान शिवम चौरसिया को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिलौली टीम ने 15 ओवर में सात विकेट खोकर पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। हिलौली के ओपनर अमन मिश्र के 44 रन, पंकज चौरसिया के 38 रन व जितेन्द्र के 21 रनों की मदद से टीम का स्कोर 126 पहुंचा। जवाब में खेल रही गंजमुरादाबाद की टीम 13.3 ओवर में ही मात्र 83 रनों पर धराशाई हो गई। इस तरह से हिलौली टीम ने क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। हिलौली की ओर से पंकज चौरसिया ने दो विकेट, नितेश ने दो विकेट, नीरज चौरसिया को दो विकेट, अखिलेश को दो विकेट व अमन को एक विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच अमन व पंकज चौरसिया को संयुक्त रूप से दिया गया। हिलौली टीम की जीत का श्रेय कप्तान शिवम चौरसिया ने पूरी टीम को दिया। हिलौली की जीत पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, एआरपी डी० के० मिश्र व आलोक अवस्थी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विकास सिंह समेत सैकड़ों शिक्षकों ने बधाई दी। वहीं अन्य मुकाबलों में एफ चौरासी ने औरास को 32 रनों से, मियागंज ने सुमेरपुर को 8 विकेट से, बांगरमऊ ने सफीपुर को 10 विकेट से जबकि बिछिया ने अंतिम लीग मुकाबले में असोहा को 34 रनों से पराजित किया।

## जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



सफीपुर, उन्नाव। ब्लॉक सभागार में किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर किसान भाइयों से लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने योजनांतर्गत किसान पंजीकरण कराने के लिए गाव क्षेत्र में भी लोगो को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने परिसर में लगे विभिन्न विभागो के स्टालों का अवलोकन किया।

विकास खंड कार्यालय सभागार में कृषि सूचनातंत्र के सुद्धीकरण एव कृषक जागरूकता कार्यक्रम में विधायक बम्बालाल दिवाकर ने मौजूद कृषकों को संबोधित कर शासन की आवास, राशन, सड़क योजनाओं के अलावा मुख्य रूप से किसान सम्मान योजना की चर्चा करते हुए कहा कि पारदर्शिता के लिए सबकुछ आनलाईन है। सभी किसान अपना पंजीकरण अवश्य पूर्ण करा लें जिससे किसानों से संबंधित सभी योजनाओं का विधिवत लाभ मिलता रहे। उन्होंने मौजूद किसानों से अपने क्षेत्र गांव में अन्य किसानों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी। कृषि गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार ने किसानों से कहा कि विभागीय लोग पंजीकरण के लिए उपलब्ध है पोर्टल धीमा चलने के कारण विलंब होता है। किसान सम्मान निधि जनवरी में आएगी उसके लिए किसान भाई केवाईसी पूर्ण करा लें। प्रभारी ने बताया कि कुल 47865 में शनिवार सुबह 11 बजे तक 5050 पंजीकरण हुए है जो लगभग मात्र 20 प्रतिशत है। ब्लाक परिसर में लगी स्टालों में कृषि फार्मर रजिस्ट्रेशन में प्रभारी मुकेश व राज श्रीवास्तव, कृषि रक्षा में उदय राज, बालविकास में नीरज देवी, बबली रावत, पशु पालन से अमरनाथ यादव ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने स्टालों का अवलोकन कर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की बात कही। इस मौके पर डाक्टर चंद्रपाल, एडीओ पंचायत छोटेलाल, राजू चौहान, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार, वीज गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार, शिवकुमार पांडेय, मलखान सिंह, अतुल अग्निहोत्री, राहुल सिंह, उदयभान सिंह, शशिकांत, शोभित द्विवेदी आदि सहित ग्राम प्रधान व किसान मौजूद रहे।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर निकाली शोभायात्रा



महमूदाबाद/सीतापुर। भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर महमूदाबाद में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों की धुन पर यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने जयश्री राम के नारे लगाए। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। भगवान राम मंदिर निर्माण के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर विशाल शोभायात्रा एवं निशान यात्रा का शुभारंभ रामकुंड चैराहा स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, बच्चे भगवान श्री राम का ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा रामकुंड चैराहा से शुरू होकर कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप, बजाजा मार्ग, तहसील मार्ग, मां संकटा देवी धाम से होकर पुनः हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल जनसमुदाय ने जय श्री राम के जोरदार नारों से शहर की गुंजायमान कर दिया। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर, अतुल वर्मा, कृतार्थ मिश्र, हिमांशु राठौर, शोभित सोनी, श्याम सिंह, विकास पोरवाल, मुकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। लक्ष्मी-गणेश, कुबेर सुख समृद्धि कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह द्वारा बैसनपुर स्थित राजेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन व सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## विवेकानंद ने भारत ही नहीं , विश्व मानवता के लिए कार्य कियाः आरके बाजपेयी

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। विवेकानंद भारत के प्राणपुत्र थे। उन्होंने भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की मानवता के लिए कार्य किया। अपना पराया का भाव लाना छोटी प्रवृत्ति का परिचायक है, पूरा विश्व ही हमारा परिवार है। ऐसी भावना के साथ काम करना चाहिए। चुनौती जितनी बड़ी होगी सफलता उतनी ही शानदार होगी।



उक्त बातें सीता इंटर कालेज के शास्त्री सभागार में में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती युवा दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हमें विवेकानंद जैसे महापुरूषों के जीवन को अपना आदर्श मानना चाहिए। विवेकानंद का धर्म आध्यात्म, संस्कृति व संस्कारों से परिपूर्ण व्यक्तित्व रहा है। जीवन में संकल्प लेने के बाद उसे कभी तोड़ना नहीं चाहिए। महज 30 वर्ष की अवस्था में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन को संबोधित करके भारतीय संस्कृति का पूरे विश्व में लोहा मनवाया। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें भी श्रद्धाजंली दी गयी। कालेज के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे विलक्षण संत थे, जिन्होंने वर्तमान भारत की नींव रखी। उन्होंने पूरे विश्व में भारत के ज्ञान की पताका फहराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वागीश दिनकर वाजपेयी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर किया गया कोई भी काम विफल नहीं होता। विवेकानंद के आदर्शों को ध्यान में रखकर हमें काम करना चाहिए। उप प्रधानाचार्य यशपाल वर्मा ने कहा कि स्वामी जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे उन्होंने अपनी प्रतिभा और शौर्य के बल पर पूरे विश्व में भारत का नाम बुलंद किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व मां शारदे, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। युवा दिवस की पूर्व संध्या पर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं व विचारों से विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद रहे।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अवधेश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 33 के रूप में हुई है। घटना लगभग बीती रात 10:30 बजे की है। घटना उस समय हुई जब अवधेश दुकान की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया लेकिन इलाज के दौरान अवधेश की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है तथा आरोपी वाहन चालक की पहचान के लिए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## बजरंग इंटर कालेज में 17 को सांस्कृतिक उत्सव

**बांदा।** हमारी संस्कृति, हमारी पहचान, संस्कृति उत्सव 2024-25 के अंतर्गत जिला स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता मंडलीय मुख्यालय पर 17 जनवरी को होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए आयुक्त अजीत कुमार ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया है कि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश को 27 दिसंबर 2024 का संदर्भ देखें जिसमें कहा गया है कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव मनाए जाने के निर्देश दिए गये हैं। जिसमें जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जो 17 जनवरी को 11:30 बजे आदर्श बजरंग इंटर कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित होना है। जिला स्तर के चयनित कलाकारों को मंडलीय प्रतियोगिता में उपस्थित रहने के लिए सभी विजयी प्रतिभागियों को सूचित कराएं।

## डीएम और एसएसपी ने सुनी शिकायतें

**बरेली।** थाना कैंट में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताया कि निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद और राजस्व संबंधी मामलों से जुड़ी थीं। डीएम ने निर्देश दिए कि भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए और यदि संभव हो, तो विवाद को आपसी सहमति से हल किया जाए। इसके साथ राजस्व विभाग से लंबित फाइलों को तत्काल निस्तारित करने को कहा गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि वे थाना क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने के लिए संवेदनशील और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

## ड्रिंक एण्ड ड्राइव के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 17 वाहनों का एवं नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 04 वाहनों का एम.वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया जैसे-फाग लाइट का क्रियाशील होना और उचित प्रयोग, हाई बीम लो बीम का उचित प्रयोग, लेन ड्राइविंग, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 134 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में जल्द मिलेगा बेहतर उपचारः अक्षय त्रिपाठी



**ललितपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन हेतु कराए जा रहे वार्डों के रेनोवेशन कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज शनिवार को औचक निरीक्षण किया और शेष कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सालय में मरीज और तीमारदारों से वार्ता की व उन्हें दिए जा रहे उपचार का फीडबैक लिया। जनपद में आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी

- **डीएम ने मरीजों और तीमारदारों से स्वयं बात कर लिया फीडबैक**

की मुहिम साकार होती दिखाई दे रही है, जिसके अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए वार्डों व शौचालयों का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, इसके अंतर्गत पहले फेज में जिला चिकित्सालय के वार्डों एवं शौचालय का रेनोवेशन कराया गया था तथा दूसरे फेज में महिला चिकित्सालय में रेनोवेशन का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग एवं कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी को निर्देश दिए कि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए हैंडओवर करें ताकि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने मौके पर यह भी देखा कि कोई भी मरीज गैलरी व अन्य खुले स्थानों पर उपचार लेने के लिए मजबूर तो नहीं है, विगत निरीक्षण में कुछ मरीज गैलरी में उपचार लेते हुए पाए गए थे जिस पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए मरीजो को वार्ड में शिफ्ट कराया और उन्हें बेहतर उपचार दिलवाया था, वर्तमान में ऐसी कोई स्थिति सामने नहीं आई और मरीजो ने भी उन्हें दिए जा रहे उपचार को संतोषजनक बताया। मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चैधरी ने बताया कि प्राइवेट वार्ड, महिला वार्ड, एनआरसी वार्ड एवं पुरुष वार्ड ), उसमें शौचालय सहित सभी कार्य पूर्ण कर दिए गए है तथा अंदर अस्पताल प्रशासन को सौंप दिए हैं। इसके उपरांत प्राचार्य द्वारा आगे का भाग कार्यदाई संस्था को हैंडओवर किया गया है, जिसमें कंबाइंड वार्ड, बच्चा वार्ड तथा महिला वार्ड शामिल है। कार्यदाई संस्था 25 जनवरी तक उक्त कार्य पूर्ण कर अस्पताल को वापस हैंडओवर कर देगी। इसके अलावा ओपीडी एरिया में कॉरिडोर में एसी, विद्युत एवं फायर फाइटिंग से संबंधित कार्य पूर्ण है, परन्तु फाल्स सीलिंग हेतु फ्रंट न मिलने के कारण फाल्स सीलिंग पूर्ण नहीं हो पा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चैधरी, डॉ पवन सूद, डॉ गजेंद्र सिंह सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# जनपद के विकास के लिए डीएम फुल एक्शन में

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जनपद के विकास के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी अपने फुल एक्शन में नजर आ रहे हैं। जिलाधिकारी रात होते ही नगर की सड़कों पर प्रशासनिक अमले के साथ निकल जाते हैं, और निराश्रितों सहित नगर में क्या-क्या विकास कार्य हो सकता है, आदि का जायजा लेते हैं। इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार की रात नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की प्रगति, दिए कि हटाए गए अतिक्रमण के स्थान पर किसी भी दिशा में दोबारा अतिक्रमण नहीं होना चाहिए, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट में नगर पालिका द्वारा संचालित गवर्मेंट कैप्टिव प्लेटफार्म ( जीसीपी ) के अंतर्गत पब्लिक को फ्री वाईफाई उपलब्ध कराने हेतु घंटाघर पर स्थापित पहले फ्री वाईफाई को देखा और निर्देश दिए कि आगामी दिनों में

- **गवर्नमेंट कैप्टिव प्लेटफार्म के तहत घंटाघर पर फ्री वाई-फाई की हुई स्थापना**
- **चंद्रशेखर उद्यान पार्क (कंपनी बाग) के सामने खाली भूमि पर लगेगी डिजिटल स्क्रीन**
- **शीत लहर से बचाव के इंतजाम व अतिक्रमण का जायजा लेने फिर रात में निकले डीएम**
- **अधिकारियों को दी हिदायत, हटाए गए स्थान पर दोबारा ना हो पाये अतिक्रमण**

शीतलहर से बचाव के इंतजाम एवं अन्य जन सुविधाओं के स्थलीय सत्यापन हेतु रात्रिकालीन भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायाजा लिया।

डीएम श्री त्रिपाठी मध्यरात्रि में अधिकारियों की टीम के साथ तुवन चैराहे से स्टेशन तक अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और निर्देश अन्य चिन्हित स्थलों पर भी फ्री वाईफाई स्टैबलिश कराएं, ताकि नगरवासियों, प्रतियोगी बच्चों व अन्य सभी को इसका लाभ मिल सके। मौके पर अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका द्वारा सुपर मार्केट में गवर्मेन्ट कैप्टिव प्लेटफॉर्म ( जीसीपी )का



संचालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज घंटाघर पर पहले फ्री वाईफाई की स्थापना की गई है, शेष स्थानों पर भी जल्द ही फ्री वाईफाई स्थापित कराए जाएंगे।

इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों व चिन्हित स्थलों पर कैमरे लगाये गए हैं जिन्हें जीसीपी से कण्ट्रोल किया जा रहा है, इससे जनपद में एक पब्लिक एड्रेस नेटवर्क बनेगा, साथ ही इसमें कचरा प्रबंधन/एफएसएसएम वाहनों की ट्रेकिंग, जनशिकायतों की सुनवाई व निस्तारण, टोलफ्री नम्बर 1533 व 14420 का संचालन किया जा रहा है।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कंपनी बाग के सामने वाली भूमि का लेआउट देखा, बताया गया कि इस पार डिजिटल स्क्रीन लगाए जाने हेतु स्थल का चिन्हीकरण लेआउट तैयार कर लिया गया है।

जिस पर अगले कार्यदिवस में कार्य प्रारंभ किए जाने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने डाइट के सामने डूडा विभाग द्वारा निर्मित 100 बिस्तर वाले सर्व सुविधा युक्त आश्रय स्थल का निरीक्षण किया।

यहां पर उन्होंने शीतलहर से बचाव हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं को दिखा और निर्देश दिए की कोई भी बेघर या असहाय व्यक्ति खुले में ना सोए इसके लिए अधिकारी निरंतर रात्रि में भ्रमण करते रहें और आश्रय स्थलों में रजाई गद्दा तकिया सहित अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित वृद्धा की समस्या को सुना और तत्काल निस्तारण कराया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चंद्रभूषण प्रताप, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# महाकुंभ के चलते यातायात के मार्गों में बदलाव

जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** प्रयागराज महाकुंभ, पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा एवं महाशिवरात्रि के प्रमुख स्नान पर्वों को देखते हुए जिले में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले से भारी वाहन चित्रकूट राजापुर व प्रयागराज की तरफ पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेंगे। सिर्फ तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं व अन्य आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं से संबंधित वाहन ही जा सकेंगे। जिले से लखनऊ, कानपुर जाने वाले सभी भारी वाहन बेंदाघाट होते हुए फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ की तरफ जाएंगे।

आवश्यकता पड़ने पर जिले से हमीरपुर व कानपुर जा सकेंगे और इसी मार्ग से वापसी होगी। बांदा से फतेहपुर, बांदा से हमीरपुर, बांदा से महोबा, बांदा से नरैनी, पन्ना, सतना मार्ग सामान्य दिनों की तरह संचालित रहेंगे। कानपुर से प्रयागराज होकर रिवां सतना जाने वाले भारी वाहन कानपुर से चैड़गरा, बिंदकी चिल्ला, बांदा नरैनी होते हुए रिवां व सतना जाएंगे और इसी मार्ग से वापसी भी होगी। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे व महोबा की तरफ से आने वाले भारी वाहन, आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं को छोड़कर चित्रकूट व प्रयागराज की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे। बांदा होकर प्रयागराज जाने वाले तीर्थ यात्री, श्रद्धालु बेंदाघाट फतेहपुर होते हुए या बांदा-बबेरू राजापुर महेवा घाट मंझनपुर होते हुए या बांदा चित्रकूट होते हुए जा सकेंगे। प्रयागराज जाने वाले सभी तीर्थ यात्री, श्रद्धालु इन्ही मार्ग से जाएंगे। उन्होने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों को देखते हुए सामान्य कार्यों से चित्रकूट व प्रयागराज जाने से बचें।

जिले के सभी अंतर्राज्यीय व अंतर्जनपदीय बैरियरों पर स्थानीय पुलिस के साथ यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। अगर किसी को कोई दिक्कत होती है तो निरीक्षक यातायात क मोबाइल नंबर 9415073475 या आपातकालीन डायल यूपी 112 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पौधरोपण से कार्बन क्रेडिट के माध्यम से उनकी आय में होगी वृद्धिः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक देश को कार्बन शून्य बनाने की घोषणा की है। इसके तहत किसानों द्वारा कृषि वानिकी में किये गये पौधरोपण से कार्बन क्रेडिट के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को अधिक से अधिक तीव्र गति से बढ़ने वाले वृक्षों यथा पापुलर, मीलिया डूबिया व सेमल आदि के पौधों का रोपण करना होगा तथा छह अमेरिकी डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट की खरीद होगी जिससे किसानों को लगाये गये प्रत्येक पेड़ के लिये लगभग 250 से 350 रुपए आय के रूप में प्राप्त होंगे, जो पेड़ की कीमत से अतिरिक्त आय होगी। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि विश्व में तीव्र गति से फैलता प्रदूषण जहां विभिन्न समस्याएं उत्पन्न करता है, वहीं भारत जैसे अनेक विकासशील देशों को वृक्षारोप सृजित कर धनार्जन



का सुअवसर प्रदान करता है। विकासशील देशों में कारखाने स्थापित करने से अधिक लाभदायक व्यवसाय, अधिकाधिक वृक्ष लगाने वाली योजनाओं के माध्यम से वातावरण से ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित कर कार्बन क्रेडिट अर्जित करना तथा कार्बन क्रेडिट के स्थान पर विकसित देशों से धन प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ विकास प्रक्रिया (सी.डी.एम.) का उद्देश्य औद्योगिक देशों को विकासशील देशों में श्पर्यावरणीय मित्रश परियोजनाओं में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना व इन निवेश से प्राप्त कार्बन क्रेडिट से अपना उत्सर्जन कम करना है। उन्होंने बताया कि कार्बन फाइनेंस के माध्यम से कार्बन क्रेडिट से लाभान्वित होने वाले कृषकों के सम्बन्ध में प्रदेश में प्रथम चरण के लिए मुरादाबाद सहित कुल 06 मण्डल चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कार्बन फाइनेंसिंग से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए ज्म्त् (जेम म्दमतहल दक त्मेवनतबमे प्देजपजनजम) का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में मुरादाबाद मण्डल में लाभार्थी कृषकों की संख्या- 4,697, अनुमानित कार्बन क्रेडिट 38.05 करोड़ निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 06 डॉलर प्रति कार्बन क्रेडिट (प्रत्येक 5वें वर्ष) में कृषकों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में कार्बन फाइनें के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 07 अतिरिक्त मण्डल का चयन किया जाएगा, जिससे पूरा उत्तर प्रदेश को उक्त योजना का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने जिले के किसान बंधुओं का आहवान किया कि अधिक से अधिक पेड़ लगा कर अतिरिक्त आय का लाभ अर्जित करें।

## एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान को पर्यावरण योद्धा सम्मान से किया सम्मानित



**नगीना, बिजनौर।** रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन के द्वारा एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान को पर्यावरण पर निरंतर कार्य करने के लिए फाउंडेशन हमीरपुर द्वारा पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। एसडीएम मांगेराम चौहान को पर्यावरण संरक्षण के विचार पर देश और विदेश में कई सम्मान मिल चुके है। रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, मृदा संरक्षण, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और दुनिया में कुपोषण से निपटने के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए खाद्य अपव्यय को रोकने के लिए काम कर रहा है। संगठन वर्तमान में सरकारों, व्यवसायों और अन्य गैर-लाभकारी संगठनों और नागरिकों के साथ मिलकर काम करता है ताकि पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान विकसित किया जा सके। संगठन हितधारकों के बीच संबंध भी बनाता है और दुनिया भर में विकास को लागू करने और बढ़ावा देने में भी मदद करता है। संगठन के फाउंडर और सीईओ डॉ रघुराज प्रताप सिंह है और फाउंडेशन अधिक से अधिक पेड़ लगाने,पर जोर देता है। रोजगारपरक शिक्षा और समाजिक जागरूकता भी इस संगठन के दूसरे कार्य है। इनके कार्यों के लिए विभिन्न मंचों पर संगठन सम्मानित भी हो चुका है।

## महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन का 15 जनवरी को जनसुनवाई और निरीक्षण कार्यक्रम

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन 15 जनवरी 2025 को जिला बिजनौर में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन द्वारा प्रदेश में महिला उत्पादक ईंधन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को तबीयत न्याय दिलाने के लिए आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टिगत द्वारा 15 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी तथा उसके बाद उनके द्वारा महिला बंदी गृहों, बालिका एवं महिला गृहों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने उसे संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को वांछित आख्या/ सूचना सहित उपस्थित होकर जनसुनवाई/समीक्षा कार्यक्रम में प्रतिभा करने के निर्देश दिए हैं।

# सेवा योजना इकाई के शिविर में साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूक किया

जिला संवाददाता(vol)




**नगीना, बिजनौर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एमएम इंटर कॉलेज नगीना के विशेष शिवर के छठे दिन थाना कस्बा कोटरा पंचायत घर पर मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर सरवेज खान थाना नगीना द्वारा दीप प्रज्वलित कर व हरि झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा सड़क यातायात सुरक्षा तथा साइबर क्राइम के विषय में जानकारी प्रदान की। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पत्रकार आफताब अंसारी ने की। एवं एमएम इंटर कॉलेज नगीना के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, विद्यालय के शिक्षक अमीचंद यादव, सोमदेव, शहजाद अहमद, मोनिस हिलाल, संजीव कुमार, शहजाद अहमद, डॉक्टर शहजाद हुसैन तथा शिक्षिका नूरजहां, नाजिया ने सड़क सुरक्षा, यात्रा सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। सब इंस्पेक्टर सरवेज खान ने सेवक सेविकाओं को उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर सरवेज खान ने राज्य सरकार के द्वारा साइबर क्राइम द्वारा ठगी से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098, 1930 के संबंध में सेवक सेविकाओं को तथा ग्राम वासियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में को सफल बनाने में कैलाशचंद प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल मॉडल इंटर कॉलेज बेनीपुर का योगदान रहा तथा कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार सिंह गौतम ने सभी का धन्यवाद किया।

# थाना दिवस में समस्या निस्तारण के डीएम ने दिए निर्देश



**बांदा।** जिले के मटौंध थाना में जन समस्याओं को निस्तारित करने के लिए पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। भूमि संबंधी विवाद तथा आपसी विवादों का निस्तारण शीघ्र जांच कर किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। एक फरियादी द्वारा उसकी दुकान को खाली करने के लिए मारपीट एवं विवादित प्रकरण पर राजस्व एवं पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर पैमाइश एवं जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। एक शिकायतकर्ता द्वारा उसके घर पर कब्जा किए जाने की शिकायत पर विवाद को सुनते हुए दोनो पक्षों को सुनकर कार्रवाई करने तथा आपस में विवाद को समाप्त करने के लिए समझौता करने के भी निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस पर थाना प्रभारी संदीप पटेल, नायब तहसीलदार एवं क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिस तथा राजस्व के अधिकारी मौजूद रहे।

## लाल बहादुर शास्त्री को जेडीयू ने दी श्रद्धांजलि



**बांदा।** जिले के ऐतिहासिक अशोक लाट परिसर में शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्य तिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम मे जेडीयू नेत्री, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शालिनी पटेल ने उनके आदर्शों और उनके योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होने कहा कि शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को एक नई दिशा दी। उन्होने अपने जीवन में सादगी और ईमानदारी की मिशाल पेश की। उनका जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि आज हमें शास्त्री जी की नीतियों और उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। उन्होने जिस तरह से देश की सेवा की। वह हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा है। उपस्थित अन्य समाजसेवियों ने स्वर्गीय शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर नवीन वर्मा, विष्णु वर्मा, भईयाराम, जितेन्द्र सिंह खंगार, बलराम यादव, राहुल द्विवेदी, रजनी द्विवेदी समेत दो दर्जन से अधिक जेडीयू कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**बरेली।** शनिवार को आउटसोर्सिंग कर्मचारी झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के भारत सेवा ट्रस्ट कार्यालय पहुंचे। राज्यपाल के उपस्थित न होने के कारण सभी कर्मचारी प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना के कार्यालय पहुंचे और उन्होंने वहां पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही इन कर्मचारियों ने कैंट विधायक संजीव अग्रवाल को भी अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2000 में बिजली बोर्ड के विघटन के समय जब उपभोक्ताओं की कुल संख्या करीब 60 लाख थी, उस समय कर्मचारियों की कुल संख्या करीब एक लाख 20 हजार थी। आज उपभोक्ताओं की कुल संख्या 60 लाख से बढ़कर करीब 3.5 करोड़ हो गई है, तो कर्मचारियों की कुल संख्या करीब एक लाख 20 हजार से भी कम कर दी गई है।

इसके बावजूद पावर कॉरपोरेशन एवं उनकी सहयोगी निगम द्वारा उपभोक्ताओं के अनुपात में कर्मचारी की छंटनी की जा रही है, जोकि सरासर गलत है। भाजपा नेताओं ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# हर शनिवार लालकुआं से चलेगी क्रांतिवीर एक्सप्रेस

'बरेली। रेलवे प्रशासन ने यात्री जनता की सुविधा के लिए लालकुंआ-क्रान्तिवीर संगोली रायण्ण (बेंगलुरू)-लालकुंआ विशेष गाड़ी का संचलन 11 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक शनिवार को लालकुंआ से तथा 14 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक मंगलवार को क्रान्तिवीर संगोल्ली रायण्ण (बेंगलुरू) से संचालित होगी ।05074 लालकुंआ जं.-क्रान्तिवीर संगोल्ली रायण्ण (बेंगलुरू) विशेष गाड़ी 11 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक शनिवार को लालकुंआ से 17.55 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 18.22 बजे, बहेड़ी से 18.45 बजे, भोजीपुरा जं. से 19.14 बजे, इज्जतनगर से 19.35 बजे, बरेली सिटी से 19.55 बजे, बरेली जं. से 20.08 बजे, बदायूं से 20.54 बजे, कासगंज से 22.00 बजे, हाथरस सिटी से 22.50 बजे, मथुरा कैंट से 23.50 बजे, दूसरे दिन मथुरा जं. से 00.10 बजे, आगरा कैंट से 01.05 बजे, ग्वालियर से 02.29 बजे, वीरंगना लक्ष्मीबाई झासी से 03.55 बजे, बीना से 06.05 बजे, रानी कमलापति से 08.00 बजे, इटारसी से 09.35 बजे, बैतूल से 11.15 बजे, नागपुर जं. से 14.35 बजे, सेवाग्राम जं. से 15.30 बजे, चन्द्रपुर से 17.00 बजे, बल्हारशाह से 18.40 बजे, सिरपुर कागज नगर से 19.20 बजे, मंचिर्याल से 20.00 बजे, पेद्दपल्ली से 20.20 बजे, वरंगल से 21.40 बजे, महबूबाबाद से 22.30 बजे, खम्मम से 23.00 बजे, तीसरे दिन विजयवाड़ा जं. से 01.20 बजे, तेनाली जं. से 01.50 बजे, ओंगोल से 04.00 बजे, नेल्लूर से 05.40 बजे, गूडूर जं. से 06.30 बजे, रेणिगुंटा जं. से 08.40 बजे, काटपाडी जं. से 10.30 बजे, जालारपेट्टै जं. से 11.55 बजे, कुप्पम से 12.34 बजे, बंगारपेट से 13.15 बजे, कृष्णराजपुरम से 14.05 बजे तथा बेंगलुरू कैंट से 14.35 बजे छूटकर क्रान्तिवीर संगोल्ली रायण्ण (बेंगलुरू) 15.25 बजे पहुंचेगी।05073 क्रान्तिवीर संगोली रायण्ण (बेंगलुरू)-लालकुंआ विशेष गाड़ी 14 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रत्येक मंगलवार को क्रान्तिवीर संगोल्ली रायण्ण (बेंगलुरू) बजे, काटपाडी जं. से 11.35 बजे, रेणिगविजयवाड़ा जं. से 20.10 बजे, बजे, चन्द्रपुर से 03.42 बजे, सेवाग्राम जं. से 05.12 बजे, नागपुर जं. से 06.50 बजे, बैतूल से 09.32 बजे, इटारसी से 12.10 बजे से चलेगी।

## डाक जीवन बीमा में बांदा मंडल प्रदेश में प्रथमः अधीक्षक



**बांदा।** डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर डाक विभाग, बांदा मंडल ने उत्तर प्रदेश परिमंडल में प्रथम स्थान हासिल किया है। चालू माह जनवरी में पालिसी एवं प्रीमियम में दो करोड़ पाँच लाख रुपए जमा कराकर नया कीर्तिमान कायम किया है। मंडल डाकघर अधीक्षक जी ए खां ने बताया कि डाक जीवन बीमा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए इसी माह 9 जनवरी को महालॉगिन आयोजित किया गया था। दोनों बीमा योजनाओं का प्रचार-प्रसार मंडल के दोनों प्रधान डाकघरों सहित सभी 48 उप डाकघर और 492 शाखा डाकघरों में करके डाक जीवन बीमा की 692 और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की 899 (कुल 1591) पॉलिसी से दो करोड़ से भी ज्यादा राजस्व प्रीमियम के रूप में अर्जित किया गया। डाक अधीक्षक ने कहा कि उनके निर्देशन में बांदा मंडल द्वारा प्रदेश स्तर पर पहला स्थान पाने में यहां के उप मंडल प्रभारी, विकास अधिकारी तथा सभी डाकपाल व उप डाकपाल का सहयोग रहा। डाक विभाग की यह जीवन बीमा योजना लोकप्रिय हो रही है।

संक्षेप

## विवाहिता ने पीया जहर, मौत

दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटौन्धी गांव में एक विवाहिता ने शुक्रवार की शाम कीटनाशक का सेवन कर ली, इसकी जानकारी लगते ही परिजनों ने आनन फानन में उसे उपचार हेतु दुद्धी सीएचसी लाये जहां, उपस्थित चिकित्सक डॉ विनोद कुमार सिंह ने विवाहिता का उपचार शुरू किया विवाहिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सक ने बताया कि परिजन विवाहिता को जहर खाने की बात बता रहे थे, चिकित्सक ने मामले की सूचना अस्पताल के मेमो पर कोतवाली पुलिस दी, सूचना पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मृतिका 28 वर्षीय अंजू देवी पत्नी सावन कटौन्धी ग्राम प्रधान बसन्ती देवी की छोटी बहू है, जिसकी शादी 2017 में ग्राम प्रधान के सबसे छोटे बेटे सावन धाना से हुई थी, मृतिका ने किन परिस्थितियों में जहर का सेवन किया पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## एनएच किनारे गिरे बोल्डर की ढेर दे रही दुर्घटना को दावत

दुद्धी। रांची- रीवा मार्ग एनएच 39 पर जाबर गांव में सड़क किनारे गिरे बोल्डर की ढेर दुर्घटना को दावत दे रही है जिससे सड़क पर गुजरने वाले बाइक सवारों व वाहन चालकों में भय व्याप्त है कि कही कोई अनहोनी ना हो जाये ग्रामीणों ने बताया कि 9 जनवरी को एक बाइक सवार के धक्के से इसी बोल्डर की ढेर पर गिरने से एक अधेड़ की ऑन स्पॉट मौत हो गयी थी जबकि मृतक अपने साइड में पैदल जा रहा था। घटना के बाद भी स्थानीय प्रसाशन बोल्डर को हटवाने के लिए कोई पहल नही कर रही। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इस बोल्डर की ढेर को अगर प्रशासन जल्द से जल्द नही हटवाती है तो कोई भी अप्रिय घटना पुनः घट सकती हैं उन्होंने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर अविलंब इस बोल्डर की ढेर को हटवाने की मांग उठाई है। बता दे कि यह सड़क रांची - रीवा मुख्य मार्ग एनएच 39 के नाम से शुमार है यह सड़क झारखंड से यूपी को जोड़ती है और इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है।

## पुआल में लगी आग हजारों की क्षति

दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डूमरडीहा गांव में शनिवार की दोपहर एक घर के बाहर रखी पुआल के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे पुआल की ढेर सहित, मवेशियों के रहने के लिए बनाए गए छाजन व एक कमरे का आंशिक हिस्सा जल गया, घटना से पीड़ित परिवार को हजारों की क्षति बताई जा रही है, पीड़ित परिवार की लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचित कर सबर्सिबल पम्प के सहारे आग पर काबू पाने में जुटे रहे है करीब ढाई घंटे बाद पहुँची दमकल की वाहन से सम्पूर्ण रूप से आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना हल्का लेखपाल सहित पुलिस कर्मियों को दे गई, पुलिस कर्मी घटना की छानबीन में जुट गए है। डूमरडीहा निवासी माधो प्रसाद के घर के बाहर पूरे का ढेर रखा हुआ था जिससे बेचने के लिए खरीदार से सौदा भी हो चुका था लेकिन शनिवार की दोपहर घर के बाहर रखे पुआल में किसी ने आग लगा दी जिससे पीड़ित परिवार को हजारों की क्षति हुई पीड़ित माधो प्रसाद ने बताया घटना से पुआल की ढेर के साथ, मवेशियों को रखने के लिए छाजन सहित एक कमरे का आंशिक रूप से जल गया अगलगी से तकरीबन एक लाख का नुकसान हो गया है, उन्होंने बताया कि जब पुआल में आग लगाई गई तो वे खेत की ओर गए थे और घर अन्य सदस्य भी घर में थे उन्होंने आरोप लगाया कि पास पड़ोस के कुछ लोगों से रंजिश है उन्होंने ही मेरे घर के बाहर रखे पुआल में आग लगा दी माधो प्रसाद ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है इस दौरान उनकी पत्नी सरोजा देवी रोती बिलखती रही।

## अवैध शस्त्र सहित शातिर गिरफ्तार

सीतापुर। रामपुर कला थाना पुलिस में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है। रामपुर कला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने रामपुर कला थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरा निवासी सोनू यादव पुत्र मनोज यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में सोनू के खिलाफ रामपुर कला थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# समाधान दिवस : फरियादियों की सुनीं समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा थाना चोपन पर तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थानों पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के समय से निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। इसी के साथ यह भी निर्देश दिया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जनपद में पुलिस से सम्बन्धित प्राप्त कुल 14 प्रार्थना पत्रों में से 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण तथा राजस्व से सम्बन्धित कुल 122 प्रार्थना पत्रों में से 64 का मौके पर ही निस्तारण किया गया (इस प्रकार कुल 136 प्रार्थना पत्रों में से 74 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया) जबकि शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।

## एनसीएल में हुई अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता



सोनभद्र। भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधीचुआ परियोजना में 5 दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता हुई। 6 जनवरी से 10 जनवरी, 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले गए जिनमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों की 12 टीमों से 216 खिलाड़ीयों ने भाग लिया।

इस प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उपस्थित सभी को खेल-कूद से जुड़ने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त समापन समारोह में जेसीसी मेम्बर्स सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्री श्यामधर दूबे, केएसएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधीचूआ) विनोद कुमार सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (खड़िया) मनोज अग्रवाल, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (झिंगुरदा) ए. के. त्यागी, उप-महाप्रबन्धक (कार्मिक/प्रशासन) संजय सिन्हा, स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच खड़िया एवं झिंगुरदा परियोजना के बीच खेला गया, जिसमें खड़िया टीम ने झिंगुरदा टीम को 1-0 से हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। इस दौरान झिंगुरदा क्षेत्र के सुकरा बरला को बेस्ट प्लेयर एवं खड़िया क्षेत्र के आर. बी. मींज को ब्बेस्ट गोलकीपरह्व के खिताब से नवाजा गया। गौरतलब है कि एनसीएल में प्रतिवर्ष कर्मियों को खेल-कूद से जोड़ने एवं उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## प्रयागराज के लिए फुटहिया चौकी से मिलेगी महाकुम्भ की बसें



बस्ती। बस्ती के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), बस्ती पंकज सिंह ने बताया कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 के तहत परिवहन मंत्री द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में बस्ती के फुटहिया चौकी के निकट में महाकुम्भ मेले में यात्रियों के सुगम एवं सुरक्षित परिवहन (यात्रा) के लिए एक अस्थायी बस अड्डे का निर्माण किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए महिला एवं पुरूषों के लिए पृथक-पृथक रैन बसेरा, शौचालय, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा कैम्प और सामूहिक प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गयी है। साथ ही प्राइवेट बसें 24 घंटे श्रद्धालुओं को लाने और ले जाने के लिए खड़ी रहेंगी।

इसी क्रम में प्राइवेट बस वाहन के स्वामियों से अपील की जाती है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ-2025 में जाने वाले श्रद्धालुओं को लाने एवं ले जाने के लिए फुटहिया चौकी के निकट बनाये गये अस्थायी बस अड्डे से अपनी वाहन का संचालन करें। साथ ही यदि वाहनों के प्रपत्र अपूर्ण हैं तो कार्यालय में उपस्थित होकर प्रपत्रों को पूर्ण करा लें और प्रयागराज जाने व आने की अस्थायी परमिट भी प्राप्त कर लें। अस्थायी परमिट प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर कार्यालय में एक अतिरिक्त काउण्टर स्थापित किया गया है, जिससे सम्पर्क कर वाहन का अस्थायी परमिट बनवा सकते हैं। उन्होंने जिले के समस्त श्रद्धालुओं से अपील किया कि प्राथमिकता के आधार पर रोडवेज से चलने वाली उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों अथवा जिला प्रशासन द्वारा फुटहिया चौकी के निकट स्थापित किये गये अस्थायी बस अड्डे से सुखद व सुगम यात्रा करें।

## चंदौसी में प्राचीन बावड़ी पर अतिक्रमण कर बनाया था मकान, भवन स्वामी ने खुद गिराया

संभल। जिले के चंदौसी में नगर पालिका परिषद ने प्राचीन बावड़ी के अवशेषों पर से अतिक्रमण को हटाने का नोटिस दिया था जिसके बाद ऐसा करने वाले व्यक्ति ने कल रात मकान का कुछ हिस्सा गिरा दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने शनिवार को बताया कि खुदाई के दौरान पता चला कि बावड़ी के अवशेष मकान से बिल्कुल सटे हैं। लक्ष्मण गंज निवासी गुलनाज (यूसुफ सैफी की पत्नी) को नोटिस दिया गया और वे खुद ही इसे गिरा रहे हैं। उन्हें नोटिस दिया गया था और वे खुद ही इसे तोड़ रहे हैं। अगर हम जेसीबी से इसे तोड़ते तो ज्यादा नुकसान होता, इसलिए वे खुद ही अपना अतिक्रमण हटा रहे हैं। कल वे लोग भी परेशान हो रहे थे, इसलिए जिलाधिकारी ने उन्हें समझाया कि वे सिर्फ उतना हटायें जो ढांचे (बावड़ी) का हिस्सा है, बाकी को छोड़ दिया जाएगा। गुलनाज ने रोते हुए कहा कि मेरा घर जा रहा है, इसलिए मैं रो रही हूं। मुझे 24 घंटे के अंदर घर खाली करने का नोटिस दिया गया है। मैंने जिलाधिकारी से बात की थी। उन्होंने कहा था कि जमीन बेचने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराएं। शुक्रवार की रात प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पत्रकारों को बताया कि बावड़ी के अंदर कुछ दरारें पाई गई हैं, उसमें काफी मलबा भरा हुआ है, वजन ज्यादा है, भविष्य में बारिश की संभावना को देखते हुए उसके ऊपर शेड बनाया जाएगा। पेंसिया के अनुसार पूरी जमीन को चिह्नित कर उसके दायरे में आने वाले अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। जलाशय और बावड़ी संरक्षित क्षेत्र है और ऐसे स्थानों पर किसी भी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता। संभल जिले के चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान करीब 125 से 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर में फैली बावड़ी मिली है। सोनकर ने बताया कि 21 दिसंबर को इस स्थल पर खुदाई शुरू हुई थी। इस बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल में हुआ था। जिलाधिकारी के मुताबिक यह स्थल पहले तालाब के रूप में पंजीकृत था। कुएं की ऊपरी मंजिल ईंटों से बनी है, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल संगमरमर की है। इस संरचना में चार कमरे और एक कुआं भी है।

## विवेकानंद जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जौनपुर। स्वामी विवेकानंद जयंती पर जनपद में विभिन्न संगठनों द्वारा जगह जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। नगर में इकलौते स्वामी विवेकानंद पार्क सिपाह ख्वाजा दोस्त में भी 12 जनवरी को 12 बजे दोपहर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद मूर्ति पर पुष्पांजलि विचार गोष्ठी आयोजित किया गया है। जिसमें कई संगठनों, एवं कायस्थ समाज के लोग शामिल होंगे। स्वामी विवेकानंद मूर्ति की रंगाई पेंटिंग नगर पालिका परिषद जौनपुर अध्यक्ष मनोरमा देवी मौर्य, सभासद नन्द लाल यादव द्वारा सुसज्जित कराया गया है और जयंती के अवसर पर पार्क को सुसज्जित किया जा रहा हैं। दोपहर 12 बजे अपर जिलाधिकारी अजय अंबष्ट भी पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

## एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर ने नौगढ़ में निःशुल्क गुड़ व चना वितरित किया



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के सौजन्य एवं राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान के सहयोग शनिवार को ग्राम नौगढ़ की गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को पोषण आहार के रूप में निःशुल्क गुड एवं चना का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा 2350 किलोग्राम गुड़ एवं 2450 किलो ग्राम चना राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान को सुपुर्द किया गया। जिसे राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान द्वारा कुल 15 चिन्हित गांवों मे बांटा जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी की ओर से निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) एवं राजमाता चुन कुमारी सेवा संस्थान की टीम के सदस्य उपस्थित रहे है। ग्रामीण महिलाओं ने एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण आहार वितरण का कार्य सराहनीय है। इस पुनीत कार्य से ग्रामीण अंचलों में कुपोषण में कमी आएगी।

## विश्व हिंदी दिवस पर हुई काव्य गोष्ठी



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर परियोजना के प्रथम तल सी वी रमन सभागार मे काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई0सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में सभागार मे उपस्थित कविगणों को विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होनें कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। विश्व हिंदी सम्मेलन जो हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें विश्व भर से हिंदी विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, भाषा विज्ञानी तथा हिंदी प्रेमी जुड़ते है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के उदेश्य से विश्व हिंदी सम्मेलनों की शृंखला आरंभ की गई। उन्होनें उम्मीद जताई कि यह काव्य गोष्ठी सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को हिंदी के प्रति रुचि पैदा करने में सार्थक सिद्ध होगा। मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी ने अपने स्वागत सम्बोधन के जरिये कवियों का अभिनंदन किया तथा विश्व हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होनें यह भी कहा कि मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, यह एक सराहनीय कदम है। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने अपने उदबोधन मे कवियों, राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्व हिंदी दिवस की बधाई दी।

## आम जन के सहयोग से जनपद को बेहतर बनाने की अपील



सोनभद्र। पिरामल फाउंडेशन और स्थानीय पत्रकारों के साथ आपसी वातार्लाप हेतु शनिवार को नगर के एक होटल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पिरामल फाउण्डेशन की राज्य स्तरीय टीम ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे पिरामल फाउंडेशन के जनपद प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि फाउंडेशन ग्राम पंचायत को सक्षम बनाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों के सहयोग से ग्राम पंचायत विकाश योजना बनाकर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे भारत सरकार को जो ग्राम पंचायत का सतत विकाश का लक्ष्य है उसे प्राप्त करने मे सहयोग मिल सके। साथ ही महिला विकास, बाल मैत्री ग्राम पंचायत सहित स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पत्रकारिता जगत के चुनौतियों एवं समस्याओं पर चर्चा किया गया और यथा सम्भव समाधान, सल्युसन जर्नलिजम के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए पत्रकार हितों को ध्यान में रखकर एक आनलाइन सर्वे किया। आम जन के आवश्यकता के सम्बन्ध में भी विचार किया गया। पिरामल फाउंडेशन से राज्य प्रतिनिधि अमृत आनंद ने बताया की उत्तर प्रदेश के सभी आठों आकाँक्षी जनपद में इस प्रकार से बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनपद को बेहतर बनाने मे योगदान देंगे। इस फोटो ग्रीड के दौरान जनपद के सभी पत्रकार साथियों सहित पिरामल फाउण्डेशन से गांधी फेलो सृष्टि भुजेल, एडमिन मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कोटेदारों ने समस्याओं पर ध्यान देने की सरकार से लगायी गुहार



सोनभद्र। कोटेदार संघ अध्यक्ष विनोद कुमार ने मांग किया है कि अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी कमीशन रू 200 प्रति कुंतल किया जाए और गुजरात में रू 20000 गारंटी मिनिमम के रूप में मानदेय दिया जाता है, उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाए। जिससे कोटेदार के परिवार के बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई अच्छे तरीके से हो सके। कहा कि जब सरकार को चुनाव लड़ना होता है तो ग्राम पंचायत एवं नगर के कोटेदारों को अपना फोटो छपवाकर झोले पर संदेश पत्र पर वितरित कोटेदार के द्वारा कार्ड धारको के मध्य कराया जाता है। जिससे कि उनकी सरकार का प्रचार-प्रसार हो सके और उनकी सरकार बने। इस भूमिका में सरकार को बनाने के लिए कोटेदार एक कड़ी हैं लेकिन सरकार उसके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

कोटेदारों ने बताया कि हमारे इस मांग को कई वर्षो से लंबित रखा गया है। जिसको सरकार सुनने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में कोटेदार सरकार का विरोध प्रदर्शन करने की आवाज में बाएं हाथ पर काली पट्टी बांधकर खाद्यान्न का वितरण कर कर रहे हैं। यह कार्य पूरे जनपद में ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में चल रहा है और प्रदेश की नहीं पूरे भारत में राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## महाकुम्भ में एक देश, एक चुनाव पर व्याख्यान देंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ प्रयागराज के मेला परिसर में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के साथ ही समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श और व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाकुम्भ में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा आयोजित व्याख्यान की शृंखला में एक देश, एक चुनाव विषय पर 18 जनवरी को व्याख्यान आयोजित होगा जिसमें पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। महाकुम्भ में मिशन के शिविर प्रभारी डॉ. सनी सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर स्थल पर व्याख्यान की शृंखला में सात विषयों पर 12 जनवरी से छह फरवरी तक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम व्याख्यान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म की वैश्विक दृष्टि, दूसरा व्याख्यान 17 जनवरी को भारत की गौरव गाथा बनाम आत्महीनता की भावना, तीसरा व्याख्यान 18 जनवरी को एक देश, एक चुनाव- आर्थिक राजनीतिक सुधार एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित किया जाएगा। चौथा व्याख्यान 20 जनवरी को वैश्विक आतंकवाद समाधान - भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में, पांचवा व्याख्यान 25 जनवरी को भारत की अखंडता भौगोलिक और राजनीतिक चुनौतियां, छठा व्याख्यान 31 जनवरी को लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में और सातवां व्याख्यान छह फरवरी को सोशल मीडिया पर निजता और सुरक्षा-युवाओं के परिप्रेक्ष्य में विषय पर आयोजित होगा। इन व्याख्यानों में ख्यातिलब्ध और विषय विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखेंगे।

## वकील पर हमला करने वाले चार युवक गिरफ्तार

बरेली। जिले में कचहरी के पास एक वकील के चैंबर में घुसकर उस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार चार युवकों को शनिवार को जेल भेज दिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर पांच युवक अधिवक्ता राजाराम सोलंकी के चैंबर में घुसे और उन पर गोली चला दी। हालांकि, इस घटना में सोलंकी बाल-बाल बच गए। गोली की आवाज सुनकर बाकी अधिवक्ता चैंबर में पहुंचे और चार आरोपियों को घेर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सोलंकी ने सचिन, देव ठाकुर, रोहित कुर्मी, मोहित और एक अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए सचिन, देव, रोहित और मोहित को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

बरेली। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में अभद्र टिप्पणी करने और उन्हें धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को आरोपी व्यक्ति को जेल भेज दिया गया। आरोपी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया (फेसबुक) पर एक पोस्ट लिखकर यह चुनौती दी थी कि वह महाकुम्भ मेले का आयोजन नहीं होने देगा, चाहे कितने भी सिर काटने पड़ें। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने कहा कि प्रेमनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार रात मैजान रजा (30) को गिरफ्तार किया। आरोपी ने शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला तब सामने आया जब हिंदू संगठनों और कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी के सोशल मीडिया पोस्ट से बहुसंख्यक समुदाय की आस्था को ठेस पहुंची है।

## बदायूं मं दादी और पोती की सिर कूंच कर हत्या

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव हयात नगर में शुक्रवार रात महिला और उसकी पोती की सिर कुचलकर हत्या कर दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, घर में चारपाई पर सो रही 55 वर्षीय गीता देवी और उनकी तीन वर्षीय पोती कल्पना की सिर पर वार करके हत्या कर दी गई। घटना के समय गीता देवी के पति रामनाथ काम पर गए हुए थे। परिवार की पास के ही कसवा साखनू के रहने वाले कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। सिंह ने बताया कि 10 साल पहले रामनाथ के लड़के और प्रेमपाल की लड़की के बीच प्रेम प्रसंग के चलते दोनों परिवारों में विवाद हो गया था और तभी से रंजिश चली आ रही है। रामनाथ ने प्रेमपाल और उसके बेटे ब्रजेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रामनाथ द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई हैं।

## भगवान हनुमान की प्रतिमा खंडित मिली, मामला दर्ज

बलिया। जिले में सिकन्दरपुर थानाक्षेत्र के सिकन्दरपुर कस्बे के गोलाबाजार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भगवान हनुमान की एक प्रतिमा खंडित किये जाने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी विकास चंद्र पांडेय ने बताया कि इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सिकन्दरपुर कस्बे के गोलाबाजार मोहल्ले में स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार देर शाम अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भगवान हनुमान की प्रतिमा खंडित कर दी गई। शनिवार को बताया कि भगवान हनुमान की प्रतिमा का गदा तोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त प्रतिमा को ठीक करा दिया गया है। इस मामले में सिकन्दरपुर पुलिस चौकी प्रभारी जान प्रकाश तिवारी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## बंद पड़े स्कूल में आग में जलते शव को देखा, हत्या का मामला दर्ज

बस्ती। जिले में एक बंद पड़े स्कूल में आग लगने की घटना में एक व्यक्ति के शव को जलता हुए देखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने कथित रूप से मृत व्यक्ति की पत्नी की तहरीर पर हत्या समेत अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि चार से पांच वर्ष से बंद पड़े प्रयागराजी इंटर कॉलेज में एक व्यक्ति का शव जल रहा है। स्कूल के प्रबंधक जामवंत शर्मा की पत्नी ने बताया कि जो व्यक्ति पूरी तरह से जल चुके हैं, वह उनके पति हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य इकट्ठा किये। अधिकारी ने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि धौरहरा गांव की रहने वाली महिमा शर्मा ने शिकायत में कहा कि बृहस्पतिवार तड़के चार बजे उनके पति जामवंत प्रसाद शर्मा (45) घर से थोड़ी दूर पर स्थित अपने विद्यालय प्रयागराजी इंटर कालेज गये थे, जो बंद है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जब उनके पति नहीं लौटे तो उन्होंने अपनी छोटी बेटी को उन्हे बुलाने के लिए भेजा और जब उनकी बेटी विद्यालय गयी तो उसने देखा कि एक कमरे में आग लगी गयी हुई है और कमरे के बाहर जामवंत का चप्पल पड़ा है। मृतक की पत्नी ने अंदेशा जताया है कि उसके पति की हत्या कर उनके शव को जलाया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या और साक्ष्य मिटाने समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है।

## आमजन की सुनी समस्याएं

मीरजापुर। जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में थाना समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा थाना कोतवाली शहर पर, अपर जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, तहसीलदार द्वारा थाना कोतवाली देहात पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना पड़री पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना लालगंज पर, उप जिलाधिकारी लालगंज द्वारा थाना हलिया पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना जिगना, उप जिलाधिकारी व नायब तहसीलदार द्वारा थाना ड्रमण्डगंज पर, नयाब तहसीलदार द्वारा थाना सन्तनगर पर, क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना अदलहाट पर, उप जिलाधिकारी चुनार व नायब तहसीलदार द्वारा थाना जमालपुर पर, उप जिलाधिकारी मड़िहान द्वारा थाना अहरौरा पर, तहसीलदार द्वारा थाना मड़िहान पर, उप जिलाधिकारी द्वारा थाना राजगढ़ पर सम्बन्धित थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के आय अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया।

संक्षेप

## विवाद को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बंद की दुकानें

**चांदा, सुलतानपुर** । चांदा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कोइरीपुर में हुए विवाद में नगर पंचायत के व्यापारियों ने दुकाने बंद कर आक्रोश जताया। शुक्रवार को हुए विवाद में बचाव करने गए घायल युवक मोहित कुमार का अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसको आनन-फानन उसे एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। जिससे नगर के व्यापारी चैक पर एकत्रित हो गए। बाजार दूकाने बंद कर दी बाजार की दूकाने बंद होने की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ कोइरीपुर चैक पहुंचे और व्यापारियों से बात करते हुए कहा कि तहरीर के आधार पर पुलिस कार्यवाही कर लोगों की गिरफ्तारी हो रही है कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों से दूकान खोलने और शांति बनाए रखने को कहा। वही नगर पंचायत प्रतिनिधि कासिम राइन ने दर्जनों की संख्या में कोइरीपुर पुलिस चैकी पर पहुंच कर प्रदर्शन पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय के तहरीर पर अभी तक किसी भी प्रकार की अभी तक कार्रवाई नही हुई हैं और निर्दोष लोगों के ऊपर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं।

## टूटी रेलवे की पटरी की इंजीनियरों ने करायी मरम्मत

**लंभुआ, सुलतानपुर** । रेलवे पटरी टूटे होने की सूचना मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। तत्काल रेलवे विभाग के इंजीनियर कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और टूटी पटरी की मरम्मत कराई। इस दौरान रेलवे यातायात के आवागमन में कोई बाधा नहीं पहुंची। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव के निकट शनिवार को रेलवे की पटरी टूटी होने की सूचना मिली तो विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद रेलवे विभाग के इंजीनियर अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि रेलवे पटरी टूटी हुई है। शीघ्रता के साथ इंजीनियरों ने टूटी रेलवे पटरी की मरम्मत का कार्य शुरू किया और थोड़ी ही देर में टूटी पटरी को ठीक कर दिया गया। लंभुआ जीआरपी इंचार्ज महावीर ने बताया कि ठंड के समय कभी-कभी जॉइंट के पास पटरियां सिकुड़ जाती है और पर्याप्त जगह न पाने पर टूट जाती हैं।

## महिला उत्पीड़न रोकथाम और जनसुनवाई 15 को

सुलतानपुर (वीओएल)। महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 15 जनवरी को जनसुनवाई करेंगी। यह कार्यक्रम प्रेरणा सभागार, विकास भवन सुलतानपुर में सुबह 11:30 बजे से आयोजित होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.पी. वर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में आवास, शौचालय (इज्जतघर), राशन कार्ड, निराश्रित/वृद्धा पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और अन्य मुद्दों से जुड़ी पीड़ित और वंचित पात्र महिलाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इसके साथ ही, श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा जिला कारागार में महिला बंदी गृह, बालिका/महिला गृह, और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। इस कार्यक्रम से न केवल महिलाओं की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

# अधेड़ व्यवसायी की गला रेतकर हत्या

### घटनास्थल से पुलिस को मिले दो चाकू, फोरेंसिक टीम और पुलिस मौके पर मौजूद



**अमेठी**। जिले में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई. जहां बीती शाम दुकान से निकले अधेड़ व्यवसाई की अज्ञात बदमाशों ने चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और शव को हाईवे किनारे फेक कर फरार हो गए. आज सुबह घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल के पास ही मौजूद एक मोरंग के ढेर से खून से सने दो चाकू मिले. फोरेंसिक टीम और पुलिस मौके पर जांच में जुटी हुई है. मृतक गौरीगंज कस्बे के चौक इलाके का रहने वाला था।

जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बन्ना टीकर गांव के पास का है जहां आज सुबह एक अधेड़ खून से सना शव पड़ा था. स्थानीय लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच में जुट गई. पुलिस की फोरेंसिक टीम भी मौके से साक्ष्यों को इकट्ठा करने में जुटी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस को पास में ही लगे मोर के एक देर से खून दो चाकू बरामद हुए मी व्यापारी की पहचान इसी क्षेत्र के रहने वाले व्यापारी हरिराम के रूप में हुई. फिलहाल मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल के अलावा ग्रामीण भी मौजूद हैं।

## क्षय रोगियों का होगा मुफ्त एक्सरे

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर**। तहसील क्षेत्र के उघड़पुर चौराहे पर स्थित सियाराम हॉस्पिटल में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त एक्सरे होगा जिसका सहमति पत्र हॉस्पिटल संचालक डॉ. उत्तम सिंह ने सीएचसी अधीक्षक जयसिंहपुर सुरेंद्र कुमार पटेल को प्रदान किया है। सरकार द्वारा क्षय रोग उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत टीम घर घर जाकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का डाटा क्लेक्ट कर सर्वे कर रही है। सरकार ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो की संख्या ज्यादा होने को भापकर प्राइवेट संस्थानों से सहयोग की अपील की जस पर शनिवार को अधीक्षक सीएचसी जयसिंहपुर सुरेंद्र कुमार और एसटीएस अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सियाराम हॉस्पिटल संचालक से संपर्क कर सहयोग मांगा जिस पर हॉस्पिटल संचालक डॉ. ने मुफ्त एक्सरे करने का सहमति पत्र जारी करते हुए कहा है कि मैं 60 वर्ष से अधिक लोगों का एक्सरे मुफ्त करूंगा।

## महाकुंभ और प्राण प्रतिष्ठा के लिए नपा अध्यक्ष ने की विशेष स्वागत की तैयारी



**सुलतानपुर**। महाकुंभ-2025 प्रयागराज और श्री रामजन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद सुलतानपुर ने विशेष तैयारियां की हैं। शुक्रवार को गनपत सहाय स्नातकोत्तर कॉलेज पयागीपुर के सामने बने स्वागत द्वार और शिविर का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राज बाबू उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि नगर क्षेत्र में तीन स्वागत द्वार और एक स्वागत शिविर स्थापित किए गए हैं। इन पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रयागराज-अयोध्या मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है, साथ ही एलईडी और सजावटी लाइटें लगाई गई हैं। मुख्य मार्गों पर प्रचार के लिए होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। आकस्मिक स्थिति में सरदार पटेल सामुदायिक भवन में विशेष ठहरने की व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों के लिए रैन बसेरे और पौराणिक सीताकुंड घाट की सफाई भी सुनिश्चित की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कहा कि महाकुंभ-2025 के आयोजन से सुलतानपुर की छवि बेहतर होगी और स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक लाभ होगा। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह और विधायक राज बाबू उपाध्याय ने पालिका की तैयारियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पालिकाध्यक्ष ने सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि स्नान पर्व के दौरान यात्रियों के लिए भोजन और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि तीर्थयात्रियों की सेवा करें और जनपद की सकारात्मक छवि बनाएं। इस अवसर पर सभासद प्रवीण मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गरीबों के लिए छलावा साबित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम



**जगदीशपुर, अमेठी**। गरीब व असहाय लोगो को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम पात्र व निर्बल गरीबों के लिए छलावा साबित हुआ। विकास खंड के अंतर्गत स्थित डाकबंगले पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम की खबर पाकर क्षेत्र के विधवा, विकलांग, गरीब, निर्बल परिवार के लोग सुबह से आकर भूखे प्यासे रहकर कंबल पाने की आस मे टकटकी लगाकर इंतजार करते रहे परंतु कंबल वितरण का दौर चलता रहा राजस्व विभाग एवम क्षेत्रीय भाजपा विधायक की उपस्थिती मे एक ग्राम पंचायत से मात्र दस लोगो को ही कंबल मिल सका जिनका नाम लिस्ट मौजूद था बिडंबना यह रही कि लगभग साढे तीन सौ कंबल वितरण हुए जिसमे ब्लाक की कुल इकहत्तर ग्राम पंचायतो से आए कुछ ही ग्राम पंचायत के लोगो को कंबल तो दिया गया परंतु दर्जनो ग्राम पंचायत के लोगो को कंबल मयस्सर नहीं हो सका मजे की बात यह रही कि पात्र लोग जिसमे विधवा विकलांग वृद्धजन कंबल ना पाने से हाय हाय करते हुए निराश होकर लौट गए। इस मौके पर एसडीएम मुसाफिरखाना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत क्षेत्र के भाजपाई नेता मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश

**अमेठी**। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जायस थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष जायस सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## मदद करने व लोगों की जरूरतों के अनुरूप सुविधा देना ही परम कल्याणकारी :अदिति सिंह



**रायबरेली**। सदर विधायक अदिति सिंह ने ठंड के कारण गरीब, असहाय, दिव्यांग, निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनो को कंबल वितरित करते हुए कहा कि इन लोगों की मदद करने से ही मानव जीवन के मूल्यों को आधार मिलता है तथा लोगों की आवश्यकताएँ भी पूर्ण हो जाती है जिसके लिए हमारे तमाम वेद शास्त्रों में इसका उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि मदद करने व लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधा देना ही परम कल्याणकारी है। नगर क्षेत्र के जुन्नारदार खोर व गडरियन का पुरवा आदि स्थलों पर सदर विधायक अदिति सिंह ने पहुंचकर दिव्यांग जनों निराश्रित महिलाओं वृद्धजनों को लगभग 500 कंबल वितरित करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना। वृद्ध महिलाओं ने सदर विधायक अदिति सिंह को आशीर्वाद दिया और कहा कि बेटियों को शक्तिशाली और सामर्थ्यवान भगवान इसलिये बनाता है कि उनके माता पिता के समान जनता को संकट न झेलना पड़े। वहीं कंबल की सौगात पाकर ठंड से ठिठुर रहे लोगों ने राहत की साँस ली। सदर विधायक ने नगर क्षेत्र में अलाव जलाने के लिए भी दिशा निर्देश दिए हैं।

# एनटीपीसी में बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का समापन




**रायबरेली**। एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत 6 जनवरी से 11 जनवरी तक शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके समापन समारोह में परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष तरुणा छाबड़ा ने सभी प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके अनुभवों को जानने का प्रयास किया।

बालिकाओं को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि आप सब बालिकायें एनटीपीसी का गौरव हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सबने बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला के अंतर्गत जो कौशल प्राप्त किए हैं उसके माध्यम से आप अपना, अपने परिवार का और अपने एनटीपीसी परिवार का नाम अवश्य रौशन करेंगी। जीवन में आपका जोश, जज्बा, जुनून और जिद ही आपको कामयाबी के शीर्ष पर लेकर जाएंगे इसलिए इन्हें हमेशा अपने साथ बनाए रखिएगा। श्रीमती छाबड़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि आप सबको यहां पढ़ते-सीखते देखना हमारे लिए गौरव का विषय है। आपमें उत्पन्न हुआ ये आत्मविश्वास हम सबको आपके लिए बढ़-चढ़कर कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी से 11 जनवरी तक 120 बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं के कौशल विकास हेतु कम्प्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत व नृत्य सिखाने के साथ-साथ बेसिक एकेडमिक पढ़ाई करवाई गई और बालिकाओं को आत्मविश्वास प्रदान करने का प्रयास किया गया। समापन अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्षा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब कविता अग्रवाल, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याओं सहित सशक्तिकरण कार्यक्रम की बालिकाओं के अभिभावकजन उपस्थित रहे। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**शुकुल बाजार, अमेठी**। ब्लाक के भूतनाथ स्टेडियम में शनिवार को सेमीफइनल क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। टूनामेंट का शुभारंभ फीता काटकर देवा हॉस्पिटल के सर्जन डा. विकास मिश्रा व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हारून खान द्वारा किया गया। पुरे भोजा तिवारी स्थिति भूतनाथ स्टेडियम पर क्रिकेट टूनार्मेंट का ग्रामीण स्तर पर खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट में ग्रामीण अंचल की आठ टीमों ने भाग लिया। यह टूनार्मेंट चार दिन चलेगा। शनिवार को पहले सेमीफाइनल मैच में तेंदुवा ने नारेपर को तो वही दूसरे मैच में रुदौली ने गेरावा टीम को हराकर फाइनल में पहुंची ! मैच में निर्णायक भूमिका में अनूप तिवारी व शिवकुमार ने भूमिका निभाई उद्धघाटन में डॉ विकास मिश्रा द्वारा टीमों के सदस्यों का परिचय लिया और शॉट लगा कर टूनामैंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शुभारंभ समारोह में पहुँचे जनसत्ता दल के नेता भूपेंद्र विजय सिंह रप्रकाशर ने गांव वासियों व युवा साथियों से खेलों के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में बहुत सी प्रतिभाएं हैं। आवश्यकता सिर्फ उन्हें तलाशने की है। क्या मालूम यहीं से कोई तेंदुलकर व धोनी निकल आए। प्रतियोगिता का आयोजन बजरंग किर्केट क्लब द्वारा किया जा रहा है ! आयोजक में अभिषेक शुक्ला, अवशेष मिश्रा अभय शुक्ला, अर्जुन यादव अमित यादव, विष्णुकान्त शुक्ला, बद्री तिवारी, सतेंद्र तिवारी प्रमोद शुक्ला सर्वेश सिंह, इमरान खान, सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे !



# महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा



**रायबरेली**। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के साथ दिव्य, भव्य महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद में की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने ट्रैफिक व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई सहित श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए विश्रामालय शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात (रायबरेली- प्रयागराज) राष्ट्रीय राजमार्ग के निमार्णाधीन कार्यो का भी निरीक्षण किया और एनएचएआई के अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि श्रद्धालुओं के आवागमन व विश्रामालय शिविर में ठहरने में किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाकुंभ के पोस्टर पर पेशाब करने का आरोप

**बछरावां, रायबरेली**। सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक को कुछ लोग पिटाई करते देखे जा रहे हैं। वहीं आरोप है कि उक्त युवक चैराहे पर लगाए गए महाकुंभ के पोस्टर पर पेशाब कर रहा था। इसी को लेकर वहां पर मौजूद कुछ लोगों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी व बाद में वह युवक मौके से फरार हो गया। महाकुंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी क्रम में बछरावां थाने की चहारदीवारी में भी पोस्टर लगाए गए हैं इन्हीं पोस्टर पर बीती रात 8 बजे के करीब एक युवक को पेशाब करता कुछ लोगों ने देखा। देखते ही देखते वहां पर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और उक्त आरोपी को लोगों ने जमकर धुनाई कर दी और गाली गलौज भी की। लोगों का आरोप है कि उक्त युवक चौराहे पर लगे पोस्टर पर पेशाब कर रहा था और होर्डिंग को फाड़ भी रहा था।

## नाबालिग लड़की को जूना अखाड़े ने भेजा घर, महंत निष्कासित

**प्रयागराज**। जूना अखाड़े में हाल ही में संन्यास के लिए शामिल हुई 13 साल की लड़की को नियम विरुद्ध प्रवेश की वजह से अस्वीकार करते हुए शुक्रवार को घर भेज दिया गया और लड़की को संन्यास दिलाने वाले महंत कौशल गिरि को सात वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि यह बालिका नाबालिग थी और इसका जूना अखाड़े में प्रवेश नियम विरुद्ध था जिसकी वजह से शुक्रवार को एक बैठक में सर्वसम्मति से इस बालिका को अखाड़े में अस्वीकार करने का निर्णय किया गया। नाबालिग बालिका को जूना अखाड़े में प्रवेश दिलाने के लिए महंत कौशल गिरि महाराज को सात साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि बालिका को उसके माता पिता के साथ सम्मान सहित उसके घर भेज दिया गया है। जूना अखाड़े के नियम के मुताबिक 25 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी लड़कियों को अखाड़े में प्रवेश दिया जाता है। यदि कोई माता पिता छोटी आयु के लड़कों को जूना अखाड़े को देता है तो उसे अखाड़े में प्रवेश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जूना अखाड़े की आम सभा में नाबालिग लड़की को अखाड़े में प्रवेश दिलाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस बैठक में संरक्षक महंत हरि गिरि, सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि समेत अखाड़े के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में अखाड़े को सूचित किए बगैर कौशल गिरि द्वारा नाबालिग लड़की को स्वीकार करने पर संतों ने रोष जताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकुंभ में गुरु की सेवा में अपने मां-पिता के साथ आई 13 वर्षीय राखी सिंह के मन में अचानक वैराग्न जागा और उसने माता पिता से साध्वी बनने की इच्छा व्यक्त की थी। माता-पिता ने बेटी की इच्छा को प्रभु की इच्छा मानकर उसे जूना अखाड़े को सौंप दिया था। महंत कौशल गिरि ने उसे नया नाम गौरी गिरि दिया था।

## जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग आयोजित



**रायबरेली**। जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने किया। जिलाधिकारी और एसपी ने चेस की चाल चल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उक्त आयोजन के सभी खेलों में बंदियों ने ही प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह ने कहा कि बंदियों में जो नीरसता आ जाती है उसे दूर करने के लिये जेलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उसी कड़ी में रायबरेली जिला जेल में भी व्यापक पैमाने पर दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीवाल, बैडमिंटन, चेस, कैरम व रस्साकशी समेत कई खेल आयोजित किये गये हैं। अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बंदियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर डॉ मनीष सिंह, डॉ बृजेश सिंह सहित जिला जेल के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आबकारी टीम ने विभिन्न स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डॉ. संजय कुमार उपाध्याय की टीम ने शनिवार को जयसिंहपुर क्षेत्र के ईट भट्ठो, पानी के आरो प्लांट और कबाड़ी की दुकानों, मैरिज लॉन व ढाबों पर अवैध शराब की विक्री और निर्माण को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। संजय उपाध्याय ने कबाड़ी के दुकानदारों को चेकिंग के दौरान निर्देश दिया कि वह शराब की शीशियों का दुरुपयोग न होने दे। किसी भी परिस्थिति में शराब की शीशी को पुनः प्रयोग में न लाया जा सके। कबाड़ी के दुकानदार उसे नष्ट करके ही बेचने का कार्य करें। ईंट भट्टों पर चेकिंग के दौरान भट्ठा मालिकों से कहा उनके यहां किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं बननी चाहिए। अवैध शराब से होने वाले हानियों से संबंधित पोस्टर भी जगह-जगह चिपकाए गए। आबकारी टीम ने लोगों से यह अपील की वह किसी भी प्रकार से अवैध शराब का सेवन न करें। यह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। आबकारी टीम में प्रधान आबकारी सिपाही दिनेश सिंह, अनुराग वर्मा, अभिनव कुमार सिंह शामिल रहे।

## आयी 12 शिकायतें, निस्तारण एक का भी नहीं

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर**। जनवरी माह के द्वितीय शनिवार को कोतवाली जयसिंहपुर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें कुल- 12 शिकायतें आई मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर अपराध निरीक्षक राम उग्रह कुशवाहा राजस्व निरीक्षक घनश्याम वर्मा लेखपाल महेश सिंह, विजय कुमार, शिव बहादुर, विनय, कल्लूराम आदि लोग मौजूद रहे।

# संविधान गौरव अभियान के जरिये विपक्ष को घेरेगी भाजपा

**सुलतानपुर (वीओएल)**। भाजपा ने संविधान गौरव अभियान के जरिए विपक्ष, खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को घेरने की रणनीति बनाई है। यह अभियान 12 से 25 जनवरी के बीच चलेगा, जिसमें पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता दलित समाज के बीच जाकर संविधान और डॉ. आंबेडकर के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को उजागर करेंगे। शुक्रवार और शनिवार को जिले के 26 मंडलों में संविधान गौरव अभियान की कार्यशालाएं आयोजित हुईं। सुलतानपुर विधानसभा के लोहरामऊ व दूबेपुर मंडल की कार्यशालाओं में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने शिरकत की। कटका मंडल की कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी रहे। जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर के लिए मोदी सरकार ने जितना किया है, उतना किसी सरकार ने नहीं किया। उन्होंने अभियान के तहत अनुसूचित, युवा और महिला मोर्चा की टोलियां बनाने के निर्देश दिए। इसके तहत 15 से 25 जनवरी के बीच स्कूल-कॉलेजों में संविधान पर प्रश्नोत्तरी, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। युवा मोर्चा अनुसूचित जाति के छात्रावासों और विद्यालयों में जाकर डॉ.



आंबेडकर के योगदान और भाजपा की संवैधानिक प्रतिबद्धता को प्रचारित करेगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कटका मंडल में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 25 जनवरी को सभी बूथों और मंडलों में संविधान की प्रस्तावना और नीति-निर्देशक तत्वों को पढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि दलित समाज में भाजपा का पक्ष मजबूती से रखने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। इस मौके पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुभाष वर्मा, अशोक तिवारी, धीरेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कंधईपुर जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार, राहुलनगर मंडल पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चैहान, सेमरी आलोक आर्या, संजय सोमवंशी, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**प्रतापगढ़**। प्रतापगढ़ की एक विशेष अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिये गये एक व्यक्ति को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित विशेष अदालत की अपर सत्र न्यायाधीश पारुल वर्मा ने दोषी व्यक्ति को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एडीजीसी प्रदीप पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि थाना कोतवाली लालगंज पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि चार नवंबर, 2019 की शाम उसकी 12-वर्षीय बेटी अकेले घर के दरवाजे पर खाना खा रही थी कि तभी गांव का मोनू उर्फ संतलाल दरवाजे पर आया और जबरन हाथ पकड़कर घर के अंदर ले गया तथा मुंह पर दुपट्टा बांधकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आरोप-पत्र अदालत में पेश किया था।

## एसडीएमके निर्देश पर तालाब व चारागाह की तीन बीघे जमीन करायी गयी खाली

**महराजगंज, रायबरेली**। एसडीएमसचिन यादव के निर्देशन पर राजस्व निरीक्षक, हल्का लेखपाल व पुलिस बल की मौजूदगी में चारागाह व तालाब की सुरक्षित 3 बीघे जमीन पर उगाई गई फसल को ट्रैक्टर से जुताई कर खाली करवाया गया जिससे अवैध कब्जेदारों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बताते चलें कि ग्रामीणों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने क्षेत्र के पड़ीरा कलां गांव में राजेश कुमार पुत्र भगवान दीन द्वारा चरागाह की एक बीघा सुरक्षित जमीन पर मना करने के बावजूद भी खेती कर रहे थे। जिसको संज्ञान में लेकर राजस्व टीम व पुलिस बल ने मौके पर जाकर बरसीम के खेत को जुताई कराकर सुरक्षित करवाया। तो वहीं बैसन गढ़ी मजरे पड़ीरा कला निवासी रमेश कुमार पुत्र राम प्रसाद द्वारा तालाब की सुरक्षित जमीन पर सरसों की फसल उगा रहे थे।

संक्षेप

## हिस्ट्रीशीटर तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को अवैध असलहा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रसूलपुर के हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सद्दाम पुत्र हिमायूं निवासी हाजीपुरा थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को डाक बंगला की ओर जाने वाली गली से एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सद्दाम के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

## जिपं अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु अपने निज निवास आनंदधाम कॉलौनी पर प्रत्येक दिन जनता दर्शन दरबार लगाते हैं। आज उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनका संबंधित अधिकारी से बात कर उनका निस्तारण करवाया। इस दौरान भाजपा के राजू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं उन्होंने गऊ माता की सेवा करते हुए गुड़, बादाम, रोटी खिलाया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया ग्रामीणों की समस्याओं में सड़क, जलापूर्ति एवं बिजली, नाली खडंजा जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। विदित रहे कि गऊ माता में 33 करोड़ देवता विराजमान रहते हैं, उन्हीं कामधेनु की सेवा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी प्रतिदिन करते हैं। आवास पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब जिला पंचायत अध्यक्ष का प्रेमभाव गौ माता के प्रति देखा तो उन्होंने इसकी प्रशंसा की। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया हमारे हिन्दू संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हिन्दुस्तान में गौ को माता का रूप दिया गया है। गौ माता के साथ सनातन काल से आस्था भी जुड़ी हुई है। हमें गौ माता की रक्षा व सुरक्षा संतान की तरह करनी चाहिए। गौ माता इस धरती में सबसे पावन पशु है, उसमें देवताओं का वास है। भगवान की कृपा पाने हमें सच्चे मन से गौ सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

## भाजपा व संघ से जुड़े राष्ट्रीय पदाधिकारी को दिये गये धर्म संसद के निमंत्रण

**मथुरा।** 23 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा प्रयागराज कुंभ में आयोजित होने वाली विराट धर्म संसद को लेकर दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी, एवं विश्व हिंदू परिषद, संघ परिवार से जुड़े पदाधिकारी को आमंत्रण दिए गए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा फलहारी ने कहा कि धर्म संसद में विद्वान संत, अखाड़ा परिषद की पदाधिकारी, जो निर्णय लेंगे उसी के आधार पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु न्यायालय में पक्ष रखा जाएगा, विद्वान संतों की गवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि हमने दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति कार्यालय, उपराष्ट्रपति कार्यालय, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष के निवास पर निमंत्रण दिए हैं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को व्यक्तिगत मिलकर के आमंत्रण दिया, तथा पूर्व महामंत्री संगठन संजय भाई जोशी से मुलाकात की तथा निमंत्रण दिया।

# श्रीराम मंदिर के एक साल पूरा होने पर बीजेपी नेताओं ने जताई खुशी

## प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम स्थापना दिवस मनाए जाने पर मथुरा में भाजपा कार्यकताओं द्वारा होलीगेट चैराहे पर प्रभु राम की आरती व मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की गई है। इस दौरान नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया है।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दिन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक का दिन है, भगवान राम को मयार्दा, धर्म और सत्य के लिए जाना जाता है। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया श्रीराम मंदिर के एक वर्ष पूरा होने पर पूरे देश में पूजा-पाठ का माहौल बना है। लोग भगवान श्रीराम की पूजा कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। लाखों लोग दर्शन के लिए कतारबद्ध हैं। ऐसे में हम अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह दिवस न केवल भारतीय संस्कृति की महानता को दर्शार्ता है बल्कि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों और आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। राम लला के मंदिर का निर्माण हर भारतीय के गौरव का विषय है, अयोध्या को धर्म, संस्कृति और विकास के रूप में और अधिक विकसित करने का कार्य किया गया है।

इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं देश के कल्याण के लिए भगवान राम से आशीर्वाद मांगा और यह विश्वास व्यक्त किया कि भगवान राम का आशीर्वाद देश को हर संकट से उबारकर नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा. आज का दिन हर भारतीय के लिए गर्व और आस्था का प्रतीक बनकर हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी पार्षद विजय शर्मा पार्षद हनुमान गुर्जर नमामि बृज क्षेत्र सह संयोजक पंकज चतुवेर्दी सर्वेश चतुवेर्दी आशीष शर्मा दिनेश सागर प्रभु दयाल राजू आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग हो या विधवा पेंशन, लाभार्थियों को दे रही टेंशन, बेनतीजा साबित हो रही दौड़

**आगरा।** सरकार समाज के अलग-अलग वर्गों के लिए पेंशन योजनाएं संचालित कर रही है। इसका जिम्मा भी अलग-अलग विभागों पर है। लेकिन, पेंशन लाभार्थियों के लिए टेंशन बनती जा रही है। विधवा हों या फिर दिव्यांग सबकी टेंशन एक जैसी ही है। विकास भवन में भी इनकी दौड़ बेनतीजा साबित हो रही है। विधवा (निराश्रित) पेंशन योजना के संचालन की जिम्मेदारी प्रोबेशन विभाग की है। दिव्यांग पेंशन का जिम्मा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग पर है। दोनों ही लाभार्थियों को प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन मिलती है। पेंशन साल में चार बार तीन-तीन हजार रुपये की किस्त के रूप में सीधे खाते में जाती है। पेंशन कब टेंशन देने लगती है, इसका भरोसा नहीं होता है। खाते में पेंशन न पहुंचने पर उसकी जानकारी करने लाभार्थी विभागीय कार्यालय पहुंचते हैं। यहां टेंशन कम तो नहीं होती बल्कि बढ़ ही जाती है। कभी विभागीय कर्मचारी पोर्टल पर डाटा उपलब्ध न होने की बात कहते हैं तो कभी खाते को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) लिंक कराने की बात कहते हैं। कोई जवाब नहीं होता तो इंतजार करने की बात कह लौटा दिया जाता है। दोनों विभागों में पेंशन की जानकारी करने 300 से 400 लोग पहुंचते हैं। इनमें 80 प्रतिशत पुराने पेंशनधारक और 20 प्रतिशत नए आवेदनकर्ता शामिल रहते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल ने बताया कि पेंशन पहले खाते में जाती थी, लेकिन अब आधार बेस्ड भुगतान होने के बाद आधार से लिंक दूसरे खातों में पेंशन जा रही है। वहीं कुछ लाभार्थियों ने खातों में एनपीसीआई लिंक नहीं कराया है। इसके कारण समस्या आ रही है। कार्यालय आने वाले सभी लाभार्थियों का समाधान कराया जा रहा है।

**केस 1:** शाहगंज स्थित पृथ्वीनाथ फाटक निवासी राजकुमारी देवी ने 2023 में विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया था। उन्हें दो बार पेंशन मिली भी। एक साल से पेंशन नहीं आ रही है। वो कई बार विकास भवन स्थित प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय आ चुकी हैं। शुक्रवार को भी आईं लेकिन बाबू ने जल्द पेंशन आने की बात कहकर लौटा दिया।

**केस 2:** विकास खंड खेरागढ़ के गांव समाधि खानपुर निवासी रामवीर सिंह पैरों से दिव्यांग हैं। कड़ाके की सर्दी में वो विकास भवन स्थित दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में पेंशन की जानकारी करने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने अभिलेख दिखाए, लेकिन पेंशन पोर्टल पर उनका डाटा नहीं मिला। विभागीय कर्मी ने उन्हें पासबुक लाने की बात कहकर लौटा दिया।

## बिजली के बिल से आहत वृद्धा ने साड़ी को बनाया फंदा, पुलिस ने जान देने से रोका

**आगरा।** विद्युत समस्या समाधान शिविर में आई बुजुर्ग महिला ने हंगामा कर दिया। उसने बिल बकाया की राशि को लेकर साड़ी उतार दी और फंदा लगाने का प्रयास किया। उसे बमुश्किल शांत कराया गया। आगरा के कलेक्ट्रेट में लगाए गए विद्युत समस्या समाधान शिविर में उस समय हंगामा हो गया, जब एक बुजुर्ग महिला ने साड़ी उतारकर फंदा बना लिया। उसने जान देने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उसे रोका। पीड़िता ने बताया कि बिजली के बिल को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शिविर में पहुंची अनेक महिलाओं ने हंगामा कर दिया और समस्या का निस्तारण न होने के विरोध सड़क पर बैठ गईं। काजीपाड़ा से बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। उनका कहना था कि टोरंट पावर कंपनी की ओर से उन्हें 5-5 लाख रुपये के बिजली बिल भेज गए हैं। इन बिल के बारे में पता करने पर बताया गया कि ये डीवीवीएनाल का बकाया है। उनकी बिजली भी महीनों से कटी हुई है। उनकी मांग है कि बिजली का बिल माफ किया जाए। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम और सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और टोरंट पावर की ओर से समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में सुबह से उपभोक्ता समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे लोग थे, जिन्हें डीवीवीएनएल की ओर से लाखों का बकाया बिल भेजा गया है। ये बकाया बिल 30-30 साल पुराने बताए गए हैं। यहां शिविर में भी इन बिलों का कोई समाधान नहीं हुआ। अधिकारियों ने रुपये जमा कराने को कह दिया। महिलाओं का कहना था कि उनकी लाइट कटे हुए महीनों को गए। वे मजदूरी करने वाले लोग हैं, पांच लाख रुपए का भुगतान कैसे करेंगे। पता भी नहीं है कि ये बकाया कब का है। जब से टोरंट का मीटर लगा है, तब से बिल का भुगतान कर रहे हैं।

## बाह में कार खंभे से टकराई, बाइक खाई में गिरी, एक मौत, चार घायल

**आगरा।** थाना बाह और पिनाहट क्षेत्र में दो सड़क हादसे हुए हैं, जिनमें एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि चार लोग घायल हुए हैं। बाह और पिनाहट क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक। बाह क्षेत्र में घने कोहरे में एक कार एक खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सावर दंपति घायल हो गए। यह हादसा गांव बिजकौली के पास हुआ, जहां घने कोहरे के कारण कार रेलवे पुल के नीचे खंभे से जा टकराई। कोहरे के करण खंभा दिख नहीं रहा था। कार में सवार घायल पति-पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पिनाहट क्षेत्र में एक अनियंत्रित बाइक गहरी खाई में गिरने से एक महिला की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पिनाहट क्षेत्र में उटसाना गांव के पास यह हादसा तब हुआ जब एक ही परिवार के तीन लोग बाइक द्वारा रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहे थे। उटसाना के पास बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर घायल हुए थे। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## डीएम व एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन व एसएसपी सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में थाना रामगढ़ में जन समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने हेतु थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम और एसएसपी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए, उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त रूप से टीम बनाकर मौके पर भेज कर प्रकरणों को गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराये, साथ ही थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उनका त्वरित समाधान कराये, उन्होंने यह भी निर्देश दिए की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करें। थाना दिवस के दौरान शिकायतकर्ता निवासी भीखनपुर मेघपुर जसवंत सिंह द्वारा शिकायत की गई कि उसकी निजी जमीन व ग्राम समाज की पोखर पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए और जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए की मौके पर जाकर पैमाइश कराये और अवैध कब्जा हटवाए। इसी प्रकार निवासीगढ़ ग्राम कुतुबपुर चनौरा मंजू व रंजीत सिंह द्वारा शिकायत की गई कि उनकी जमीन भूमाफियाओं से मुक्त कराई जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्यवाही कराकर प्रकरण को निस्तारण कराये, इसी तरह निवासी नगला गुलरिया शेर सिंह की भूमि पर फर्जी बैनामा कर कब्जा करने की शिकायत पर जिलाधिकारी निर्देशित किया कि क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस संयुक्त रूप से मौके पर जाकर तुरंत समाधान करें, इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर एवं थाना रामगढ़ प्रभारी सहित तहसील कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश उत्सव मनाया, गरीबों को कम्बल बांटे



**टूंडला।** क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एस बेदी की उपस्थिति में साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह महाराज का पावन प्रकाश उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के समाजसेवी वीर सुरेंद्रपाल सिंह व संस्था अध्यक्ष बेदी व अतिथियों ने गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया, इस अवसर पर देवेंद्र कुमार यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता व अन्य संस्था सदस्यों ने आए अतिथियों का साल देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में कड़ाके की पड़ रही ठंड से बचाव हेतु गरीब असहायो को 120 कम्बल वितरण किए। इस दौरान संस्था अध्यक्ष ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह का 22 दिसम्बर 1666- को नौवें गुरु तेग बहादुर जी के घर बिहार पटना में हुआ था इनकी माता का नाम गुजर कौर था सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे। श्री गुरू तेग बहादुर के बलिदान के उपरान्त 11 नवम्बर सन्-1675 को 10 वें गुरू बने। वे एक महान योद्धा, चिन्तक, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक समाज सुधारक थे, उन्होंने सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा में अपना सारा सरवंश बलिदान कर दिया, गुरु गोबिंद सिंह जुल्म के खिलाफ लड़ने वाले महापुरुष थे वह किसी धर्म के विरोधी नहीं थे। गोरखपुर से आए राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र कुमार ने कहा गुरु गोबिंद सिंह ने सन्-1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की। कार्यक्रम में बीएस बेदी, वीर सुरेंद्र पाल सिंह यादव, देवेंद्र कुमार यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता, बंगाली बाबू प्रदेश संरक्षक, समाजसेवी मनीष यादव, डॉ.कमल यादव, शक्ति सिंह खनगवाल, सूबेदार उदयवीर सिंह, पवन कक्कड़ प्रदेश संगठन मंत्री सरदार इंद्रपाल सिंह प्रदेश सचिव, सुरेश चंद्र प्रेमी, वीरेंद्र कुमार, डॉ सुनील कुमार चौहान, जसपाल सिंह हैप्पी, डॉ लक्ष्मी शर्मा, मनीष चक आनंद चक, सरदार प्रिंस, संजय चक, सरदार चैंकी संचालक दिलीप गौड़, ठाकुर राकेश सेंगर, राम गोपाल दीक्षित रेलवे समिति सदस्य अमीन अहमद, सुनील टैगोर, गोल्डी मीना देवी, सतनाम कौर गुरलीन कौर व रामेश्वर दयाल आदि मौजूद रहे।

## बिजलीकर्मियों ने मनाया विरोध दिवस, 13 को बांधेंगे काली पट्टी; आंदोलन को देंगे धार

**आगरा।** बिजलीकर्मियों ने निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। अब विरोध सभा कर आंदोलन को धार दी जाएगी। 13 जनवरी को बिजलीकर्मी काली पट्टी बांधेंगे। दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को विरोध दिवस मनाया। कर्मचारियों ने एलान किया कि निजीकरण का फैसला वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। 13 जनवरी को पूरे दिन कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। विरोध सभा के जरिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। दक्षिणांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को विरोध दिवस मनाया। कर्मचारियों ने एलान किया कि निजीकरण का फैसला वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। 13 जनवरी को पूरे दिन कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। विरोध सभा के जरिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। समिति के प्रभात सिंह ने कहा कि एक बार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी घरानों को सौंप दिया गया तो पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था का निजीकरण करने में समय नहीं लगेगा। आंदोलन के अगले कदम 13 जनवरी को घोषित कर दिए जाएंगे। विरोध सभा में कर्मचारियों ने कहा कि निजीकरण का सबसे ज्यादा नुकसान गरीबी रेखा से नीचे रह रहे आम बिजली उपभोक्ताओं और किसानों का होगा। मुंबई में निजी क्षेत्र में बिजली है और वहां घरेलू उपभोक्ताओं को 17-18 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है। संघर्ष समिति निजीकरण वाले शहरों के बिजली टैरिफ का चार्ट बनाकर घर-घर वितरित करेगी।

# श्रीराम मदिर के प्रतिष्ठा-दिवस की प्रथम वर्षगांठ पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भजन संध्या आयोजित



**मथुरा।** पौष शुक्ल द्वितीया की तिथि हिन्दी पंचांग में विशिष्ट पर्व के रूप में स्थापित होने का कारण शताब्दियों के पश्चात लाखों रामभक्तों के बलिदान व संघर्ष के उपरान्त अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा होना है। श्रीराम मदिर के प्रतिष्ठा-दिवस की प्रथम वर्षगांठ पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा लीलामंच-मण्डप में भगवान श्रीराम को समर्पित भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रज के सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री गोपाल अग्रवाल एवं अन्य सहयोगी गायकों द्वारा कार्यक्रम का आरम्भ श्रीहनुमान चालीसा के संगीतमय सामूहिक गायन से किया। इसके पश्चात श्री अग्रवाल ने अपने मधुर कण्ठ से भजन-गायन व मयार्दा पुरुषोत्तम की महिमा व गुणगान में ऐसा वातावरण उत्पन्न किया कि अनेक दर्शनार्थी महिला व पुरुष भाव विभोर होकर बरबस ही नृत्य करने लगे। इस अवसर पर संस्थान की प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 1528 में विदेशी आकांन्ता ने श्रीराम मंदिर का विध्वन्स किया था और उस समय भी लगभग 1.74 लाख हिन्दू वीरों ने अपना बलिदान दिया। तब भी तोपों के द्वारा श्रीराम मंदिर को तोड़ा पाया था। लेकिन हिन्दू समाज चुप नहीं बैठा और पुनः उसी स्थान पर रामलला का मंदिर बनाने के लिए संघर्ष करता रहा। ऐसे 76 प्रयासों में लगभग तीन लाख पचास हजार रामभक्तों ने अपना बलिदान दिया। पिछले वर्ष आज के ही दिन वह कलंक मिटाकर श्रीरामलला अपने मूल जन्मस्थान पर भव्यता एवं दिव्यता के साथ निर्मित मंदिर में विराजमान हुए। इसलिए हिन्दू समाज के लिए आज का दिन अत्यन्त गौरवशाली है। इससे पूर्व सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी, उप प्रबन्धक श्री अनुराग पाठक, प्रभारी जनसंपर्क श्री विजय बहादुर सिंह ने सभी गायकों का माल्यार्पण कर व पटुका पहिनाकर अभिनन्दन किया।

## आबकारी टीम के सहयोग से कई थानों की पुलिस ने पकड़ी लाखों रुपये की विदेशी शराब, तीन तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** बीतीरात आबकारी विभाग ने थाना मांट पुलिस और हाईवे पुलिस के साथ लाखों की शराब जब्त करते हुए तीन तस्करों को पकड़ा है। वहीं थाना कोसीकलां पुलिस ने सेल्टोस कार से 18 पेटी अवैध हरियाणा मार्का की अवैध शराब जब्त की है। जिसमें चालक पुलिस के बैरियर को तोड़कर भागने में सफल रहा। तीन थाना पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत करीब लाखों रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। प्मांट पुलिस ने रात्रि लगभग दस बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा से आगरा की ओर जाने वाले माइलस्टोन 101 पर आबकारी टीम के साथ टाटा नेक्सन गाड़ी कार संख्या 23बीएच 1772एल को चेकिंग के लिए रोका जिसमें चंडीगढ़ प्रांत की इंपीरियल स्टाइल ब्रांड की 396 बोतल विदेशी शराब लदी थी। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग दो लाख रुपये है। इसे ले जाने वाले अजमेर पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम जौली सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मांट के थाना प्रभारी राजित वर्मा आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा आदि शामिल थे। वहीं आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा एवं उनकी टीम ने हाईवे थाना पुलिस के सहयोग से एक्सयूवी 500 कार संख्या एमएच31 ईयू 3656 से हरियाणा राज्य के ब्रांड की इंपोर्टेड विदेशी मदिरा की 16 पेटी (132 बोतल) बरामद करते हुए नागपुर महाराष्ट्र निवासी शेख समरुद्दीन व शेख हाफिज को गिरफ्तार कर थाना हाइवे में एफआईआर दर्ज कराई गई। तीसरा मामला कोटवन राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात 11 बजे कोसीकला पुलिस द्वारा पकड़ा गया जिसमें 18 पेटी रॉयलस्टेट हरियाणा मार्का, व दस पेटी ट्रेयटा पैक, रॉयल क्लासिक विस्की से लदी किया सेल्टोस कार को रोकने का प्रयास किया जो चालक द्वारा बैरियर तोड़कर विफल करने का प्रयास किया गया। पुलिस की घेराबंदी को देखते हुए कार चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर भाग गया।

## जल है तो कल है : किशन शर्मा



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन स्वयंसेवकों ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में अधिग्रहित बस्ती गांव बुर्ज नत्थू में पानी बचाओ बिजली बचाओ जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ सहायक निर्देशक मत्स्य किशनशर्मा एवं पूर्व प्रधानाचार्य देवी राम तिवारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मल्यार्पण किया। एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सहायक निदेशक मत्स्य किशन शर्मा ने स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों से कहा कि पानी का दोहन लगातार हो रहा है। पानी हमारे जीवन में अमूल्य है। पानी की बबार्दी को रोकना हम सब का दायित्व है। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी। देवी राम तिवारी ने कहा कि बिजली की सुरक्षा के लिए बचत ही एकमात्र उपाय है। कुल ऊर्जा खपत को कम करने के लिए बिजली की बचत करना आवश्यक है। ऊर्जा की बबार्दी जलवायु परिवर्तन को बढ़ाती है और गैर नवीकरणीय संसाधनों को नष्ट करती है। स्वयंसेवकों ने घर-घर महिलाओं व पुरुषों को नारे, गीत व नाटक के माध्यम से पानी व बिजली बचत के लिए जागरूक किया, तथा इससे होने वाले दुष्प्रभावों को बताया।

## विधायक ने सागर आईटीआई में छात्रों को टैबलेट बांटे



**टूंडला।** नगर के आगरा रोड स्थित सागर आईटीआई कॉलेज में टैबलेट स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर ने फीता काटकर तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर 140 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किए, इस अवसर पर टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि यह टैबलेट्स छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में मदद करेंगे और उनके लिए नौकरी के अवसर पैदा करेंगे। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने कॉलेज स्टूडेंट्स को फ्री मोबाइल फोन और टैबलेट बांटने की योजना का लाभ दे रही है। छात्र-छात्राएं इस टैबलेट का सदउपयोग करें, दुरपयोग ना करें। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक एसके सागर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सागर सोनेंद्र सिंह अमित कुमार हेमंत सिंह एवम्समस्त आईटीआई स्टॉफ मौजूद रहा।

# डायरिया से बचाव के लिए जिंक व ओआरएस कॉर्नर शुरू



**मथुरा।** जिले में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरण और रैकिट इंडिया द्वारा संचालित डेटॉल डायरिया नेट जीरो प्रोजेक्ट के अंतर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राल पर डायरिया से बचाव के लिए जिंक और ओआरएस कॉर्नर की शुरूआत की गई। कॉर्नर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश सिकरवार ने फीता काटकर किया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटा वायरस एक प्रकार का वायरस है जो मुख्य रूप से बच्चों में डायरिया का कारण बनता है। यह वायरस विश्वभर में बच्चों में डायरिया के सबसे आम कारणों में से एक है। डायरिया से बचाव के बारे में उन्होंने बताया कि ओआरएस का घोल निर्जलीकरण को रोकने और इलाज करने के लिए एक प्रभावी तरीका है। यह विशेष रूप से डायरिया और उल्टी के मामलों में उपयोगी होता है, जिंक की टैबलेट एक महत्वपूर्ण पूरक है जो बच्चों में डायरिया के उपचार में मदद करती है और सभी को हाथ धोने के सही तरीके व हाथों को 20 सेकंड तक धोना चाहिए ये भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉर्नर का उद्देश्य शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को समाप्त (जीरो) करना है। इसमें संपूर्ण दस्त प्रबंधन के लिए डब्लूएचओ के सात सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में लाभाथीर्यों को डेटॉल साबुन, जिंक की गोलियां व ओआरएस पैकेट को फॉलोअप लिफाफे में रखकर वितरित किया। जिला समन्वयक निदा खानम ने बताया कि डायरिया के दौरान जिंक और ओआरएस का उपयोग बच्चों को निर्जीलिकरण से बचाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि जागरण पहल संस्था की ओर से डायरिया को शून्य करना व बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने के विभिन्न प्रयास किया जा रहे है। जिला समन्वयक ने जागरण पहल टीम द्वारा शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु व डायरिया से बचाव की जानकारी दी। महिलाओं को दस्त प्रबंधन के बारे में समझाया। डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। डेटॉल साबुन से हाथ धोएं, सुरक्षित स्वछ पेयजल, सुलभ शौचालय, केवल स्तनपान, टीकाकरण व जिंक टेबलेट और ओ आर एस घोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम बचाव को अपनाएंगे तो उपचार तक नहीं पहुंचेंगे। इस मौके पर डॉ. रविन्द्र यादव, डॉ. राधिका, चीफ फार्मासिस्ट चन्द्रमोहन, फार्मासिस्ट विनीत, बीपीएम हरेंद्र, बीसीपीएम शशिकांत, इम्युनिजेशन ऑफिसर विशाल राजपूत व डायरिया नेट जीरो की टीम में जीडी पूजा चैहान मौजूद रही।

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद रिव्यू पिटीशन दाखिल

- डालमिया फार्म हाउस के पेड़ कटने के मामला

**मथुरा।** डालमिया फार्म हाउस व टीटीजेड क्षेत्र में पेड़ काटने के मामले में दाखिल जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एनजीटी कोर्ट में विचाराधीन मामले का इसमें जिक्र नहीं किया गया है। यह न्याय संगत के हिसाब से गलत है। इधर, एनजीटी कोर्ट मामले में 22 जनवरी को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नरेंद्र गोस्वामी की दाखिल जनहित याचिका में टीटीजेड क्षेत्र की देखरेख करने वाली कोर्ट कमेटी, प्रत्येक पेड़ की यूनिक आईडी के साथ-साथ डालमिया फार्म हाउस में पेड़ काटने से लेकर लेनदेन तक ईडी या सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई थी। दरअसल, 18 सितंबर की रात को जैत थाना क्षेत्र स्थित 36 एकड़ में फैले डालमिया फार्म हाउस में 454 पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया था। इसके बाद नरेंद्र गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट को दरवाजा खटखटाया था। 6 जनवरी को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस जनहित याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। अधिवक्ता ने बताया है कि उपरोक्त केस में रिव्यू पिटिशन फाइल हो चुकी है। जल्दी ही कोर्ट में सुनवाई होगी।

# स्कूल-कॉलेज में नवाचार को बढ़ावा दें छात्र

एजेंसी



बेंगलुरु। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जमीनी हकीकत को बदलने में सक्षम प्रामाणिक और व्यावहारिक शोध का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि ऐसे स्वदेशीकरण का कोई अर्थ नहीं है जोकि नट-बोल्ट तक सीमित हो। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण का हमारा लक्ष्य 100 प्रतिशत पूर्णता होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने नवाचार और अनुसंधान में जुटने की भावना पर जोर देते हुए कहा कि इसे स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

उपराष्ट्रपति यहां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, बीईएल के सीएमडी मनोज जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। धनखड़ ने कहा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यदि आप देखें, तो हमारा पेटेंट योगदान वांछित स्तर से बहुत पीछे है। जब शोध की बात आती है, तो शोध प्रामाणिक होना चाहिए। शोध अत्याधुनिक होना चाहिए। शोध व्यावहारिक होना चाहिए। शोध से जमीनी हकीकत बदलनी होगी। ऐसे शोध का कोई फायदा नहीं है जो सतही रेखाचित्र से थोड़ा आगे तक जाता हो। आपका शोध उस बदलाव से मेल खाना चाहिए जो आप लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रामाणिक शोध को ही शोध के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और अनुसंधान की अनदेखी करने वालों के लिए मानक कड़े होने चाहिए। धनखड़ ने कहा कि आपका ट्रैक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली है, लेकिन जब पूरा देश प्रत्याशा के मूड में है तो वह और अधिक की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, हम अपने सम्मान के लिए पिछली उपलब्धियों पर नहीं निर्भर रह सकते। विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, जब पेटेंट के माध्यम से देश के योगदान की बात आती है, तो यह उन क्षेत्रों में नहीं है जहां हम योगदान दे रहे हैं। हमारी उपस्थिति बहुत कम है। उन्होंने कहा, हम मानवता का छठा हिस्सा हैं। हमारी प्रतिभा हमें व्यापक स्तर पर भागीदारी करने की अनुमति देती है और इसके लिए, प्रबंधकीय पद पर, प्रशासन के पद पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति को पहल करनी होगी। यह आवश्यक है, क्योंकि जब हम अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देंगे तभी हम वैश्विक समुदाय में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर सकेंगे। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना इसी में निहित है। उपराष्ट्रपति ने इस बात की तरफ भी इंगित किया कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान और विकास में कॉरपोरेट के योगदान की बात आती है तो देश को शायद ही कभी गिना जाता है। धनखड़ ने कहा कि विभिन्न कॉरपोरेट की कल्पना प्रबुद्ध प्रबंधकीय कौशल से की जाती है, लेकिन उन्हें एक मंच पर जुटना चाहिए और इसे एक मिशन बनाना चाहिए जिससे अनुसंधान और विकास में बड़ी छलांग लगेगी।

# भाजपा रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनायेगी : केजरीवाल

एजेंसी




नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार चुना है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बिधूड़ी को सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी। केजरीवाल ने दावा किया, हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि भाजपा अगले एक-दो दिन में रमेश बिधूड़ी को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने जा रही है। उन्होंने कहा, आप और भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों के बीच खुली सार्वजनिक बहस होनी चाहिए, चाहे वह रमेश बिधूड़ी हों या कोई और।केजरीवाल ने संवाददाताओं के सवालों पर कहा, हां, हम भाजपा को बहस के लिए चुनौती दे रहे हैं। भाजपा ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी का मुकाबला आप उम्मीदवार और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से होगा, जो इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं। आतिशी ने भी शुक्रवार को यह दावा किया था कि भाजपा बिधूड़ी को अपना मुख्यमंत्री चेहरा बनाने जा रही है। आतिशी ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि उसने एक ऐसे नेता को चुना है जो सबसे ज्यादा गालियां देता है।

## संक्षेप

### गोली लगने से आप विधायक की मौत

लुधियाना। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई। उनके परिवार के सदस्यों और पार्टी के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि उनकी मौत पिस्तौल साफ करने के दौरान गलती से गोली चल जाने के कारण हुई। आप की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने लुधियाना में गोगी के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और कहा कि वह (गोगी) हर दिन अपनी लाइसेंसी पिस्तौल साफ करते थे। अरोड़ा ने कहा कि वह शुक्रवार रात को भी ऐसा ही कर रहे थे कि गलती से गोली चल गई, जिसके कारण उनकी जान चली गई।

### सीईसी नियुक्ति वाले कानून की होगी जांच

नयी दिल्ली। सभी की निगाहें उच्चतम न्यायालय पर हैं जो निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति संबंधी कानून की जांच करेगा क्योंकि चयन समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश को सदस्य नहीं बनाये जाने को लेकर इसकी (नये कानून की) वैधता को चुनौती दी गयी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, दिसंबर 2023 में लागू हुआ। इसका पहली बार इस्तेमाल मार्च 2024 में ज्ञानेश कुमार और एस. एस. संधू को निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त करने के लिए किया गया था। उन्हें अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों पर नियुक्त किया गया था।

### 45 लाख रुपये के आभूषण लूटे

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले में दो अज्ञात बदमाशों ने 60 वर्षीय एक जौहरी पर कथित तौर पर हमला किया और रिवॉल्वर के बल पर उससे 45 लाख रुपये के आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे वसई शहर के अग्रवाल इलाके में हुई। पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा श्रृंगी चौगुले ने बताया कि आभूषण की दुकान के बंद होने के समय दो व्यक्ति वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक ने नकाब पहना हुआ था, जबकि दूसरे व्यक्ति ने सिर पर हेलमेट पहना हुआ था।

### कोयला खदान में फंसे तीन के शव बरामद

गुवाहाटी। असम के दीमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान में फंसे तीन और खनिकों के शव शनिवार को बचाव अभियान के दौरान मलबे से बरामद हुए। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से पहला शव बुधवार को निकाला गया था। मृतक चार खनिक उन नौ खनिकों में शामिल थे, जो सोमवार को उमरंगसो स्थित खदान में अचानक पानी भर जाने के कारण फंस गए थे। अधिकारी ने बताया, बचाव अभियान आज फिर से शुरू किया गया और फंसे हुए खनिकों की तलाश के छठे दिन तीन शव बरामद किए गए।

# भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बिग डेटा पर संयुक्त राष्ट्र समिति में शामिल

नयी दिल्ली। भारत आधिकारिक सांख्यिकी से संबंधित विशाल आंकड़ों के उपयोग पर गठित संयुक्त राष्ट्र की समिति यूएन-सीईबीडी का हिस्सा बन गया है। यूएन-सीईबीडी की स्थापना विशाल एवं विविध आंकड़ों के लाभों और चुनौतियों की आगे जांच करने के लिए की गई थी। इसमें टिकाऊविकास लक्ष्यों पर निगरानी और रिपोर्टिंग की क्षमता भी शामिल है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने बयान में कहा है कि भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की समिति (यूएन-सीईबीडी) में शामिल हो गया है। समिति के एक अंग के तौर पर भारत आधिकारिक सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान का उपयोग करने में वैश्विक मानकों और चलन को आकार देने में योगदान देगा।

बिग डेटा और उन्नत डेटा विज्ञान तकनीकों में आधिकारिक आंकड़ों के उत्पादन और प्रसार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। बिग डेटा का मतलब आंकड़ों का एक बहुत बड़ा और विविध संग्रह है जो समय के साथ तेजी से बढ़ता है। संयुक्त राष्ट्र समिति का हिस्सा बनना वैश्विक सांख्यिकीय समुदाय में भारत के बढ़ते कद को रेखांकित करता है। यह सूचना-आधारित निर्णय लेने के लिए डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 60 से अधिक पर नाबालिग के साथ दुराचार का आरोप

एजेंसी

पथानामथिट्टा (केरल)। दलित समुदाय की एक लड़की से विभिन्न स्थानों पर बलात्कार करने के आरोप में नौ और लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में पांच प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शुक्रवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारियां 18 वर्षीय लड़की के बयान के आधार पर की गईं, जिसने आरोप लगाया कि 16 साल की उम्र से उससे कई बार बलात्कार किया गया। लड़की एथलीट है। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस को ऐसे सबूत मिले हैं जिनसे पता चलता है कि लड़की के साथ उसके कोच, साथी एथलीट और सहपाठियों सहित कई लोगों द्वारा बलात्कार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लड़की के बयान के अनुसार, उसने संदिग्धों से बातचीत करने के लिए अपने पिता के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि फोन के विवरण और लड़की के पास मौजूद डायरी से मिली जानकारी की पुष्टि करके 40 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 60 से ज्यादा लोगों के शामिल होने का संदेह है और पथानामथिट्टा के विभिन्न थानों में प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि ये घटनाएं उस समय हुईं जब लड़की नाबालिग थी, इसलिए आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी लगाई जाएंगी।



# एनएलसी इंडिया असम में 1000 मेगावाट की सौर परियोजनाएं करेगी विकसित

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई ने असम में 1,000 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए असम बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया है। एनएलसी इंडिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह समझौता एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड और एपीडीसीएल के बीच हुआ है। इस संयुक्त उद्यम में एनआईआरएल की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि एपीडीसीएल के पास 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। समझौते के अनुसार, एनआईआरएल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना विकास में अपनी विशेषज्ञता लाएगी जबकि एपीडीसीएल भूमि अधिग्रहण, नियामकीय अनुमोदन और बिजली निकासी के बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान करेगी। इन परियोजनाओं से पैदा होने वाली समूची बिजली के लिए असम की बिजली वितरण कंपनियों के साथ 25 वर्षों के बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। एनआईआरएल के चेयरमैन प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली ने कहा, यह पहल न केवल असम के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि हरित रोजगार सृजन और राज्य के स्थिरता सूचकांक को बढ़ाकर सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति देगी।

# जल्द ही चार लाख डॉलर की होगी अर्थव्यवस्था

एजेंसी



मंगलुरु। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा वर्ष 2027 के अनुमानित लक्ष्य से काफी पहले ही चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के राष्ट्रीय प्रयासों को गति देगी। पुरी ने यहां सातवें मंगलुरु साहित्य महोत्सव के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्ष 2027 तक अपने लक्ष्य पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है।

पुरी ने कहा, हालांकि अगर मौजूदा रफ्तार जारी रही तो भारत उससे बहुत पहले ही वहां तक पहुंच जाएगा। पुरी ने कहा कि दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। हालांकि कुछ तेल उत्पादक और निर्यातक देश अपने लाभ के लिए गिरोहबंदी कर जीवाश्म ईंधन को अल्पकालिक संसाधन के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने अपनी तेल रिफाइनरी क्षमता को 50 लाख बैरल से बढ़ाकर 54 लाख बैरल प्रतिदिन कर दिया है तथा स्थापित क्षमता को 60-70 लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाने की गुंजाइश बनी हुई है। पुरी ने कहा, हमारी तेल कूटनीति भी उच्च स्तर पर है। पश्चिम एशिया के पारंपरिक बाजारों के साथ भारत अब रूस के अलावा अमेरिका एवं सूरीनाम से भी कच्चे तेल का आयात करता है। ईंधन प्रचुरता परिदृश्य की पुष्टि करते हुए पुरी ने कहा कि अमेरिका तेल बाजार में 1.3 करोड़ बैरल डालेगा।

पुरी ने कहा, हालांकि, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए उपलब्धता और सामर्थ्य जैसी चुनौतियां चिंताजनक हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि हरित ऊर्जा स्रोत के विकास और उपयोग ने भी कई क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। महोत्सव के सातवें संस्करण का उद्घाटन प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक एस एल भैरप्पा ने टीएमए पई सभागार में किया। इसके उद्घाटन के बाद पुरी ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर मुख्य संबोधन दिया।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने को सामूहिक प्रयास जरूरी

कोलकाता। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस धरती का स्वामी नहीं बल्कि इसका संरक्षक बनना चाहिए। कोलकाता के साइंस सिटी में ऑन द एज नामक जलवायु परिवर्तन गैलरी का उद्घाटन करने के बाद शेखावत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है और केवल वैज्ञानिकों को नहीं बल्कि, प्रत्येक नागरिक को एक हितधारक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब लोगों को यह मानना बंद कर देना चाहिए कि कार्बन उत्सर्जन, समुद्र स्तर में वृद्धि, चरम मौसम की स्थिति जैसे मुद्दे उनके जीवनकाल में उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रभावित नहीं करेंगे, बल्कि ये केवल वैज्ञानिकों और मीडिया में आई खबरों में उठाए गए अकादमिक मुद्दे हैं।

# 2025 में अर्थव्यवस्था कमजोर रहने की आशंका

एजेंसी

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था के थोड़ा कमजोर रहने की आशंका है।

जॉर्जीवा ने कहा कि उन्हें इस साल दुनिया में मुख्य रूप से अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर काफी अनिश्चितता नजर आने की संभावना दिख रही है। उन्होंने शुक्रवार को अपनी वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में कहा कि वर्ष 2025 में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहने की संभावना है लेकिन इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं देखने को मिलेंगी। जॉर्जीवा ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में थोड़ा कमजोर होने की आशंका भी जताई। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कुछ अधिक नहीं बताया। विश्व अर्थव्यवस्था परिदृश्य पर आने वाली रिपोर्ट में इस बारे में अधिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारी अपेक्षा से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, यूरोपीय संघ (ईयू) कुछ हद तक रुका हुआ है, (और) भारत थोड़ा कमजोर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ब्राजील कुछ हद तक उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। जॉर्जीवा ने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में मुद्रास्फीति कम होने से पैदा होने वाले दबाव और घरेलू मांग को लेकर जारी चुनौतियों की स्थिति नजर आ रही है। जॉर्जीवा ने कहा, निम्न आय वाले देश अपने सभी प्रयासों के बावजूद ऐसी स्थिति में हैं, जहां कोई भी नया झटका उन पर काफी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा, आशंका है कि 2025 में आर्थिक नीतियों के मामले में काफी अनिश्चितता रहेगी। आश्चर्य की बात नहीं है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आकार और भूमिका को देखते हुए आने वाले प्रशासन के नीतिगत कदमों, खासकर शुल्क, कर, विनियमन एवं सरकारी दक्षता को लेकर वैश्विक स्तर पर गहरी दिलचस्पी है।



## पेज एक का शेष

### दिल्ली चुनाव

से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा।

### पूरे देश

में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की। सीएम ने अशोक सिंहल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। धैर्य की अग्निपरीक्षा देता हुए हर भारतवासी गुजरा, लेकिन ध्येय एक ही रहा कि प्रभु विराजमान हों मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। 22 दिसंबर 1949, रामलला का अपनी जन्मभूमि में प्रकटीकरण होना, इस पूरी लड़ाई की पृष्ठभूमि को आगे बढ़ाता हुआ आज इन स्थितियों में पहुंचा कि प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष के उपरांत आज मंगलगान के साथ अभिभूत होकर हम सभी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। इसके उपरांत भी अनेक तिथियां आईं, जिस पर न्यायसंगत तरीके से मर्यादा के अनुसार धैर्य की अग्निपरीक्षा देते हुए हर भारतवासी गुजरा, लेकिन ध्येय सबका रहा कि प्रभु श्रीरामलला विराजमान हों। सीएम ने कहा कि इसका शुभारंभ 9 नवंबर 2019 को हुआ, जब न्यायपालिका ने सर्वसम्मत से निर्णय सुनाया कि अयोध्या में जहां विवादित ढांचा था, वह रामजन्मभूमि है। वहां ट्रस्ट गठित करते हुए प्रभु के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। 5 अगस्त 2020 को इसी अयोध्या धाम में आकर पीएम मोदी ने प्रभु रामलला के भव्य राममंदिर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) के दिन पीएम मोदी ने देश भर से आए हर तबके के नेतृत्ववर्ग की उपस्थिति व संतों के सानिध्य में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए रामलला को उनकी जन्मभूमि में प्रतिष्ठित कराने का कार्य किया था।

सीएम ने कहा कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत औसतन प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या धाम में हो रहा है। आज अयोध्या जिस रूप में है, वह किसी से छिपी नहीं है। दस वर्ष पहले किसी ने अयोध्या के बारे में नहीं सोचा था कि इसे इसका अधिकार प्राप्त होना चाहिए। 2014-2017 के पहले अयोध्या को बमुश्किल तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता रहता था। हजारों वर्ष पहले लंका पर विजय प्राप्त करने के उपरांत भगवान पुष्पक विमान से अयोध्या पधारे थे। हजारों वर्ष बाद भी अयोध्या में एयरपोर्ट नहीं था, लेकिन आज अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। अयोध्या की सड़कें (फोरलेन, सिक्सलेन) त्रेतायुग का स्मरण करा रही हैं। सरयू मैया के घाट अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। राम की पैड़ी में अब सरयू जी का जल सड़ता नहीं। सीएम ने कहा कि अयोध्या अब अयोध्या होने का अहसास कराती है। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन चुकी है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है तो नए उत्तर प्रदेश की नई अयोध्या अपने तीर्थ होने के गौरव के साथ पूरे देश को अपने साथ जोड़ रही है। यह एक दिन में नहीं हुआ, इसके लिए लंबे संघर्ष को बढ़ाना पड़ा। दर्जनों पीढ़ियां चली गईं, लेकिन एक ही कामना थी कि अयोध्या में प्रभु रामलला को विराजमान होता देख सकें। कई संत व भक्त अधूरी कामना लिए चले गए, लेकिन उनका संकल्प दृढ़ था। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि इन तिथियों को आंखों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उन अनगिनत रामभक्तों, कारसेवकों व पूज्य संतों के ऋणी हैं, जो संघर्ष के साथ अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरते हुए भी अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। 1528 से छह दिसंबर 1992 तक हर 15-20 वर्ष के अंतराल में हिंदू समाज अपनी जन्मभूमि को वापस प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य और संघर्ष करता रहा। जिस भाषा में शासन तंत्र समझता रहा, उस भाषा में समझाने का कार्य करता रहा। हर किसी का एक ही ध्येय था कि राममंदिर का निर्माण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कोई भी अयोध्या आता है तो अभिभूत होकर जाता है। पांच, दस वर्ष पहले जिसने अयोध्या देखी होगी, वह अब देखकर कहता है कि यह त्रेतायुग का अहसास करा रही है। सीएम ने कहा कि चार वर्ष के दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने न दिन देखा, न रात। धूप देखी न बरसात। बिना किसी की परवाह किए इनका केवल एक ही ध्येय रहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़ने के साथ मंदिर को भव्य स्वरूप देना। कोटि-कोटि रामभक्तों के अनुरूप यहां व्यवस्था दी गई। न्यास अहर्निश लगकर कार्य कर रहा है। पूरा परिसर एक बार भव्य रूप में आ जाएगा तो सनातन धर्म के धार्मिक स्थलों को किस रूप में भव्य होना चाहिए, वह दृश्य दिखेगा। श्रीराम जन्मभूमि का यह भव्य मंदिर सनातन धर्म के सभी स्थलों के लिए नई प्रेरणा का केंद्रबिंदु बनने वाला है। सीएम ने कहा कि समाज बंटा था तो देव स्थल अपमाानित हो रहे थे। जाति व अन्य वादों के आधार पर विभाजित रहेंगे तो अपमानजनक स्थितियों का निरंतर सामना करना पड़ सकता है। एकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्रीय एकात्मकता के साथ कार्य करने के संकल्प के साथ हम जुड़ेंगे। राष्ट्रीय एकात्मता की कड़ी मजबूत होगी तो सनातन धर्म, देश और हम सब भी मजबूत होंगे, लेकिन देश विभाजित या कमजोर होगा और हम जातीयता, क्षेत्र-भाषाई आधार पर विभाजित होंगे तो इसका खामियाजा सबसे पहले धर्मस्थलों, बहन-बेटियों को भुगतना पड़ेगा। सीएम ने कहा कि 13 जनवरी से प्रयागराज की धरती पर महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है। अयोध्या जैसी भव्य सुविधा प्रयागराज में प्राप्त होने वाली है। प्रयागराज महाकुम्भ भव्यता-दिव्यता, आस्था व आधुनिकता के संगम के रूप में देखने को मिल रहा है। सीएम ने सभी से अनुरोध किया कि एक बार जाकर त्रिवेणी में स्नान कीजिए और सनातन धर्म के बढ़े गौरव का मूर्त रूप देखकर आइए। इस अवसर पर महंत दिनेंद्र दास जी महराज, धर्मदास जी महाराज, ज्ञानी गुरजीत सिंह, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री सचिव चंपत राय, विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी दिनेश, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, अमित सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में भी किया दर्शन-पूजनः मुख्यमंत्री ने लखनऊ निकलने से पूर्व संकटमोचन हनुमानगढ़ी के दरबार में भी हाजिरी लगाई। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की।

### रामलला के

का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले 4 जनवरी को भी अयोध्या आए थे। उस दिन उन्होंने भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक की, फिर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की थी।

### साथ रहने के

कारण है। न्यायालय ने कहा इस संबंध में कोई सख्त नियम नहीं हो सकता और यह निश्चित रूप से प्रत्येक विशेष मामले में प्राप्त होने वाले विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए। पीठ ने यह आधिकारिक फैसला झारखंड के एक अलग रह रहे दंपति के मामले में दिया जिनका विवाह एक मई 2014 को हुआ था, लेकिन अगस्त 2015 में अलग हो गए। पति ने दाम्पत्य अधिकारों की बहाली के लिए रांची में पारिवारिक अदालत का रुख किया और दावा किया कि पत्नी ने 21 अगस्त 2015 को ससुराल छोड़ दिया और उसे वापस लाने के बार-बार प्रयासों के बावजूद वह वापस नहीं लौटी।

### डार्क वेब

कुल 24 लाख किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए - जो पिछले दशक की तुलना में सात गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि 2004-2014 में 8,150 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ नष्ट किया गया, जबकि 2014-2024 में 54,851 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ नष्ट किया गया- जो पिछले दशक की तुलना में आठ गुना अधिक है। एनसीबी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य मादक पदार्थ की तस्करी की बढ़ती चिंता और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव का समाधान करना है, जिसमें उत्तर भारत के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शाह ने शनिवार से 25 जनवरी तक चलने वाले मादक पदार्थ विनष्टिकरण पखवाड़े का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान 8,600 करोड़ रुपये मूल्य के एक लाख किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जाएगा।

### युवाओं को अब

देश में काम कर रहे हैं। आज भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। सिंह ने समारोह में 25 मेधावियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण-पत्र और उपाधियां प्रदान कीं। इसके अलावा, दीक्षांत समारोह में तीन सत्रों के 275 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल के साथ प्रमाण-पत्र और उपाधियां दी गईं। करीब चार हजार विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उपाधियां वितरित की गईं।

### तीन आतंकवादी

मैगजीन और एक वाहन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने यह भी कहा कि आगे की जांच के आधार पर और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### 2047 तक

से प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकॉट्रॉपिक पदार्थ, अधिनियम) के अंतर्गत नशे में संलग्न अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नशे की जद में आये हुए लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए जनपद में पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है। नशे के सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान किए गए हैं। नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला मंगल दलों और युवा मंगल दलों को भी साथ लेते हुए विशेष जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। दुरुस्त क्षेत्रों तक जन-जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। कारागारों और विद्यालयों में काउंसलरों की नियुक्ति की गयी है। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। विगत वर्ष में 2183 जागरूकता रैली, 1050 गोष्ठियां, 75 नुक्कड़ नाटक और 10 मैराथन इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राओं और लोगों को सीधे तौर पर जागरूक किया गया। सरकार, विभागों और विभिन्न संस्थाओं के संस्थागत और व्यक्तिगत दोनों तरह के प्रयासों और समन्वय से नशामुक्ति के विरुद्ध वर्तमान समय में भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

### कन्नौज रेलवे

मजदूरों के दबे होने की आशंका है। इस घटना के बाद तत्काल बचाव अभियान शुरू क किया गया और छह घायल मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल भेजा गया है। इस घटना में अब तक कुल 23 लोग घायल हुए हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत गिरने की घटना की जांच शुरू की गई है। वैष्णव ने यहां कहा ये बहुत दुखद घटना हुई है और तत्काल कार्रवाई की गई। मामले में एक जांच समिति भी गठित की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे ने कहा कि उसने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। घटनास्थल से प्राप्त प्रारंभिक दृश्यों में अफरा-तफरी और भ्रम का माहौल दिखाई दे रहा था, जहां लोगों की भीड़, धूल और टूटी हुई बीम के बीच फंसे हुए लोगों को बचाने का प्रयास कर रही थी।

# आप सरकार को उखाड़ फेंकेंगी झुग्गियां

## गरीबों के लिए किसी भी कल्याणकारी योजना को बंद नहीं किया जायेगा : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में आप-दा सरकार को उखाड़ फेंक कर झुग्गी वासी दिल्ली के मुक्तिदाता बनेंगे और भरोसा दिलाया कि यदि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाती है तो गरीबों के लिए किसी भी कल्याणकारी योजना को बंद नहीं किया जाएगा।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने वादा किया कि भाजपा के चुनाव जीतने पर प्रत्येक झुग्गी वासी को एक आवास मुहैया किया जाएगा। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होना है और मतगणना आठ फरवरी को होगी। शाह ने अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ पर जय श्री राम के जोरदार उद्घोष के साथ उपस्थित लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, जब हमने राम मंदिर की बात की




तो केजरीवाल ने कहा कि शौचालय बनाने की जरूरत है, जब अनुच्छेद 370 को हटाया गया तो उन्होंने कहा कि लोगों को घर चाहिए। मोदी जी ने गरीबों को शौचालय के साथ-साथ घर भी दिया, केजरीवाल ने नहीं। केंद्रीय गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अपने 10 साल के शासन में आम आदमी पार्टी (आप) आप-दा साबित हुई है। उन्होंने आप सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झुग्गी वासियों को धोखा देने और उन्हें झुग्गियों में दयनीय स्थिति में रहने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। शाह ने शहर की झुग्गी बस्तियों में पेयजल और सीवर की कमी तथा कूड़े के ढेर का हवाला देते हुए कहा, झुग्गीवासी दिल्ली के मुक्तिदाता बनेंगे और आप-दा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता ने केजरीवाल पर उनके इस दावे के लिए हमला बोला कि पार्टी ने दिल्ली चुनाव के लिए अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर रमेश बिधूड़ी के नाम को अंतिम रूप दे दिया है। शाह ने कहा, क्या केजरीवाल भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि आप सुप्रीमो की जोड़-तोड़ को दिल्ली की जनता समझ चुकी है।

शाह ने कहा, झूठ, विश्वासघात और वादों से मुकरना केजरीवाल के गुण हैं। उन्होंने आप नेता पर दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में शौचालयों के बजाय शीश महल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में झुग्गी वासियों को पेश आने वाली सभी समस्याओं और मुद्दों का समाधान भाजपा के घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हर झुग्गीवासी को पक्का मकान मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पहले कही गई बात को दोहराना चाहता हूं कि गरीबों के लिए कोई भी कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में होंगे शामिल

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेंगे और पूरा दिन इसमें शामिल प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे। यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके (प्रधानमंत्री के) प्रयासों का हिस्सा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है, जो स्वामी विवेकानंद की जयंती है।



एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी पूरे भारत के 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। मोदी ने एक्स पर कहा कि वह पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ बिताएंगे और बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान वे विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से उनकी मुलाकात होगी उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून दिखाया है। बयान में कहा गया है कि इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह बिना किसी राजनीतिक संबद्धता वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के अपने विचारों को साकार करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के मोदी के आह्वान के अनुरूप है। मोदी ने यह आह्वान स्वतंत्रता दिवस पर किया था। इसमें कहा गया है कि मोदी देश के भावी नेताओं को प्रेरित करने, प्रेरणा देने और सशक्त बनाने के लिए तैयार की गईं कई गतिविधियों में भाग लेंगे।

बयान में यह भी कहा गया है, नवोन्मेषी युवा नेता प्रधानमंत्री के समक्ष भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण 10 अहम विषयगत क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 10 पावरपॉइंट प्रस्तुतियां देंगे। ये प्रस्तुतियां भारत की कुछ सबसे ज्वलंत चुनौतियों का समाधान करने के लिए युवा नेताओं द्वारा प्रस्तावित नवीन विचारों और समाधानों को दर्शाएंगी।

## संक्षेप

### पाकिस्तान में सड़क हात्सा में नौ की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक बस और एक अन्य वाहन के बीच हुई टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना करक जिले के अम्बेरी कल्ले चौक पर सिंधु राजमार्ग पर हुई, जिसमें एक वाहन और एक यात्री बस के बीच टक्कर हो गई। इसने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने दुर्घटना में नौ यात्रियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्घटना में घायल यात्रियों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। **वहीं दूसरे ओर**

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक गांव में शनिवार को घर के अंदर रखे पटाखों में विस्फोट होने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गयी। मृतकों में चार महिलाएं और एक नाबालिग बच्चा शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर मंडी बहाउद्दीन के फलिया में घटी। घर में रखी आतिशबाजी सामग्री में आग लग गई और विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि आतिशबाजी बनाकर जीविका चलाने वाले इस परिवार के सात सदस्य घायल हो गए।

# पुणे-नासिक रेलवे परियोजना के लिए जीएमआरटी को हम नहीं छेड़ेंगे : वैष्णव

एजेंसी

पुणे। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि आगामी पुणे-नासिक रेल परियोजना के चलते विशाल मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र विकल्प रेलवे परियोजना के तहत उसके मार्ग में बदलाव करना है।

जीएमआरटी पुणे से लगभग 60 किमी दूर, पुणे-नासिक राजमार्ग पर नारायणगांव के पास खोडाड गांव में स्थित है। अनुसंधानकर्ताओं ने पुणे-नासिक सेमी-हाई-स्पीड रेल परियोजना को केंद्र से सैद्धांतिक मंजूरी मिल जाने के बाद इस वैज्ञानिक केंद्र के संचालन में संभावित व्यवधान की आशंका व्यक्त की है।

हाल में राकांपा के सांसद अमोल कोल्हे ने इस रेलवे परियोजना की खातिर जीएमआरटी को अन्यत्र ले जाने का प्रस्ताव रखा। वैष्णव ने यहां सीडैक में प्रेसवार्ता में कहा, नासिक और पुणे के बीच स्थित जीएमआरटी इस परियोजना के लिए एक चुनौती थी। यह बस भारत के लिए दूरबीन भर नहीं है, बल्कि यह 23 देशों की भी है।

# रुपये की गिरावट के टूटे सारे रिकॉर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुजरात का मुख्यमंत्री रहने के दौरान दिए गए एक

**❍ प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए: प्रियंका गांधी**

बयान का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। उन्होंने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में जब एक डॉलर की कीमत 58-59 रुपये



थी, तब नरेन्द्र मोदी जी रुपये की कीमत को सरकार की आबरू से जोड़ते थे। वह कहते थे, मुझे सब मालूम है। किसी देश की करेंसी ऐसे गिर नहीं सकती। कांग्रेस नेता ने कटाक्ष किया, आज वह खुद प्रधानमंत्री हैं और रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उन्हें देश की जनता को जवाब देना चाहिए।

# रूस पर प्रतिबंध लगाने से यूक्रेन को मिलेगी मदद

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका ने रूस पर बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए हैं ताकि यूक्रेन को अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने और मॉस्को के खिलाफ लड़ने में मदद मिल सके। डोनाल्ड ट्रंप को कमान सौंपने से दस दिन पहले, बाइडन प्रशासन ने शुक्रवार को उन कंपनियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए जो ऊर्जा, खास तौर पर गैस के निर्यात में रूस की मदद करती हैं।

इनमें से दो कंपनियां भारत की हैं। प्रतिबंध से संबंधित सूची में कहा गया है कि दो भारतीय कंपनियों स्काईहार्ट मैनेजमेंट सर्विसेज और एविजन मैनेजमेंट सर्विसेज पर पाबंदी लगाई गई है। बाइडन ने एक सवाल के जवाब में कहा, ये प्रतिबंध इसलिए लगाए गए हैं क्योंकि इनका रूसी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा तथा पुतिन के लिए युद्ध लड़ना और भी मुश्किल हो जाएगा। बाइडन ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, हो सकता है कि गैस की कीमतें 0.03 से 0.04 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन तक बढ़ जाएं, लेकिन इससे रूस की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बाइडन ने व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरा मानना है कि पुतिन इस समय मुश्किल स्थिति में हैं। मुझे लगता है कि यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि उन्हें उन भयानक कार्यों को करने के लिए कोई



मौका न मिले जो वह लगातार कर रहे हैं। उनके सामने आर्थिक समस्याएं हैं, राजनीतिक समस्याएं हैं। वहीं दूसरी ओर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पांच दिन पहले बुधवार को ओवल ऑफिस से विदाई भाषण देंगे। बीस जनवरी को पद छोड़ने से पहले यह राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिकियों और दुनियाभर के लोगों के लिए बाइडन का अंतिम भाषण होगा, जो रात आठ बजे आरंभ होगा। वह सोमवार को विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल की विदेश नीति पर केंद्रित एक भाषण देंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन जीन-पियरे ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि बाइडन सोमवार को अपने भाषण में 50 से अधिक वर्षों के अपने सार्वजनिक जीवन पर बात करेंगे। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच हुई डिबेट में बाइडन (82) का प्रदर्शन कुछ खास नहीं था।

# इंडोनेशिया व जापान करेंगे रक्षा संबंधों को मजबूत

एजेंसी

बोगोर (इंडोनेशिया)। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान दोनों देशों ने शनिवार को आर्थिक और रक्षा संबंधों को गहरा करने का संकल्प लिया। इशिबा मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात के बाद शुक्रवार को कुआलालंपुर से जकार्ता पहुंचे।

दोनों देशों की उनकी यात्रा का उद्देश्य दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है, क्योंकि इस महीने के अंत में



डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद इस क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति कम हो सकती है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने जकार्ता के बाहर स्थित बोगोर राष्ट्रपति भवन में इशिबा का स्वागत किया। उनके साथ इंडोनेशिया के पारंपरिक परिधान पहने स्वागतकर्ता मौजूद थे तथा सैन्य बैंड ने दोनों देशों के राष्ट्रगान के धुन बजाए।

# आबकारी नीति पर कैग रिपोर्ट ने केजरीवाल की खोली पोल : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के कारण 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान व्यक्त किया है और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने अपनी गलतियों को छिपाने के लिए रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं किया है।

भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैग रिपोर्ट में इस नीति के बारे में 10 प्रमुख निष्कर्ष निकाले हैं, जिसे आप सरकार ने विवाद के बीच रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस नीति पर उठाए गए सवालों का जवाब देना होगा। ठाकुर ने कहा, उन्हें बताना होगा कि पैसा किसकी जेब में गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल इस घोटाले के सरगना हैं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दावा किया कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति पर कैग की रिपोर्ट ने जानबूझकर की गई चूक को उजागर किया है, जिससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## इंटरटेनमेंट...

# मूवी रिव्यू : एक्शन व इमोशनल का संतुलन, फर्स्टहाफ धीमा

**मुंबई**। सोनू सूद की फिल्म फतेह आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के जरिए सोनू सूद ने डायरेक्शन में भी डेब्यू किया है। फिल्म में सोनू सूद से साथ जैकलीन फर्नांडिस, नसीरुद्दीन शाह, शिव ज्योति राजपूत, विजय राज और दिब्येंदु भट्टाचार्य की अहम भूमिकाएं हैं। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 10 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इस फिल्म को 5 में से 3.5 स्टार रेटिंग दी है

फिल्म की कहानी सोनू सूद के किरदार फतेह के इर्द-गिर्द घूमती है। फतेह एक रिटायर्ड स्पेशल ऑप्स ऑफिसर है, जो पंजाब एक गांव मोगा में साधारण जीवन जी रहा है। वहां वो एक डेयरी फर्म में काम करता है, लेकिन जब एक मासूम लड़की साइबर क्राइम का शिकार होती है, तो वह अपराधियों से लड़ने के लिए अपने अतीत में लौटने को मजबूर हो जाता है। इस लड़ाई में एथिकल हैकर खुशी



(जैकलीन फर्नांडिस) उसकी मदद करती है। फिल्म की कहानी इंसाफ, वफादारी और आत्म-संघर्ष जैसे गहरे विषयों को छूती है। सोनू सूद ने फतेह के किरदार में जान डाल दी है। उनका आत्मविश्वास, इमोशनल गहराई और एक्शन की परफेक्ट टाइमिंग किरदार को विश्वसनीय बनाती है।

# करण को मेरे साथ मूवी करनी चाहिए, उन्हें अच्छा रोल दूंगी

**मुंबई**। कंगना रनोट इन दिनों फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वो करण जौहर के साथ किसी फिल्म में काम करेंगी। इस पर कंगना ने कहा- उनको मेरे साथ काम करना चाहिए, मैं उन्हें फिल्म में चुगलखोर का नहीं बल्कि अच्छा रोल दूंगी।

कंगना रनोट हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 15 में अपनी फिल्म इमरजेंसी के प्रमोशन के लिए गई थीं। इस दौरान कंटेस्टेंट मानुषी घोष ने कंगना से सवाल पूछा कि उनके और करण के बीच जो कोल्ड वॉर चल रही है, क्या उसके बाद वह करण के धर्मा प्रोडक्शन के लिए काम करना चाहेंगी। 17 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म इमरजेंसी। 'करण को मेरे साथ फिल्म करनी चाहिए, अच्छा रोल दूंगी'

इस सवाल के जवाब में कंगना ने



हंसते हुए कहा- आई एम सॉरी टु से लेकिन करण सर को मेरे साथ मूवी करनी चाहिए। मैं उन्हें बहुत अच्छा रोल दूंगी और बहुत अच्छी फिल्म बनाऊंगी। उस फिल्म में सास-बहू की चुगलीबाजी नहीं होगी। वो प्रॉपर फिल्म होगी और उन्हें प्रॉपर रोल मिलेगा।

# अदालत ने अभिनेता अल्लू अर्जुन की जमानत में दी ढील

हैदराबाद। अभिनेता अल्लू अर्जुन को बड़ी राहत देते हुए यहां की एक अदालत ने फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने के मामले में उनकी जमानत की शर्तों में ढील दी है और उन्हें हर रविवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने से छूट दे दी है। अदालत ने उन्हें इस शर्त के साथ निर्दिष्ट देशों की यात्रा करने की भी अनुमति दी कि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर चिक्कड़पल्ली पुलिस थाने के एसएचओ के समक्ष पेश होना होगा। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वह एसएचओ को अपनी यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दें तथा आरोप पत्र दाखिल होने तक गंतव्य देश में अपने ठहरने के स्थान का विवरण उपलब्ध कराएं।

# राम चरण की फिल्म गेम चेंजर ने दुनियाभर में कमाये 186 करोड़

नयी दिल्ली। तेलुगु फिल्मों के अभिनेता राम चरण की फिल्म गेम चेंजर ने रिलीज के पहले दिन वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 186 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजनीतिक एक्शन पर आधारित फिल्म गेम चेंजर शुक्रवार को सिनेमघारों में रिलीज हुई। फिल्म निर्माता एस शंकर ने इसका निर्माण किया है। प्रोडक्शन बैनर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने सोशल मीडिया मंच पर इस फिल्म के रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर हुई कमाई के आंकड़ों को साझा किया। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने बताया, सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म गेम चेंजर ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर शुरुआत की। इसने रिलीज के पहले दिन दुनिया भर में 186 करोड़ की कमाई की। फिल्म गेम चेंजर में अभिनेता राम चरण ने राम



नंदन का किरदार निभाया है, जो एक पूर्व आईपीएस अधिकारी है। राम नंदन जिलाधिकारी बन जाता है, लेकिन उसका स्वाभाव बहुत गुस्सैल होता है। वह अपने पिता अप्पन्ना के भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के सपने को कायम करने के लिए आंध्र प्रदेश की मुख्यमंत्री बोब्बिली मोपीदेवी सहित भ्रष्ट राजनेताओं से मुकाबला करते हैं। फिल्म में अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसके अलावा अंजलि, एस जे सूर्या, श्रीकांत, सुनील, जयराम और समुथिरकानी भी फिल्म में नजर आएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com